In accordance with RBI guidelines, the Bank has migrated to the Basel II framework, with the Standardised Approach for Credit Risk and Basic Indicator approach for Operational Risk w.e.f. March 31, 2008, having already implemented the Standardised Duration Method for Market Risk w.e.f. March 31, 2006.

In the realm of Information Technology, your Bank has implemented a secure, robust scalable WAN architecture network built with equipments owned by SBI, connecting 19,347 Branches/Offices and 25,005 ATMs of State Bank Group through leased lines, VSATs and CDMA technology. The State Bank Group crossed an important milestone of rolling out 25,000th ATM during the year. CBS roll out across the domestic branches is supported with a state-of-the-art centralized infrastructural setup, providing uninterrupted continuity of the Bank's operations. It facilitates the scalability for future growth, interfacing with multiple alternate channels, reduction in transaction costs, improved operating efficiency. Milestones of 52 million peak transactions in a day, 1,861 transactions per second and managing 258 million accounts have been achieved in recent months. Operatives have been provided with tools for on-line real time transaction verification. E-Trade – internet based front end application have been rolled out for corporate customers for processing various trade finance transactions.

Your Bank has been supporting sustainable growth through its Green Banking initiatives. Your Bank launched its 'Green Channel Counter' on the 1st July 2010, at select branches across the country, for reduction in paper usage as well as saving of transaction time. Windmills have been successfully commissioned in Maharashtra, Tamil Nadu and Gujarat and power thus generated is being wheeled to our branches/offices. Other energy efficient measures include installation of Solar ATMs. To encourage customers to reduce emission of Green House Gases your Bank has been extending project loans on concessionary interest rates, encouraging them to adopt efficient manufacturing practices through acquisition of latest technology. A pilot project to map its Carbon footprint levels has been launched by your Bank which will help in sustainable usage of energy in a cost effective way.

Your Bank's Associates and Subsidiaries continued to show robust growth. During the year, gross premium of SBI Life crossed the ₹ 12,000 crores mark and the company recorded a profit of ₹ 366 crores in FY'11, clocking an impressive yoy growth of 33% and raising its market share to 19.22% from 18% in FY'10. SBI Life received the NDTV Profit Business Leadership 2010-11 award for organisational excellence. SBI Capital Markets Ltd. posted a PAT of ₹ 374.72 crores during FY'11 against ₹ 137.12 crores in FY'10, a yoy growth of

इन्फ्रास्ट्रक्चर समूह की आय में 85% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के कारण हुई। मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि एसबीआई कैप्स को थॉमसन रॉयटर्स द्वारा लगातार दूसरे वर्ष ग्लोबल पीएफ लोन के लिए नंबर वन मैंडेटिड लीड अरेंजर, डीलॉजिक द्वारा लगातार दूसरे वर्ष ग्लोबल पीएफ लोन के लिए सर्वश्रेष्ठ मैंडेटिड लीड अरेंजर, थॉमसन रायटर्स द्वारा लगातार तीसरे वर्ष एशिया प्रशांत क्षेत्र का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ बैंक और आईएफआर एशिया द्वारा लगातार दूसरे वर्ष लोन हाउस आफ द इयर अवार्ड प्राप्त हुए।

पिछले तीन वर्षों में लगातार हानियाँ दर्ज करने के पश्चात एसबीआई कार्ड्स ने शानदार वापसी की और वित्त वर्ष 2011 में ₹ 7.10 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया। कंपनी सर्वाधिक विश्वसनीय क्रेडिट कार्ड ब्रांड रही। इसे रीडर्स डाइजेस्ट ट्रस्टेड ब्रांड्स सर्वे 2010 में निर्विवादित गोल्ड अवार्ड विजेता चुना गया। एसबीआई पेंशन फंड ने 31 मार्च 2011 को ₹ 3,764 करोड़ की प्रबंध अधीन आस्तियाँ (एयूएम) दर्ज की गईं और यह सरकारी और असंगठित क्षेत्र दोनों में क्रमश: 44% और 64% हिस्सेदारी के साथ प्रबंध अधीन आस्तियों के मामले में सबसे आगे रहा।

आपके बैंक ने अनेक अवार्ड हासिल किए। इनमें कुछ इस प्रकार हैं - एसबीआई होम लोन ने भारत में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले लोन में अपना अग्रणी स्थान बरकरार रखा और सीएनबीसी आवाज कंज्यूमर अवार्ड्स में वर्ष 2006 के बाद लगातार पांच वर्षों से इसे यह स्थान हासिल है । मोबाइल बैंकिंग क्षेत्र में आपके बैंक को जून 2010 में मोबाइल बैंकिंग और भुगतान समाधान में सूचना प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए प्रतिष्ठित आईडीआरबीटी अवार्ड प्राप्त हुआ। अन्य अवार्डों में ग्रीन एटीएम की स्थापना करने के लिए दि बैंकर पत्रिका द्वारा बैंकिंग टेक्नोलॉजी अवार्ड 2010, नेसकॉम सीएनबीसी आईटी यूजर अवार्ड 2010, वीज़ा 2009 ग्लोबल सर्विस अवार्ड बैंक के एटीएम सह-डेबिट कार्ड लेन-देन को पूरा करने में सबसे कम समय लेने के लिए, आईबीए टेक्नोलॉजी अवार्डों के अंतर्गत बेस्ट कस्टमर इनिशिएटिव और बेस्ट ऑनलाइन बैंकिंग अवार्ड दिया गया।

मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपके बैंक के निदेशक बोर्ड ने 31मार्च 2011 को समाप्त वर्ष के लिए भी ₹ 30 प्रति शेयर (300%) की दर से लाभांश की घोषणा की है।

भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर विकास दर में ऊर्जा का संचार कर नव जीवन प्रदान करने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में देखा जा रहा है। आपका बैंक भारत और विदेश दोनों में इस विकास के चलते उत्पन्न होने वाले वित्तपोषण के नए अवसरों के प्रति सजग रहेगा। इसके साथ साथ अपनी प्रमुख शक्तियों को लगातार बढ़ाने और नई से नई ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रयासरत रहेगा।

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ,

आपका,



(प्रतीप चौधरी)

172%, driven by an increase of 81% in fee income, and 85% yoy growth in revenue for infrastructure Group. I am happy to announce that SBI Caps was ranked No. 1 Mandated Lead Arranger for Global PF Loan for the second successive year by Thomson Reuters, Mandated Lead Arranger Global PF Loans for second consecutive year by Dealogic, Bank of the Year award for Asia Pacific for third consecutive year by Thomson Reuters and Loan House of the Year Award for the second consecutive year by IFR Asia.

After recording continuous losses for preceding three years, SBI Cards has scripted an impressive turnaround and posted a net profit of ₹ 7.10 crores in FY'11. The company remained the most trusted credit card brand by being the undisputed Gold Award winner in the Reader's Digest Trusted Brands Survey 2010. SBI Pension Fund recorded AUM of ₹ 3,764 crores as on 31st March 2011 and remained the leader in both Government and unorganised sector in respect of AUM with a share of 44% and 64% respectively.

Your Bank has received several awards. To name a few, SBI Home Loan has maintained its position as India's "Most Preferred Home Loan" brand in CNBC-Awaaz consumer awards continuously for five years since 2006. In the Mobile Banking space, in June 2010 your Bank received the Prestigious IDRBT award for 'Best use of technology for mobile banking and payment application.' Other awards include The Banker - Innovation in Banking Technology Award 2010 for GREEN ATM installation, the NASSCOM CNBC IT User Award 2010, VISA 2009 Global Service Award under which the Bank's ATM cum debit card was declared to have the lowest transaction response time, and IBA Technology Award: Best Customer Initiative and Best Online Banking.

I am happy to announce that the Board of Directors of your Bank has declared a dividend @ ₹ 30 per share (300%) for the year ended 31st March 2011 also.

Going forward, the Indian economy is seen as one of the engines powering growth and reshaping the global landscape. Your Bank will remain alert to the new opportunities for financing this growth both in India and abroad, while at the same time continuing to consolidate and build on its core competencies.

With warm regards,

Yours sincerely,



(PRATIP CHAUDHURI)

निदेशकों की रिपोर्ट

प्रबंधन विवेचन और विश्लेषण

आर्थिक पृष्ठभूमि और बैंकिंग परिवेश

भारतीय अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट आई है और सूझबूझ से किए गए प्रयासों के कारण वर्ष 2007-09 के वैश्विक संकट के बुरे प्रभाव से उबर चुकी है। जीडीपी में वित्त वर्ष 2009 में 6.8% और वित्त वर्ष 2010 में 8.0% की वृद्धि के मुकाबले वित्त वर्ष 2011 में 8.5% की वृद्धि हुई । कृषि क्षेत्र में जबरदस्त सुधार दिखाई दिया और इसमें वित्त वर्ष 2011 में 6.6% की वृद्धि हुई जबकि वित्त वर्ष 2010 में 0.4% की मामूली सी वृद्धि हुई थी। जीडीपी की ऊंची विकास दर में भी कृषि क्षेत्र का प्रमुख योगदान रहा।

औद्योगिक विकास भी कुल मिलाकर संतोषजनक रहा पर इसमें उतार-चढ़ाव होता रहा। वर्ष 2010-11 के दौरान औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 7.8% की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 10.5% की वृद्धि हुई थी, हालांकि वृद्धि दर अप्रैल 2010 में 16.6% से दिसंबर 2010 की 2.6% के बीच घटती-बढ़ती रही। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 12 महीनों में से चार महीनों के दौरान 10% से अधिक, पांच महीनों में 5% से कम और तीन महीनों में लगभग 7% रहा। उपभोक्ता वस्तुओं (20.9%), मध्यवर्ती वस्तुओं (8.8%) और पूँजीगत वस्तुओं (9.3%) में वित्त वर्ष 2011 में कुल औद्योगिक उत्पादन सूचकांक से उच्चतर वृद्धि दर्ज की गई परंतु विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर वित्त वर्ष 2010 की 8.8% की तुलना में वित्त वर्ष 2011 में 8.3% रह गई। जीडीपी में सेवा क्षेत्र का पांच में से लगभग तीसरा हिस्सा रहता है। इसकी वित्त वर्ष 2010 की 9.7% वृद्धि दर की तुलना में वित्त वर्ष 2011 में 9.2% वृद्धि दर रही। ऐसा मुख्यतया 'सामुदायिक, सामाजिक और वैयक्तिक सेवाओं' की वृद्धि दर नरम रहने के कारण हुआ। इसकी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2011 में 7.0% रही जबकि वित्त वर्ष 2010 में 11.8% रही थी। फिर भी, 'व्यापार, होटल, परिवहन और संचार' तथा 'वित्त, बीमा, रियल इस्टेट और व्यवसाय सेवा क्षेत्र' में वित्त वर्ष 2011 में उच्चतर वृद्धि क्रमश: 10.3% (वित्त वर्ष 2010 में 9.7%) और 9.9% (वित्त वर्ष 2010 में 9.2%) दर्ज हुई ।

विकसित देशों में वाणिज्यिक निर्यातों की विकास दर तेज रहने के चलते इनमें वित्त वर्ष 2011 में 37.6% की वृद्धि हुई जबकि आयातों में 21.6% की वृद्धि हुई जिससे व्यापार घाटा घटकर 104.8 बिलियन अमरीकी डॉलर के स्तर पर आ गया जो वित्त वर्ष 2010 के 109.6 बिलियन अमरीकी डॉलर स्तर से थोड़ा नीचे है। विदेशी विनिमय बाजार में क्रमिक उतार-चढ़ाव देखा गया और रुपया वित्त वर्ष 2011 के दौरान उछलकर ₹ 45.57 प्रति अमरीकी डॉलर पर आ गया जबकि वर्ष 2009-10 में औसतन ₹ 47.46 प्रति अमरीकी डॉलर पर रहा था। विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा वित्त वर्ष 2010 के 29.0 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में वित्त वर्ष 2011 में 29.4 बिलियन अमरीकी डॉलर की राशि का निवेश किया गया जो देश की अर्थव्यवस्था में सुधार का परिचायक है। वर्ष के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 26.4 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि हुई और यह 305.5 बिलियन अमरीकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया।

हालांकि विकास दर अच्छी रही पर खाद्यान्नों, ईंधन और पण्य वस्तुओं की ऊंची कीमतों के कारण मुद्रास्फीति चिंता का एक प्रमुख विषय बनी रही। अप्रैल से जून 2010 के दौरान मुद्रास्फीति के दो अंकों में सुर्खियों में बने रहने के बाद अगस्त 2010 में थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति घटकर 8.9% और नवंबर 2010 में फिर से घटकर 8.2% पर आ गई किंतु दिसंबर 2010 में यह स्थिति पलट गई और जरूरी खाद्य वस्तुओं तथा ईंधन की कीमतों के अचानक बढ़ जाने के कारण मुद्रास्फीति बढ़कर 9.4% तक पहुंच गई। अंत में, मार्च 2011 तक, वर्ष-दर-वर्ष थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति 9.02% पर आ गई जो मार्च 2010 के स्तर 10.36% से कम थी।

मुद्रास्फीति की चिंताजनक स्थिति के चलते भारतीय रिजर्व बैंक को 20 अप्रैल 2010 और 17 मार्च 2011 के बीच कठोर मौद्रिक नीति अपनानी पड़ी। इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो और रिवर्स रेपो दर में सात बार वृद्धि की। वर्ष के दौरान रेपो दर 175 आधार अंकों की वृद्धि करके 5.0% से 6.75%, रिवर्स रेपो दर 225 आधार अंकों की वृद्धि करके 3.50% से 5.75% कर दी गई और आरक्षित नकदी निधि अनुपात में 25 आधार अंकों की वृद्धि करके इसे 5.75% से 6.0% कर दिया गया। अक्तूबर 2010 में व्यस्ततम अवधि से कठोर मौद्रिक नीति अपनाने और ऋणों में अचानक वृद्धि होने से अर्थव्यवस्था में नकदी की स्थिति कठोर रही। नकदी पर दबाव कम करने और सभी क्षेत्रों के लिए पर्याप्त ऋणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने कई उपाय किए जैसे दूसरी नकदी समायोजन सुविधा शुरू करना, खुले बाजाार में प्रतिभूतियों का क्रय-विक्रय जिसमें ₹ 48,000 करोड़ मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियों की वापसी खरीद शामिल है और एसएलआर में कटौती करना, शुरू में 200 आधार अंकों की अस्थायी कटौती करके इसे 25% से 23% करना और बाद में दिसंबर 2010 में 100 आधार अंकों की स्थायी कटौती करके इसे 24% पर लाना।

इन सभी उपायों से बैंकिंग क्षेत्र में ऋण देने में सहायता मिली जो अखिल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक ऋणों में 21.5% की वृद्धि के रूप में परिलक्षित हुई। यह वृद्धि जमाराशियों में 15.9% की धीमी वृद्धि के बावजूद हुई। नीतिगत प्रभाव के चलते वर्ष के दौरान जमाराशियों और ऋणों दोनों की ब्याज दरों में वृद्धि हुई। बड़े बैंकों का पीएलआर

Directors' Report

Management Discussion And Analysis

Economic Backdrop and Banking Environment

The Indian economy is back on track and has recovered smartly from the aftermath of the global crisis of 2007-09. GDP grew by 8.5% in FY'11 from 6.8% in FY'09 and 8.0% in FY'10. Strong recovery in the agriculture sector, which rose by 6.6% in FY'11 against negligible growth (0.4%) in FY'10, has been the key underlying driver of higher GDP growth.

Industrial growth has been generally satisfactory but volatile. During 2010-11, the Index of Industrial Production (IIP) grew by 7.8% against 10.5% in the previous year though growth has ranged from 16.6% in April 2010 to 2.6% in December 2010. The growth rate of IIP remained above 10% in four out of twelve months, below 5% in five months, and around 7% in three months. However, consumer durables (20.9%), intermediate goods (8.8%) and capital goods (9.3%) recorded higher growth than overall IIP growth in FY'11, taking manufacturing sector growth to 8.3% in FY'11 against 8.8% in FY'10. The services sector, accounting for around three-fifth of GDP, grew by 9.2% in FY'11 against 9.7% in FY'10 largely due to moderation in 'Community, Social and Personal Services', which rose by 7.0% in FY'11 against 11.8% in FY'10. Nevertheless, 'Trade, Hotels, Transport & Communication' and 'Financing, Insurance, Real Estate & Business Services' registered higher growth of 10.3% (9.7% in FY'10) and 9.9% (9.2% in FY'10) respectively in FY'11.

With pickup in the growth momentum in developed countries, merchandise exports rose smartly by 37.6% in FY'11, while imports rose by 21.6%, shrinking the trade deficit to US $104.8 bn, slightly lower than US $109.6 bn in FY'10. The forex market experienced orderly movements and saw the Rupee move up from average ₹ 47.46 per US dollar in 2009-10 to ₹ 45.57 per US dollar during FY'11. Revival in the domestic economy was reflected in rise in net FII inflows of US $29.4 bn in FY'11 against US $29.0 bn in FY'10. During the year, India's foreign exchange reserves rose by US $26.4 bn to US $305.5 bn.

While the growth outlook remained robust, the year saw inflation emerge as a major concern driven by high food, fuel and commodity prices. After remaining in double digits from April to June 2010, headline WPI inflation came down to 8.9% in August 2010 and softened further to 8.2% in November 2010 but the trend reversed in December 2010 and inflation rose to 9.4% led by sudden spurt in prices of primary food articles and fuels. By end-March 2011, yoy WPI inflation stood at 9.02%, lower than 10.36% in March 2010.

Inflation concerns prompted RBI's tight monetary policy stance; between 20 April 2010 and 17 March 2011, RBI increased the Repo and Reverse Repo rate seven times. During the year, the Repo Rate was raised by 175 bps from 5.0% to 6.75%, Reverse Repo rate by 225 bps from 3.50% to 5.75% and the Cash Reserve Ratio was hiked by 25 bps from 5.75% to 6.0%. Monetary tightening and sharp credit growth beginning from the busy season in October 2010 saw liquidity conditions in the system remain tight. To ease pressure on liquidity and ensure adequate credit availability for all sectors, RBI introduced several measures including opening second LAF window, open market operations including buyback of government securities worth ₹ 48,000 crores and cut in SLR, initially temporary cut by 200 bps from 25% to 23% followed by a permanent reduction of 100 bps to 24% in December 2010.

All these measures supported bank lending which is reflected in the 21.5% rise in ASCB credit despite muted growth of 15.9% in deposits. Reflecting policy transmission, interest rates on both deposits and credit hardened during the year. While PLR of

वित्त वर्ष 2010 में 11.0-12.0% था जो 200 आधार अंक बढ़कर वित्त वर्ष 2011 में 13.0%-14.0% हो गया, इसी अवधि में 1-3 वर्ष वाली जमाराशियों की ब्याज दरें 6.0-7.50% से बढ़कर 7.75-9.50% हो गईं। वर्ष के दौरान एक अन्य महत्वपूर्ण घटना यह रही कि जुलाई 2010 से आधार दर व्यवस्था शुरू कर दी गई जिससे ब्याज दरें और अधिक पारदर्शी हो गईं। प्रारंभ में बड़े बैंकों की आधार दर 7.5-8.25% के बीच रही किंतु भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा कठोर मौद्रिक नीति अपनाए जाने के कारण यह मार्च 2011 तक बढ़कर 8.25%-9.50% पहुँच गई।

आईएमएफ के नवीन अनुमानों के अनुसार विश्व अर्थव्यवस्था में वर्ष 2010 में 5% की वृद्धि होने की संभावना है जो हाल के वर्षों में उच्चतम होगी। यद्यपि उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों की विकास दर दमदार रही और अमरीका और यूरो क्षेत्र वाले देशों में विकास दर तेज हो रही है, तथापि मध्य पूर्व और उत्तर अफ्रीका में संकट के कारण विश्व अर्थव्यवस्था में सुधार की गति अनिश्चित होती जा रही है। इसके अलावा, पहले से ऊंची खाद्यान्न और अन्य पण्य वस्तुओं की कीमतों पर तेल की कीमतों की वृद्धि की मार से मुद्रास्फीति की स्थिति और अधिक चिंताजनक हो गई है। विकास की चिंता दूर हुई तो मुद्रास्फीति और कठोर मौद्रिक नीति की स्थिति पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक हो गया। ऐसी स्थिति में देश कीमतों और वित्तीय स्थिरता से समझौता किए बिना उच्चतर विकास दर का लक्ष्य रखेंगे जिससे मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंकाओं के बीच संतुलन बनाए रखते हुए विकास दर भी बढ़ती रहे।

वित्तीय निष्पादन

लाभ

वर्ष 2010-11 के लिए बैंक का परिचालन लाभ ₹ 25,335.57 करोड़ रहा जबकि वर्ष 2009-10 में यह ₹ 18,320.91 करोड़ था । इस प्रकार इसमें 38.29 प्रतिशत की उत्कृष्ट वृद्धि दर्ज हुई। वर्ष 2010-11 के लिए बैंक को ₹ 8,264.52 करोड़ का निवल लाभ हुआ जबकि वर्ष 2009-10 में यह ₹ 9,166.05 करोड़ रहा था। इस प्रकार इसमें 9.84 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई।

यद्यपि निवल ब्याज आय में 37.41 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि अन्य आय में 5.72 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उच्चतर स्टाफ लागत और अन्य व्ययों के कारण परिचालन व्ययों में 13.27 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

लाभांश

बैंक ने पिछले वर्ष की तरह लाभांश ₹ 30/- प्रति शेयर (300%) की दर पर बरकरार रखा है।

निवल ब्याज आय

बैंक की निवल ब्याज आय में 37.41% की वृद्धि हुई और वर्ष 2010-11 में यह बढ़कर ₹ 32,526.41 करोड़ हो गई जबकि वर्ष 2009-10 में यह ₹ 23,671.44 करोड़ रही थी।

वर्ष के दौरान वैश्विक परिचालनों से सकल ब्याज आय ₹ 70,993.92 करोड़ से बढ़कर ₹ 81,394.36 करोड़ हो गई और इसमें 14.65% की वृद्धि दर्ज हुई। ऐसा मुख्यत: अग्रिमों एवं विनिधानों पर उच्चतर ब्याज आय होने के कारण हुआ।

अग्रिमों की राशि अधिक रहने से भारत में अग्रिमों पर ब्याज आय वर्ष 2010-11 में बढ़कर ₹ 56,960.97 करोड़ हो गई, जबकि वर्ष 2009-10 में यह ₹ 47,633.47 करोड़ थी। भारत में अग्रिमों पर औसत आय वर्ष 2009-10 के 9.66% से गिरकर वर्ष 2010-11 में 9.56% हुई। विदेश स्थित कार्यालयों के अग्रिमों पर ब्याज आय में 0.53% की मामूली सी वृद्धि हुई।

भारत में कोषीय परिचालनों में नियोजित संसाधनों से आय में 3.67% की वृद्धि हुई, जिसका मुख्य कारण नियोजित औसत संसाधनों की मात्रा और औसत आय में वृद्धि होना था। यह औसत आय, जो वर्ष 2009-10 में 6.52% थी, वर्ष 2010-11 में बढ़कर 7.02% तक हो गई।

वैश्विक परिचालनों का कुल ब्याज व्यय वर्ष 2009-10 में ₹ 47,322.48 करोड़ था, जो वर्ष 2010-11 में बढ़कर ₹ 48,867.96 करोड़ हो गया। भारत में जमाराशियों पर ब्याज व्यय में पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2010-11 के दौरान 0.21% की कमी आई, जबकि भारत में जमाराशियों के औसत स्तर में 9.99% की वृद्धि हुई थी। जमाराशियों की औसत लागत वर्ष 2009-10 के स्तर 5.80% से घटकर वर्ष 2010-11 में 5.26% रह गई।

गैर-ब्याज आय

वर्ष 2010-11 में गैर-ब्याज आय की राशि ₹ 15,824.59 करोड़ रही, जबकि वर्ष 2009-10 में यह ₹ 14,968.15 करोड़ थी। इस प्रकार इसमें 5.72% की वृद्धि दर्ज हुई।

वर्ष के दौरान, बैंक ने भारत और विदेश में स्थित अपने सहयोगी बैंकों/ अनुषंगियों और संयुक्त उद्यमों से लाभांश के रूप में ₹ 827.73 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 573.48 करोड़) प्राप्त किए।

परिचालन व्यय

ग्रेच्युटी एवं पेंशन के लिए उच्च प्रावधान करने और स्टाफ संख्या में वृद्धि होने से स्टाफ लागत में 13.53% की वृद्धि हुई और वर्ष

major banks rose by 200 bps from 11.0-12.0% in FY'10 to 13.0-14.0% in FY'11, rates for 1-3 year deposits rose from 6.0-7.50% to 7.75-9.50% in the same period. Another important development during the year was introduction of the Base Rate system from July 2010, bringing greater transparency in interest rates. Initially, base rate of major banks was in the range of 7.5-8.25% but following monetary tightening by RBI, this rose to 8.25-9.50% by March 2011.

Latest projections by IMF show that the global economy has grown by 5% in 2010, one of the highest in recent years. However, while growth in emerging market economies remains strong and growth in the US and the Euro area is gaining momentum, the sharp increase in oil prices as a result of the turmoil in the Middle East and North Africa is adding uncertainty to the pace of global recovery. Further, coming on top of already elevated food and other commodity prices, the spike in oil prices has engendered inflation concerns. With growth worries fading, the focus has shifted to inflation and policy tightening. So going forward, countries will aim to achieve higher growth without compromising on price and financial stability thus balancing inflation expectations and maintaining growth momentum.

Financial Performance

Profit

The Operating Profit of the Bank for 2010-11 stood at ₹ 25,335.57 crores as compared to ₹ 18,320.91 crores in 2009-10 registering an excellent growth of 38.29%. The Bank has posted a Net Profit of ₹ 8,264.52 crores for 2010-11 as compared to ₹ 9,166.05 crores in 2009-10 registering a decline of 9.84%.

While Net Interest Income recorded a growth of 37.41%, the Other Income increased by 5.72%, Operating Expenses increased by 13.27% attributable to higher staff cost and other expenses.

Dividend

The Bank has maintained dividend @ ₹ 30.00 per share (300%) as paid in the last year.

Net Interest Income

The Net Interest Income of the Bank registered a growth of 37.41% from ₹ 23,671.44 crores in 2009-10 to ₹ 32,526.41 crores in 2010-11. This was due to growth in interest income on advances and investments.

The gross interest income from global operations rose from ₹ 70,993.92 crores to ₹ 81,394.36 crores during the year registering a growth of 14.65%. This was mainly due to higher interest income on advances and investments.

Interest income on advances in India registered an increase from ₹ 47,633.47 crores in 2009-10 to ₹ 56,960.97 crores in 2010-11 due to higher volumes. The average yield on advances in India decreased from 9.66% in 2009-10 to 9.56% in 2010-11. Interest income on advances at foreign offices has grown moderately by 0.53%.

Income from resources deployed in Treasury operations in India increased by 3.67% mainly due to higher average resources deployed and increase in average yield. The average yield, which was 6.52% in 2009-10, has increased to 7.02% in 2010-11.

Total interest expenses of global operations increased from ₹ 47,322.48 crores in 2009-10 to ₹ 48,867.96 crores in 2010-11. Interest expenses on deposits in India during 2010-11 recorded a decrease of 0.21% compared to the previous year, whereas the average level of deposits in India grew by 9.99%. The average cost of deposits has declined from 5.80% in 2009-10 to 5.26% in 2010-11.

Non-Interest Income

Non-interest income stood at ₹ 15,824.59 crores in 2010-11 as against ₹ 14,968.15 crores in 2009-10 registering a growth of 5.72%.

During the year, the Bank received an income of ₹ 827.73 crores (₹ 573.48 crores in the previous year) by way of dividends from Associate Banks/ subsidiaries and joint ventures in India and abroad.

Operating Expenses

There was an increase of 13.53% in the Staff Cost from ₹ 12,754.65 crores in 2009-10 to ₹ 14,480.17 crores in 2010-11 attributable to higher gratuity and pension

2010-11 में इसकी राशि ₹ 14,480.17 करोड़ रही जबकि 2009-10 में यह ₹ 12,754.65 करोड़ रही थी। स्टाफ लागत में अतिरिक्त पेंशन प्रावधान से संबंधित ₹ 2,473.00 करोड़ की राशि और ग्रेच्युटी निधि में किए गए अतिरिक्त अंशदान से संबंधित ₹ 1,565.00 करोड़ की राशि शामिल है जबकि पिछले वर्ष में यह राशि क्रमश: ₹ 1,997.64 करोड़ और ₹ 46.41 करोड़ रही थी। पूर्ववर्ती वर्षों की देयताओं के संबंध में ₹ 7,927.41 करोड़ की अतिरिक्त पेंशन लागत को भारतीय रिज़र्व बैंक की विशेष अनुमति के अनुसार 'रिज़र्व अकाउंट' से वहन किया गया है।

अन्य परिचालन व्ययों में भी 12.84 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसका मुख्य कारण भाड़े, करों और बिजली, विज्ञापन एवं प्रचार, बैंक की संपत्तियों पर मूल्यह्रास, कानूनी शुल्क, डाक, तार एवं टेलीफोन, मरम्मत और अनुरक्षण, बीमा और विविध व्ययों में वृद्धि होना था।

परिचालन व्यय जिसमें स्टाफ लागत और अन्य परिचालन व्यय शामिल हैं, में पिछले वर्ष की तुलना में 13.27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई।

प्रावधान और आकस्मिकताएं

वर्ष 2010-11 के दौरान किए गए प्रावधानों की प्रमुख राशियां निम्नानुसार रहीं :

- विनिधानों पर मूल्यह्रास के संबंध में ₹ 646.75 करोड़ का प्रावधान किया गया। (जबकि वर्ष 2009-10 में विनिधानों पर मूल्यह्रास से संबंधित प्रतिलेखन की राशि ₹ 968.59 करोड़ रही थी)। इसमें परिपक्वता के लिए रोककर रखे गए' श्रेणी पर प्रीमियम के परिशोधन को शामिल नहीं किया गया।
- ₹ 976.82 करोड़ के आस्थगित कर रिवर्सल को छोड़कर कर प्रावधान के लिए ₹ 5,709.54 करोड़ (वर्ष 2009-10 में ₹ 1,407.75 करोड़ रुपए के आस्थगित कर जमा को छोड़कर ₹ 6,166.63 करोड़ था)।
- ₹ 8,792.09 करोड़ (राइट बैक को छोड़कर) अनर्जक आस्तियों के लिए (वर्ष 2009-10 में ₹ 5,147.85 करोड़ था)।
- मानक आस्तियों के लिए ₹ 976.60 करोड़ (वर्ष 2009-10 में ₹ 80.06 करोड़)। वर्तमान वर्ष के प्रावधानों सहित मानक आस्तियों (देशी कार्यालय) पर किए गए कुल प्रावधान की राशि ₹ 3,336.08 करोड़ थी।

आरक्षित निधियाँ एवं अधिशेष

- ₹ 2,479.36 करोड़ (वर्ष 2009-10 में ₹ 6,381.09 करोड़) की राशि सांविधिक आरक्षित निधियों में अंतरित की गई।
- ₹ 9.61 करोड़ (वर्ष 2009-10 में ₹ 114.05 करोड़) की राशि पूंजी आरक्षित निधि में अंतरित की गई।
- ₹ 2,729.87 करोड़ (वर्ष 2009-10 में ₹ 529.51 करोड़) की राशि अन्य आरक्षित निधियों में अंतरित की गई।
- भारतीय रिज़र्व बैंक की विशेष अनुमति से पूर्ववर्ती वर्षों की देयताओं के संबंध में अतिरिक्त पेंशन लागत से संबंधित ₹ 7,927.41 करोड़ की राशि को सांविधिक आरक्षित खाते से अंतिरित किया गया है।

तालिका : प्रमुख निष्पादन संकेतक

संकेतक	भारतीय स्टेट बैंक		एसबीआई समूह	
	2010-11	2009-10	2010-11	2009-10
औसत आस्तियों पर आय (%)	0.71	0.88	0.70	0.88
ईक्विटी पर आय (%)	12.84	14.04	12.92	14.24
आय की तुलना में व्यय (%)				
(कुल निवल आय की तुलना में परिचालन व्यय)	47.60	52.59	58.32	63.10
प्रति शेयर मूल अर्जन (₹)	130.16	144.37	168.28	184.82
प्रति शेयर न्यूनीकृत आय (₹)	130.16	144.37	168.28	184.82
पूँजी पर्याप्तता अनुपात (%) (बेसल-I)	10.69	12.00	11.02	11.89
श्रेणी-I	6.93	8.46	7.20	8.08
श्रेणी-II	3.76	3.54	3.82	3.81
पूँजी पर्याप्तता अनुपात (%) (बेसल-II)	11.98	13.39	12.26	13.49
श्रेणी-I	7.77	9.45	8.02	9.28
श्रेणी-II	4.21	3.94	4.24	4.21
निवल अग्रिमों की तुलना में निवल अनर्जक आस्तियाँ (%)	1.63	1.72	1.56	1.57

provisioning and increased staff strength. Staff Cost included an amount of ₹ 2,473.00 crores towards additional pension provision and ₹ 1,565.00 crores towards additional contribution to Gratuity Fund as compared to ₹ 1,997.64 crores and ₹ 46.41 crores respectively in the previous year. The additional pension cost in respect of the liabilities of the earlier years amounting to ₹ 7,927.41 crores have been charged to 'Reserves Account' in accordance with RBI special dispensation.

Other Operating Expenses have also registered an increase of 12.84% mainly due to increase in expenses on rent, taxes and lighting, advertisement & publicity, depreciation on bank's properties, law charges, postage, telegrams and telephones, repairs & maintenance to the Bank's properties, insurance and miscellaneous expenditure.

Operating Expenses, comprising both staff cost and other operating expenses, have registered an increase of 13.27% over the previous year.

Provisions and Contingencies

Major amounts of provisions made in 2010-11 were as under:

- ₹ 646.75 crores towards provision for depreciation on investments, **excluding** amortization of premium on 'Held to Maturity' category (as against ₹ 968.59 crores towards write-back for depreciation on investments in 2009-10).
- ₹ 5,709.54 crores towards Provision for Tax, excluding deferred tax reversal of ₹ 976.82 crores (as against ₹ 6,166.63 crores in 2009-10 excluding deferred tax credit of ₹ 1,407.75 crores).
- ₹ 8,792.09 crores (net of write-back) for non-performing assets (as against ₹ 5,147.85 crores in 2009-10).
- ₹ 976.60 crores towards Standard Assets (as against ₹ 80.06 crores in 2009-10). Including the current year's provision, the total provision held on Standard Assets (domestic offices) amounts to ₹ 3,336.08 crores.

Reserves and Surplus

- An amount of ₹ 2,479.36 crores (as against ₹ 6,381.09 crores in 2009-10) was transferred to Statutory Reserves.
- An amount of ₹ 9.61 crores (as against ₹ 114.05 crores in 2009-10) was transferred to Capital Reserve Fund.
- An amount of ₹ 2,729.87 crores (as against ₹ 529.51 crores in 2009-10) was transferred to Other Reserve Funds.
- An amount of ₹ 7,927.41 crores has been transferred from Statutory Reserves on account of additional pension cost in respect of the liabilities of the earlier years in accordance with RBI special dispensation.

Table : Key Performance Indicators

Indicators	SBI		SBI Group	
	2010-11	2009-10	2010-11	2009-10
Return on Average Assets (%)	0.71	0.88	0.70	0.88
Return on Equity (%)	12.84	14.04	12.92	14.24
Expenses to Income (%)(Operating Expenses to Total Net Income)	47.60	52.59	58.32	63.10
Basic Earnings Per Share (₹)	130.16	144.37	168.28	184.82
Diluted Earnings Per Share (₹)	130.16	144.37	168.28	184.82
Capital Adequacy Ratio (%) (Basel-I)	10.69	12.00	11.02	11.89
Tier I	6.93	8.46	7.20	8.08
Tier II	3.76	3.54	3.82	3.81
Capital Adequacy Ratio (%) (Basel-II)	11.98	13.39	12.26	13.49
Tier I	7.77	9.45	8.02	9.28
Tier II	4.21	3.94	4.24	4.21
Net NPAs to Net Advances (%)	1.63	1.72	1.56	1.57

परिसंपत्तियाँ

बैंक की कुल परिसंपत्तियों में 16.17 प्रतिशत की वृद्धि हुई और ये मार्च 2011 के अंत तक बढ़कर ₹ 12,23,736.20 करोड़ हो गई, जबकि मार्च 2010 के अंत में ये ₹ 10,53,413.73 करोड़ थीं। इसी अवधि के दौरान, ऋण संविभाग में 19.75 प्रतिशत की वृद्धि हुई और इनकी राशि ₹ 6,31,914.15 करोड़ से बढ़कर ₹ 7,56,719.45 करोड़ हो गई। मार्च 2011 के अंत में निवेशों में 0.06 प्रतिशत की मामूली सी कमी हुई और मार्च 2011 के अंत में इनकी राशि घटकर ₹ 2,95,600.57 करोड़ रही जबकि पहले यह ₹ 2,95,785.20 करोड़ रही थी। अधिकांश निवेश घरेलू बाजार में सरकारी एवं अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में किया गया। देशीय अग्रिमों में बैंक का बाजार अंश मार्च 201। को 16.40 प्रतिशत रहा।

देयताएँ

बैंक की कुल देयताएँ (पूँजी एवं आरक्षितियों को छोड़कर) 17.35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 31 मार्च 201। को ₹ 11,58,750.16 करोड़ हो गईं, जबकि 31 मार्च 2010 को ये ₹ 9,87,464.53 करोड़ थीं। देयताओं में यह वृद्धि प्रमुख रूप से जमाराशियों और उधार राशियों में वृद्धि के कारण हुई। 31 मार्च 2011 को वैश्विक जमाराशियों में 31 मार्च 2010 की तुलना में 16.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई और 31 मार्च 2011 को ये ₹ 9,33,932.81 करोड़ के स्तर तक पहुँच गई जबकि 31 मार्च 2010 को ये ₹ 8,04,116.23 करोड़ रही थी। जमाराशियों में बैंक का बाजार अंश मार्च 2011 को 16.40 प्रतिशत रहा।

निष्पादन के उल्लेखनीय तथ्य

मुख्य परिचालन	
क	विश्व बाजार परिचालन
ख	कारपोरेट बैंकिंग समूह
ग	मध्य कारपोरेट समूह
घ	राष्ट्रीय बैंकिंग समूह
ङ	ग्रामीण व्यवसाय समूह
च	परस्पर विक्रय
छ	कारपोरेट कार्यनीतियाँ और नव व्यवसाय
ज	अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग समूह
झ	आस्ति गुणवत्ता
ञ	सहयोगी एवं अनुषंगियाँ

क. विश्व बाजार परिचालन

कारपोरेट केंद्र स्थित ग्लोबल मार्केट्स विभाग सभी समय क्षेत्रों में बैंक के ट्रेजरी कारोबार का संचालन करता है। इसमें सात प्रभाग हैं, जैसे ब्याज दर बाजार अनुभाग, ईक्विटी और म्यूचुअल फंड, विदेशी मुद्रा कोष, वित्तीय निर्माण और नव उत्पाद अनुभाग, वैकल्पिक आस्ति अनुभाग, कोष विपणन समूह, संविभाग प्रबंधन सेवा अनुभाग ।

वर्ष के दौरान बैंक ने निवेशों पर ब्याज/छूट के रूप में ₹ 18,799 करोड़ अर्जित किए और निवेशों की बिक्री एवं विदेशी मुद्रा/स्वर्ण व्यापार आय से ₹ 1,422 करोड़ का लाभ कमाया।

ख. कारपोरेट बैंकिंग समूह

बैंक के कारपोरेट बैंकिंग समूह में चार कार्यनीतिक व्यवसाय इकाइयाँ हैं जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है :

ख.1 कारपोरेट लेखा समूह (कैग) की मुंबई, नई दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, अहमदाबाद और हैदराबाद जैसे केंद्रों पर छह शाखाएँ है।

- कारपोरेट लेखा समूह का ₹ 1,08,744 करोड़ का अग्रिम संविभाग बैंक के सीएंडआई (गैर-खाद्य) ऋणों का 31 प्रतिशत है और बैंक के कुल देशीय ऋण संविभाग का 16 प्रतिशत है।

तालिका : कारपोरेट लेखा समूह (कैग) -
वर्ष-दर-वर्ष उल्लेखनीय तथ्य

(राशि करोड़ ₹ में)

विवरण	31.03.2010 को	31.03.2011 को	वृद्धि (%)
अग्रिम	88,144	1,08,774	23
विदेशी मुद्रा टर्नओवर	6,76,286	7,94,844	18
शुल्क आय	1,659	1,816	10
परिचालन लाभ	7,337	9,808	34
व्यवसाय प्रति कर्मचारी	156	168	8
औसत ब्याज कीमत-लागत अंतर	4.04	5.41	34
एनपीए/कुल अग्रिमों का प्रतिशत	0.18	0.08	-56

Assets

The total assets of the Bank increased by 16.17% from ₹ 10,53,413.73 crores at the end of March 2010 to ₹ 12,23,736.20 crores as at end March 2011. During the period, the loan portfolio increased by 19.75% from ₹ 6,31,914.15 crores to ₹ 7,56,719.45 crores. Investments decreased marginally by 0.06% from ₹ 2,95,785.20 crores to ₹ 2,95,600.57 crores as at the end of March 2011. A major portion of the investment was in the domestic market in government and other approved securities. The Bank's market share in domestic advances was 16.40% as of March 2011.

Liabilities

The Bank's aggregate liabilities (excluding capital and reserves) rose by 17.35% from ₹ 9,87,464.53 crores on 31st March 2010 to ₹ 11,58,750.16 crores on 31st March 2011. The increase in liabilities was mainly contributed by increase in deposits and borrowings. The Global deposits stood at ₹ 9,33,932.81 crores as on 31st March 2011 against ₹ 8,04,116.23 crores as on 31st March 2010, representing an increase of 16.14 % over the level on 31st March 2010. The Bank's market share in deposits was 16.40% as of March 2011.

Performance Highlights

	Core Operations
A	Global Markets Operations
B	Corporate Banking Group
C	Mid Corporate Group
D	National Banking Group
E	Rural Business Group
F	Cross Selling
G	Corporate Strategies & New Business
H	International Banking Group
I	Asset Quality
J	Associates & Subsidiaries

A. GLOBAL MARKETS OPERATIONS

Global Markets Department at the Corporate Centre handles the Bank's Domestic Treasury Operations across all time zones. It consists of seven divisions viz : Interest Rate Market desk, Equity & Mutual Fund desk, Forex treasury, Financial Engineering & New Products desk, Alternate Assets desk, Treasury Marketing Group and Portfolio Management Service section.

During the year, the Bank earned ₹ 18,799 crores by way of Interest/Discount on investments and made ₹ 1,422 crores of profit on sale of Investments and Forex/Gold Trading income.

B. CORPORATE BANKING GROUP

The Bank's Corporate Banking Group consists of four Strategic Business Units, as detailed below:

B.1. Corporate Accounts Group (CAG), has six branches at the following centers; Mumbai, New Delhi, Chennai, Kolkata, Ahmedabad and Hyderabad.

- CAG's advances portfolio of ₹ 1,08,774 crores is 31% of the C&I (Non-food) credit of the Bank and constitutes 16% of the total domestic credit portfolio of the Bank.

Table : CAG – YoY Highlights

(₹ in Crs)

Particulars	As on 31.03.2010	As on 31.03.2011	Growth %
Advances	88,144	1,08,774	23
FOREX Turnover	6,76,286	7,94,844	18
Fee Income	1,659	1,816	10
Operating Profit	7,337	9,808	34
Business per Employee	156	168	8
Avg. Interest Spread	4.04	5.41	34
NPA/Total Advances (%)	0.18	0.08	-56

- कारपोरेट लेखा समूह के विदेशी मुद्रा कारोबार का बैंक द्वारा देश में किए गए कुल विदेशी मुद्रा कारोबार में 57 प्रतिशत हिस्सा रहा।
- लेखा आयोजना कारोबार से शुल्क आधारित सेवाओं पर अधिकाधिक ध्यान केंद्रित किया जा सका। साख पत्रों से आय ₹ 271 करोड़ से बढ़कर ₹ 359 करोड़ पर पहुँच गई। बैंक गारंटियों से आय ₹ 285 करोड़ से बढ़कर ₹ 359 करोड़ के स्तर पर जा पहुँची।
- समूहन और हामीदारी व्यवसाय में वृद्धि हुई। इस खंड में शुल्क आय ₹ 295 करोड़ से बढ़कर ₹ 458 करोड़ (55 प्रतिशत) हो गई।

लेनदेन बैंकिंग इकाई

लेनदेन बैंकिंग इकाई, जिसने नकदी प्रबंध उत्पाद, व्यापार वित्तपोषण एवं माध्यम (व्यापारी/विक्रेता) वित्तपोषण पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए वर्ष 2009-10 के दौरान स्वयंपूर्ण इकाई के रूप में कार्य करना शुरू किया है, ने वर्ष 2010-11में अपनी गतिविधियों में विस्तार किया।

(1) नकदी प्रबंध उत्पाद

एसबीआई फास्ट नामक अपने नकदी प्रबंध उत्पाद के द्वारा देश भर में 683 केंद्रों पर 1020 शाखाओं में चैक / नकदी उगाही के कारोबार के लिए अपनी पहुँच में विस्तार किया। यह बैंक की शाखाओं में इलेक्ट्रानिक भुगतान / उगाही का कार्य भी कर रही है। सीएमपी का लाभांश वारंट कारोबार भी वर्ष के दौरान लगभग दुगुना हो गया। नकदी संग्रहण सुविधा को स्थायित्व प्राप्त हुआ। बैंक ने ग्राहकों को घर बैठे संपर्क की सुविधा प्रदान करनी शुरू की जिससे वे अपेक्षानुसार अपनी उगाहियों / भुगतानों की बिना किसी मानवीय सहायता के ऑन लाइन जानकारी प्राप्त कर सकें।

(2) व्यापार वित्तपोषण

बैंक ने ई-ट्रेड नाम से एक ग्राहक अनुकूल प्रारंभिक स्तर का उत्पाद शुरू किया है जिससे ग्राहक साख पत्र (एलसी) और बैंक गारंटी संबंधी अपनी मांग ऑन लाइन बता सकेंगे।

(3) सप्लाई चेन वित्तपोषण

ई-वीएफएस (इलेक्ट्रानिक वेंडर फाइनेंसिंग स्कीम)

यह योजना जो पूर्णतया इलेक्ट्रानिक माध्यम पर आधारित है, बड़े उद्योगों और विक्रेताओं दोनों को कंप्यूटरीकृत भुगतान और लेनदेन प्रविष्टियों के समाधान और तत्काल एमआईएस की सुविधा भी उपलब्ध कराती है।

ई-डीएफएस (इलेक्ट्रानिक डीलर फाइनेंसिंग योजना)

ई-डीएफएस योजना के अंतर्गत बड़े उद्योगों के अनुमोदित डीलरों को वैब आधारित इलेक्ट्रानिक माध्यम से बड़े उद्योगों से की जाने वाली उनकी खरीदारियों के लिए वित्त उपलब्ध कराया जाता है।

ख.2 परियोजना वित्तपोषण और पट्टा कार्यनीतिक व्यवसाय इकाई

परियोजना वित्तपोषण - कार्यनीतिक व्यवसाय इकाई बिजली, दूरसंचार, सड़कों, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, माल-ढुलाई आदि आधारभूत क्षेत्रों में तथा अन्य गैर-आधारभूत परियोजनाओं के वित्तपोषण पर केंद्रित इकाई है। ये परियोजनाएं न्यूनतम परियोजना लागत पर कतिपय सीमाओं में वित्तपोषित की जाती हैं। मार्च 2011 को समाप्त वर्ष के दौरान परियोजना ऋणों के समूहन और हामीदारी (अंडरराइटिंग) पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया।

कुल मिलाकर, परियोजना वित्तपोषण कार्यनीतिक इकाई ने वर्ष के दौरान ₹ 3,33,054 करोड़ (₹ 3,00,016 करोड़)* की कुल ऋण आवश्यकता वाली परियोजनाओं के निधीयन में ₹ 2,36,607 करोड़ (₹ 1,84,728 करोड़)* की सहभागिता की। परियोजना वित्तपोषण - कार्यनीतिक व्यवसाय इकाई ने इस अवधि के दौरान ₹ 59,209 करोड़ (₹ 41,048 करोड़)* की संस्वीकृतियाँ प्रदान की और अन्य बैंकों के साथ ऋण समूहन में ₹ 73,082 करोड़ (₹ 69,901 करोड़)* की हिस्सेदारी की।

* (कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के हैं)

ख.3 तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन समूह (एसएएमजी)

वर्ष 2010-11 के दौरान तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन समूह (एसएएमजी) का निष्पादन निम्नानुसार है। :

तालिका

(₹ करोड़ में)

1	अनर्जक आस्तियों (एनपीए) की नकद वसूली	919
2	मानक आस्तियों के रूप में कोटि उन्नयन	141
3	बट्टे खाते डाले गए	1,787
4	अनर्जक आस्तियों (1+2+3) में आई कुल कमी	2,847
5	बट्टे खाते डाले गए ऋणों की वसूली	218

- CAG's forex business constituted 57% of the total domestic forex turnover of the Bank.
- Account Planning initiative has resulted in increased focus on fee-based services. Income from LCs increased from ₹ 271 crores to ₹ 359 crores. Income from BGs increased from ₹ 285 crores to ₹ 359 crores.
- Syndication and Underwriting Business improved contributing to a growth in Fee Income in this segment from ₹ 295 crores to ₹ 458 crores (55%).

Transaction Banking Unit

Transaction Banking Unit, with special focus on Cash Management Product, Trade Finance and Channel (Dealer/Vendor) Finance, which started working in a full-fledged manner during the year 2009-10, expanded its activity during 2010-11.

(1) Cash Management Product

Cash Management Product (CMP) with its brand name SBIFAST extended its reach for cheque/cash collection to 1020 branches at 683 centres across the country, apart from electronic payment/ collection from branches of the Bank. CMP's Dividend Warrant business nearly doubled during the course of the year. While Cash pick-up facility has stabilized, the Bank started offering Host-to-Host connectivity to clients to enable them to track online their collections/payments and get customized MIS without any human intervention.

(2) Trade Finance

The Bank has launched a more customized front-end tool called e-trade which will enable clients to lodge their Letter of Credit and Bank Guarantee requirements online.

(3) Supply Chain Finance

e-VFS (Electronic Vendor Financing Scheme)

This scheme, which is fully on electronic platform, provides automated payment and settlement of transactions as also real time MIS to both Industrial Majors and vendors.

e-DFS (Electronic Dealer Financing Scheme)

Under the e-DFS scheme, approved dealers of Industry Majors (IM) are financed for their purchases from IMs, again on a web-based electronic platform.

B.2. Project Finance & Leasing SBU

The Project finance-SBU focuses on funding projects in infrastructure sectors like power, telecom, roads, ports, airports, logistics and other non-infrastructure projects with certain threshhold on minimum project cost. During the year ended March 2011, the focus was on syndication and underwriting of project loans.

As a whole, Project Finance-SBU participated in funding of projects having a total cost outlay of ₹ 3,33,054 crores (₹ 3,00,016 crores)* and involving total debt requirement of ₹ 2,36,607 crores (₹ 1,84,728 crores)* during the year. Project Finance-SBU accorded sanctions of ₹ 59,209 crores (₹ 41,048 crores)*, while it took up syndication of debt of ₹ 73,082 crores (₹ 69,901 crores)*, with other banks during this period.

* (Figures in brackets represent previous FY numbers for the corresponding period.)

B.3. Stressed Assets Management Group (SAMG)

The performance of SAMG for the period 2010-11 is given below:

Table

(₹ in Crs)

1	Cash Recovery in NPA	919
2	Upgradations in Standard Assets	141
3	Write – Offs	1,787
4	Gross reduction in NPAs (1+2+3)	2,847
5	Recovery in written off accounts	218

- 106 तनावग्रस्त आस्ति समाधान शाखाओं की देश भर में स्थापना की गई है जिससे एसएमई और वैयक्तिक खंडों में ₹ 1 करोड़ तक की बकाया राशि वाली अनर्जक आस्तियों के समाधान पर ध्यान केंद्रित किया जा सके।

ख.4 वित्तीय संस्थान व्यवसाय इकाई (एफआईबीयू)

वित्तीय संस्थान व्यवसाय इकाई (एफआईबीयू) का सृजन वर्ष 2009 में कारपोरेट बैंकिंग समूह के अंतर्गत बैंकों, दलाली फर्मों, एक्सचेंजों, म्यूचुअल फंडों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और बीमा कंपनियों जैसी वित्तीय संस्थाओं से संभाव्य व्यवसाय जुटाने के लिए किया गया था।

एफआईबीयू पूंजी बाजार संबंधी व्यवसाय में भी बड़ा हिस्सा पाने का लक्ष्य निर्धारित कर रहा है। एफआईबीयू के अंतर्गत पूंजी बाजार शाखा (सीएमबी) एक विशेषीकृत शाखा है जो इस खंड के लिए अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है। यह शाखा एएसबीए और एस्क्रो कलेक्शन / रिफंड बैंकर के लिए एक नोडल शाखा भी है । वर्ष के दौरान इसने कोल इंडिया, एमओआईएल, पावर ग्रिड और भारतीय नौवहन निगम सहित बड़ी संख्या में आईपीओ / एफपीओ / एनएफओ / बांड इश्यू का कार्य किया। सीएमबी 14 प्रमुख एक्सचेंजों और सीसीआईएल के लिए एक समाधान बैंक का कार्य भी करती है और यह बाजार में कारोबार करने वाली और मध्यवर्ती संस्थाओं की समाधान बैंकिंग और लेनदेन बैंकिंग आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित है।

ग. मध्य कारपोरेट समूह (एमसीजी)

उल्लेखनीय तथ्य

- मध्य कारपोरेट समूह के अग्रिम (गैर-खाद्यान्न) ₹ 1,62,031 करोड़ (वर्ष-दर-वर्ष 21.15% वृद्धि) के स्तर पर पहुँच गए।
- परिचालन लाभ ₹ 15,355 करोड़ (वर्ष-दर-वर्ष 34.60% वृद्धि)।
- अन्य आय ₹ 2,369 करोड़ (वर्ष-दर-वर्ष 35.44% वृद्धि)।
- ब्याज आय ₹ 14,275 करोड़ (वर्ष-दर-वर्ष 30.84% वृद्धि)।
- 587 नए ग्राहकों को मार्च 2011 तक ₹ 20,849 करोड़ की कुल राशि की ऋण सीमाएँ (निधि आधारित) संस्वीकृत की गईं।
- खंडीय जमाराशि स्तर ₹ 27,408 करोड़ (वर्ष-दर-वर्ष 48.14% वृद्धि)।
- अग्रिमों से औसत प्रतिफल 9.88%।
- औसत ब्याज अंतर मार्च 2010 के स्तर से 21 आधार अंक बढ़कर 4.58% पर पहुँच गया।
- मध्य कारपोरेट समूह शाखाओं की कुल संख्या 64 (वित्त वर्ष 2009-10 के दौरान 56 से बढ़कर)।

नए प्रयास

- इंदौर में नया मध्य कारपोरेट क्षेत्रीय कार्यालय खोला गया जिससे मध्य प्रदेश में मध्य कारपोरेट समूह के ग्राहकों की आवश्यकताओं और व्यवसाय वृद्धि पर बेहतर ढंग से ध्यान दिया जा सके।

स्वर्ण बैंकिंग

- सोने के सिक्कों की खुदरा बिक्री के लिए प्राधिकृत शाखाओं की संख्या जो मार्च 2010 में 1122 थी, 31.03.2011 को बढ़कर 1187 हो गई। वित्त वर्ष 2010-11 में 2,610 किलो ग्राम सोने की बिक्री की गई। इस प्रकार इसमें वर्ष-दर-वर्ष 130% की वृद्धि दर्ज की गई।
- स्वर्ण जमा योजना 54 शाखाओं में चल रही है जिसका उद्देश्य घर-परिवारों, मंदिरों और ट्रस्टों से बेकार पड़ा सोना जुटाना है। बैंक द्वारा वित्त वर्ष 2010-11 में इस योजना के तहत 3,420 किलोग्राम सोना जुटाया गया।
- वर्ष के दौरान बैंक द्वारा स्वर्ण (थोक) बिक्री योजना के अंतर्गत 60.306 मैट्रिक टन सोने की बिक्री की गई। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में इसमें 77% की वृद्धि दर्ज की गई।
- बैंक के स्वर्ण धातु ऋण संविभाग में 41% की वृद्धि हुई। 31.03.2011 को 7,195 कि.ग्रा. (लगभग ₹ 1,467 करोड़) बकाया था।
- स्टेट बैंक आफ मैसूर और स्टेट बैंक आफ त्रावणकोर की शाखाओं के माध्यम से गठजोड़ व्यवस्था के अंतर्गत वर्ष 2010-11 के दौरान सोने के सिक्कों की बिक्री की एक नई शुरुआत की गई।

- 106 Stressed Assets Resolution Branches were established across the country for focussed resolution of NPAs with outstanding upto ₹ 1 crore in SME and Personal segments.

B.4. Financial Institutions Business Unit (FIBU)

FIBU was created in the year 2009 under Corporate Banking Group to tap the potential business from Financial Institutions, which include Banks, Brokerage Firms, Exchanges, Mutual Funds, NBFCs and Insurance Companies.

FIBU is also targeting a larger share in the capital market related business. Capital Market Branch (CMB) at Mumbai under FIBU is a specialized branch catering to this segment and is also a nodal branch for ASBA and Escrow Collection/Refund Banker. It has handled large number of IPO/FPO/NFO/Bond Issues including Coal India, MOIL, Power Grid and Shipping Corporation of India during the year. CMB is a settlement Bank for 14 major Exchanges and CCIL and is well equipped to meet the Settlement Banking and transaction banking requirements of the market participants and intermediaries.

C. MID-CORPORATE GROUP (MCG)

Highlights

- MCG Level of Advances (Non-Food) stood at ₹ 1,62,031 crores (Y-o-Y Growth 21.15%).
- Operating Profit ₹ 15,355 crores (Y-o-Y Growth 34.60%).
- Other Income ₹ 2,369 crores (Y-o-Y Growth 35.44%).
- Interest income ₹ 14,275 crores (Y-o-Y growth 30.84%).
- 587 New Connections sanctioned Credit Limits (Fund based) aggregating to ₹ 20,849 crores upto March 2011.
- Segmental Deposits Level ₹ 27,408 crores (Y-o-Y Growth 48.14%).
- Average Yield on Advances is 9.88%.
- Average Interest Spread is 4.58 % up by 21 bps from March 2010.
- Total number of MCG branches- 64 (up from 56 during the FY 2009-10).

Initiatives taken

- New Mid Corporate Regional Office has been opened at Indore for better focus on MCG customers' needs and business growth in Madhya Pradesh.

Gold Banking

- The number of branches authorized for retail sale of Gold Coins has increased from 1,122 in March 2010 to 1,187 as on 31.03.2011. In the year 2010-11, retail sale of Gold coins was at 2,610 Kgs registering YoY growth of 130%.
- The Gold Deposit Scheme, which aims at mobilization of idle Gold from domestic households, temples and trusts, is operational at 54 branches. The Bank has mobilized 3,420 Kgs of gold under this scheme in financial year 2010-11.
- During the year, the Bank has sold 60.306 MTs of gold under Sale of Gold (Wholesale) scheme registering a growth of 77% over previous year.
- The Bank's Metal Gold Loan portfolio has increased by 41 % with outstanding of 7,195 Kgs as on 31.03.2011 (approx. ₹ 1,467 crores).
- Sale of Gold coins through branches of SBM and SBT under tie-up arrangement, a new initiative during the year 2010-11.

घ. राष्ट्रीय बैंकिंग समूह (एनबीजी)

बैंक के राष्ट्रीय बैंकिंग समूह में 14 मंडलों की महानगरीय और शहरी शाखाएं आती हैं। तीन कार्यनीतिक व्यवसाय इकाइयां, अर्थात एसएमईबीयू, पीबीबीयू और सरकारी व्यवसाय इकाई (जीबीयू) 31 मार्च 2011 को बैंक की देशीय जमाराशियों में राष्ट्रीय बैंकिंग समूह का 57.96% और बैंक के देशीय अग्रिमों में 31.89% हिस्सा था।

पूर्ववर्ती स्टेट बैंक ऑफ इंदौर की 470 शाखाओं के विलय के अलावा, वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान 576 नई शाखाएं खोली गईं। मार्च 2011 के अंत में बैंक की 13,542 शाखाएँ और 25,005 समूह एटीएम थे।

तालिका : राष्ट्रीय बैंकिंग समूह - निष्पादन के उल्लेखनीय तथ्य

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2010	31.03.2011	वर्ष-प्रति-वर्ष वृद्धि	
	स्तर	स्तर	सम्पूर्ण	(%)
जमाराशियाँ (अंतर- बैंक को छोड़कर)	4,24,228	4,90,728	66,500	15.68
अग्रिम (खाद्यान्न और अंतर-बैंक को छोड़कर)	1,75,043	2,07,588	32,545	18.59

घ.1 वैयक्तिक बैंकिंग व्यवसाय इकाई (पीबीबीयू)

(पीबीबीयू के आंकड़े एनबीजी+आरबीजी से संबंधित हैं)

तालिका (₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2010	31.03.2011	वृद्धि (%)
जमाराशियाँ	4,24,734	5,05,019	18.90%
अग्रिम	1,34,849	1,64,576	22.04%
कासा	2,07,113	2,53,758	22.52%

31 मार्च 2011 को पीबीबीयू का बैंक की कुल जमाराशियों में 60.64% और कुल अग्रिमों में 24.78% हिस्सा था।

31 मार्च 2011 को समाप्त वर्ष के दौरान पीबीबीयू द्वारा 196 लाख नए बचत बैंक खाते खोले गए।

कासा अनुपात में 149 आधार बिन्दुओं की वृद्धि हुई और 31.03.2011 को यह बढ़कर 50.25% हो गया जबकि 31 मार्च 2010 को यह 48.76% था।

बैंक को नई पेंशन व्यवस्था (भारत सरकार की एक नई पहल) के अंतर्गत संपर्क बिंदु के रूप में व्यवसाय करने के लिए नामित किया गया है। बैंक के सभी मंडलों में 3,800 शाखाओं को नई पेंशन व्यवस्था के अंतर्गत कारोबार करने के लिए पंजीकृत किया गया है। संपर्क बिंदु के रूप में व्यवसाय करने वाले सभी बैंकों में भारतीय स्टेट बैंक शाखाओं की संख्या और श्रेणी 1 पंजीकरणों की संख्या के मामले में प्रथम स्थान पर है।

बैंक सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसार शेयरों में निवेश के लिए राशि अलग रखकर किए जानेवाले आवेदनों एएसबीए के लिए स्व प्रमाणित समूह सदस्य है। यह सेवा भारत में 1,061 शाखाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है।

कारपोरेट और संस्थागत गठजोड़

एक विशेष रक्षा वेतन सुविधा (डीएसपी) तैयार करने और थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के 13,35,000 कार्मिकों के वेतन खाते सफलतापूर्वक खुलवाने के बाद अन्य विशेष वेतन सुविधाएँ केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों जैसे बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, एनएसजी, आईटीबीपी, असम राइफल्स, भारतीय तट रक्षक और जीआईएफ के लिए तैयार की गई। भारतीय रेल के 14 लाख कर्मचारियों के लिए एक विशेष वेतन सुविधा शुरू की गई। इसके अलावा राज्य सरकारों और केन्द्र शासित प्रदेशों के कर्मचारियों के लिए तथा राज्य पुलिस और केंद्रीय पुलिस संगठनों के कर्मचारियों के लिए भी विशेष सुविधाएँ शुरू की गईं।

विभिन्न वेतन सुविधाओं से कुल वेतन खाता ग्राहक आधार 46,07,000 तक पहुँच गया जिसमें डीएसपी के 13,35,000 खाते और कारपोरेट सेलरी पैकेज (सीएसपी) के 32,72,000 खाते शामिल हैं।

'रक्षा वेतन पैकेज' को हांगकांग में मास्टर कार्ड हॉल आफ फेम द्वारा वर्ष 2010 के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिग्रहण अभियान का पुरस्कार प्राप्त हुआ।

D. NATIONAL BANKING GROUP (NBG)

National Banking Group of the Bank comprising of Metro & Urban branches of the 14 Circles of the Bank has three Strategic Business Units, SMEBU, PBBU and Government Business Unit (GBU). NBG share was 57.96% of the Bank's domestic deposits and 31.89% of the Bank's domestic advances as on 31st March 2011.

बैंक ने 31.03.2011 तक कमजोर वर्गों को ₹ 59,213 करोड़ की राशि के अग्रिम प्रदान किए जो समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) का 10.42 प्रतिशत है जबकि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित एएनबीसी सीमा 10 प्रतिशत है।

अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्री कार्यक्रम और सच्चर समिति की सिफारशों का कार्यान्वयन

बैंक ने अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वित किया है जिसका प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋणों का एक उचित प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदायों के लिए रखा जाए और सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के लाभ अल्पसुविधा प्राप्त लोगों, विशेष रूप से वंचित लोगों तक पहुंचें।

अल्पसंख्यक बहुल चयनित जिलों (एमसीडी) में अल्पसंख्यक समुदायों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता के संबंध में वर्षवार स्थिति नीचे प्रस्तुत की गई है :

अवधि	भारत सरकार द्वारा चयनित (एमसीडी) जिलों की संख्या	खातों की संख्या	बकाया राशि (₹ करोड़ में)
मार्च-2009	121	9.91 लाख	5,091
मार्च-2010	121	8.29 लाख	9,434
मार्च-2011	121	8.41 लाख	10,536

- भारत सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के लिए कुल प्राथमिकता प्राप्त ऋणों के निर्धारित 15 प्रतिशत के लक्ष्य की तुलना में बैंक ने दिनांक 31.03.2011 को कुल प्राथमिकता प्राप्त ऋणों का 15.86 प्रतिशत हासिल किया है।
- बैंक ने सच्चर समिति की सिफारिशों के अनुसार अल्पसंख्यक बहुल चयनित जिलों (एमसीडी) के अल्प बैंकिंग सुविधावाले/ बैंकिंग सुविधा विहीन क्षेत्रों में 132 नई शाखाएं खोलीं जिससे 31.03.2011 को ऐसी शाखाओं की कुल संख्या बढ़कर 3,133 तक पहुँच गई।

च. परस्पर विक्रय

स्टेट बैंक समूह के शाखा नेटवर्क का उपयोग एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कं., एसबीआई म्यूचुअल फंड, एसबीआई कार्ड, एसबीआई जनरल तथा भारतीय स्टेट बैंक के साथ गठजोड़ व्यवस्था वाली अन्य एएमसी कंपनियों के अर्ध-बैंकिंग उत्पाद वितरित करने हेतु किया जा रहा है जिससे हमारे ग्राहकों को वित्तीय सेवाओं की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध हो सके।

वर्ष के दौरान बैंक ने एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 7.50 लाख जीवन बीमा किए। 'क्रिटी-9' नामक स्वास्थ्य उत्पाद जिसे बेंगलूर में प्रायोगिक आधार पर शुरू किया गया था, की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए इसे पूरे देश में शुरू किया गया है। इसी तरह, छोटे निवेशकों के निवेश प्रोत्साहित करने हेतु बैंक ने सिप (नियमित निवेश योजना) उत्पाद वितरित किए जिससे मध्यम आय वर्ग के ग्राहक म्यूचुअल फण्ड में नियमित निवेश कर सकें। वर्ष के दौरान इस योजना के अंतर्गत कुल 3.46 लाख ग्राहक शामिल किए गए। एसबीआई कार्ड ग्राहकों को काउंटर पर भुगतान का विकल्प प्रदान किया गया और इस प्रकार कंपनी भुगतान के विकल्पों में उद्योग में सबसे आगे हो गई है। गैर-जीवन बीमा उत्पादों का संवितरण करने के लिए बैंक ने एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. के लिए कारपोरेट संवितरक के रूप में गठजोड़ भी किया है।

छ. कारपोरेट कार्यनीति एवं नव व्यवसाय

नव व्यवसाय विभाग की स्थापना जिन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु की गई थी उसकी प्राप्ति में वह सफल रहा है। अभिरक्षा सेवाएं और साधारण बीमा जैसे उत्पादों की दो नई श्रृंखलाएँ सफलतापूर्वक शुरू की गईं और अब स्थायित्व की प्रक्रिया में हैं। शुरू किए गए अन्य प्रयासों में निजी ईक्विटी, वित्तीय आयोजना एवं परामर्शी सेवाएं, मर्चेण्ट अधिग्रहण और मोबाइल बैंकिंग हैं। व्यापक कार्यनीतिक आक्रामक व्यवसाय योजना तैयार करने हेतु, उन्नत प्रक्रियाएं कार्यान्वित करने हेतु

guide the distressed individual borrowers and undertake all activities that promote financial literacy, awareness of the banking services, financial planning of an individual. As on 31.03.2011, the Bank has set up 11 FLCCs.

Advances to weaker section

The Bank has extended advances to the tune of ₹ 59,213 crores as on 31.03.2011 to the weaker sections, which is 10.42% of Adjusted Net Bank Credit (ANBC) against the benchmark of 10 % of the ANBC set by the Reserve Bank of India.

Prime Minister's New 15 Point Programme for the welfare of Minorities and Implementation of Sachar Committee recommendations

The Bank has implemented Prime Minister's New 15 Point Programme for the welfare of Minorities, whose important objective is to ensure that an appropriate percentage of the Priority Sector Lending is targeted for the Minority Communities and that the benefits of various Government sponsored schemes reach the under-privileged, particularly the disadvantaged section.

The year-wise position in respect of financial assistance to Minority Communities in the identified Minority Concentration Districts (MCDs) is given below:

Period as on	No. of districts identified by GoI (MCDs)	No. of A/cs	Amount (₹ in crores)
March 2009	121	9.91 lac	5,091
March 2010	121	8.29 lac	9,434
March 2011	121	8.41 lac	10,536

- Against GoI stipulated target of 15% of the total Priority Sector Lending (PSL) to Minority Communities, the Bank has achieved a level of 15.86% of the total PSL as on 31.03.2011.
- As per Sachar Committee recommendations, the Bank has opened 132 new branches in under-banked/unbanked areas in MCDs taking the total number of such branches to 3,133 as on 31.3.2011.

F. CROSS SELLING

The large network of branches of the State Bank Group is being leveraged to deliver para banking products of SBI Life Insurance Co., SBI Mutual Fund, SBI Card, SBI General and other third party AMC companies having tie-up arrangement with SBI, thereby offering wider range of financial products to our customers.

During the year, the Bank covered 7.50 lac lives under various schemes of SBI Life Insurance. Looking at the popularity, the Health Insurance product covering nine critical illnesses named 'Criti 9' is extended across the country. Also, for encouraging investment among small investors, the Bank popularised SIP (Systematic Investment Plan) product by which middle income group customers can invest regularly in the Mutual Fund. A total of 3.46 lac customers were covered during the year under the scheme. "Over the Counter" payment option is extended to SBI Card customers for payment of credit card dues, thus transforming the company into the industry leader in payment options. The Bank has also tied up as Corporate Distributor for SBI General Insurance Co. Ltd. for distribution of non-life insurance products.

G. CORPORATE STRATEGY AND NEW BUSINESS

The New Businesses Department has been successful in achieving the objectives with which it was set up. Two new lines of business viz. Custodial Services and General Insurance have been successfully set up and are in the process of stabilization. Other initiatives being pursued are Private Equity, Financial Planning & Advisory Services (FP&AS), Merchant Acquisition and Mobile Banking. Seven niche areas viz. Mobile Banking,

तथा संगठनात्मक संरचना में मेल स्थापित करने हेतु मोबाइल बैंकिंग, मर्चेण्ट अधिग्रहण व्यवसाय, एसएमई चालू खाता एवं आपूर्ति शृंखला वित्तपोषण, बचत बैंक, नकदी प्रबंधन उत्पाद, अनिवासी भारतीय धन-प्रेषण तथा सरकारी व्यवसाय जैसे सात महत्वपूर्ण क्षेत्रों का चयन किया गया है।

वित्तीय आयोजना एवं परामर्शी सेवाएं (एफपी एंड एएस)

वित्तीय आयोजना एवं परामर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु एक नया व्यवसाय मॉडल तैयार किया गया है। इस मॉडल में महत्वपूर्ण शाखाओं (दि स्पोक्स) के समृद्ध एवं उच्च निवल हैसियत वाले ग्राहकों की आवश्यकताओं का ध्यान रखने हेतु एक अलग एफपीएएस टीम (दि हब) शामिल की गई है। देश भर में 44 नगरों में 55 हब बनाए जा रहे हैं। इनमें 200 ग्राहक संबंध अधिकारियों की समर्पित टीम ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करेगी।

बैंक का वित्त वर्ष 11-12 के दौरान धन-संपदा प्रबंधन सेवाएँ शुरू करने का प्रस्ताव है।

डीमैट एवं ऑनलाइन शेयर खरीद-फरोख्त

बैंक सम्पूर्ण देश में 2800 शाखाओं के माध्यम से डीमैट सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। 31 मार्च 2011 को बैंक के पास अपनी बहियों में 2,94,146 डीमैट खाते थे, जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत खाताधारकों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग सुविधा का विकल्प भी अपनाया है। बैंक एक संशोधित व्यवसाय मॉडल भी कार्यान्वित कर रहा है जिससे 3-इन-1 ऑनलाइन ट्रेडिंग उत्पाद में डीमैट खाता एसबीआई के स्थान पर हमारी अनुषंगी एसबीआई कैप सिक्युरिटीज लिमिटेड (एसएसएल) में रखा जाएगा।

भुगतान समाधान

ग्रीन चैनल काउंटर

बैंक ने देश भर में चयनित शाखाओं में दिनांक **1 जुलाई 2010** से अपने **'ग्रीन चैनल काउंटर'** की शुरुआत की है। कागज के उपयोग में कमी लाने के साथ साथ लेनदेन समय की बचत करने पर विशेष ध्यान देते हुए परम्परागत कागज आधारित बैंकिंग को कार्ड आधारित 'ग्रीन बैंकिंग' के रूप में बदलते हुए बैंक द्वारा उठाया गया यह एक नवोन्मेषी कदम है। ग्राहक के व्यवहार को वाउचर आधारित बैंकिंग से कार्ड आधारित लेनदेन की ओर बदलने का बैंक प्रयास कर रहा है।

मोबाइल बैंकिंग सेवा (एमबीएस)

'कभी भी, कहीं भी बैंकिंग' उपलब्ध कराने वाले एक सुविधाजनक वैकल्पिक चैनल के रूप में हमारे ग्राहकों के बीच 'स्टेट बैंक फ्रीडम' नामक हमारी मोबाइल बैंकिंग सेवा की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। इस सेवा का उपयोग करने वाले ग्राहकों की संख्या 10 लाख से भी अधिक है। इस वैकल्पिक चैनल के माध्यम से प्रतिदिन, औसतन, कुल 57,000 लेनदेन किए जाते हैं।

मोबाइल बैंकिंग सेवा के लिए बैंक को निम्नलिखित दो अवार्ड प्राप्त हुए हैं:

- 'मोबाइल बैंकिंग और पेमेंट अप्लिकेशन के लिए प्रौद्योगिकी के सर्वश्रेष्ठ उपयोग' हेतु प्रतिष्ठित आईडीआरबीटी अवार्ड (अवार्ड दिनांक 18 जून 2010 को प्रदान किया गया)।
- वर्ष में ई-गव. के अंतर्गत वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पहल के लिए ''यूएसएसडी शॉर्ट कोड *595#'' के माध्यम से प्रदान की जा रही भारतीय स्टेट बैंक की मोबाइल बैंकिंग सेवा को ई-इंडिया की सिटीजन चॉईस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ परियोजना का स्थान प्राप्त हुआ है (अवार्ड दिनांक 5 अगस्त 2010 को प्रदान किया गया) ।

एनईएफटी/आरटीजीएस

आरटीजीएस और एनईएफटी सेवाएं धन-प्रेषण की सबसे कम लागतवाली और दक्ष सेवाओं के रूप में उभर कर सामने आई हैं। 31 मार्च 2011 तक आरटीजीएस और एनईएफटी के माध्यम से जावक धन-प्रेषण लेनदेनों की संख्या में वर्ष-प्रति-वर्ष क्रमश: 44.08 प्रतिशत और 252.00 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 31 मार्च 2011 तक बैंक ने 13.84 प्रतिशत के बाजार अंश के साथ अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी । एनईएफटी लेनदेन में मार्च 2011 के अंत तक 12.17 प्रतिशत बाजार अंश के साथ बैंक को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है (मार्च 2010 में चौथा स्थान था)। इसके अतिरिक्त, मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से एनईएफटी धनप्रेषण लेनदेन की संख्या भी बढ़ रही है।

डेबिट कार्ड्स

स्टेट बैंक समूह ने भुगतान के लिए नकदी के प्रयोग को कम करने के अपने प्रयासों के रूप में दो नए डेबिट कार्डों अर्थात स्टेट बैंक

Merchant Acquisition Business, SME Current account and Supply Chain Finance, Savings Bank, Cash Management Product, NRI remittances and Govt. business have been identified for strategising aggressive business plans, improving processes and matching organizational structures.

Financial Planning and Advisory Services (FP & AS)

A new business model for delivery of Financial Planning and Advisory Services (FPAS) has been put in place. The model envisages an exclusive FPAS team (the Hub) to cater to the requirements of Affluent and HNI customers of important branches (the Spokes). 55 Hubs are being formed in 44 cities across the country. A dedicated cadre of 200 Customer Relationship Officers would deliver the services to clients.

The Bank is proposing to launch Wealth Management services during FY 11-12.

Demat & Online Trading

The Bank is offering Demat services from 2,800 branches across India. As on 31st March 2011, the Bank has 2,94,146 Demat Accounts in its books, out of which approximately 70 % account holders have also opted for Online Trading facility. The Bank is also putting in place a revised business model whereby the Demat Account in the 3-in-1 online trading product will be maintained with our subsidiary SBI Caps Securities Limited (SSL) instead of with SBI.

Payment Solutions

The Green Channel Counter

The Bank launched its '**Green Channel Counter**' on the **1st July 2010**, at select branches across the country. This is an innovative step taken by the Bank towards changing the traditional paper based banking to the card based 'Green Banking' focusing on reduction in paper usage as well as saving of transaction time. The Bank is attempting to change the behaviour of customers from voucher based banking to card based transactions.

Mobile Banking Service (MBS)

'State Bank Freedom', our Mobile Banking Service, is gaining popularity among our customers as a very convenient alternate channel offering 'Anytime Anywhere' banking. There are more than 10 lac customers using the Service. There are, on an average, 57,000 total transactions conducted per day over this alternate channel.

The Bank has won two Awards for Mobile Banking Service:

- The Prestigious IDRBT award for 'Best use of technology for mobile banking and payment application.' (awarded on 18th June 2010)
- "Mobile Banking - State Bank of India through USSD Short Code *595#" has been voted as one of the best projects in the Citizen's Choice category of eINDIA Awards 2010 for eGov Financial Inclusion Initiative of the Year (awarded on 5th August 2010).

NEFT/RTGS

RTGS and NEFT have emerged as the most cost-effective and efficient modes of Remittance. The number of outward remittances through RTGS and NEFT have registered a Y-o-Y growth of 44.08% and 252.00% respectively till 31st March 2011. The Bank has maintained its leadership position in RTGS with a market share of 13.84% as on 31st March 2011. In NEFT, the Bank was ranked 2nd with a 12.17% market share as at end of March 2011 (4th position in March 2010). Further, NEFT remittance through Mobile Banking is gaining popularity.

Debit Cards

State Bank Group in its efforts to reduce cash usage in the payments space launched two new variants of Debit Cards, viz State Bank Classic

क्लासिक डेबिट कार्ड और स्टेट बैंक सिल्वर इंटरनेशनल डेबिट कार्ड की शुरुआत की है जिससे अर्थव्यवस्था में नकदी के प्रयोग को कम करने के राष्ट्र के प्रयास में सहयोग किया जा सके। 31 मार्च 2011 को स्टेट बैंक समूह 90 मिलियन से भी अधिक डेबिट कार्डों के साथ डेबिट कार्ड बाजार में अग्रणी बना हुआ है जो कुल बाजार अंश का लगभग 40 प्रतिशत है। इसके अलावा, बिक्री केन्द्रों पर बैंक के दैनिक औसत लेनदेन की संख्या मार्च 2011 में बढ़कर 1.53 लाख तक हो गई जबकि मार्च 2010 में इनकी संख्या 0.89 लाख रही थी। बिक्री केन्द्रों पर खर्च की जाने वाली औसत दैनिक राशि मार्च 2011 में बढ़कर ₹ 24.19 करोड़ हो गई जबकि मार्च 2010 में यह राशि प्रतिदिन ₹ 14.92 करोड़ रही थी।

प्रीपेड कार्ड

भुगतान संबंधी विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एसबीआई विश्व यात्रा कार्ड, ईजी पे कार्ड और गिफ्ट कार्ड जैसे बैंक के विभिन्न प्रकार के प्रीपेड कार्ड विदेशों की यात्रा करने वालों को सुरक्षा एवं सुविधा प्रदान करते हैं। ईजी-पे कार्ड सभी प्रकार की घरेलू भुगतान आवश्यकताओं को पूरा करते हैं और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सामाजिक लाभों के संवितरण हेतु पसंदीदा कार्ड साबित हो रहे हैं। ग्राहकों को और अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए बैंक ने ऑनलाइन गिफ्ट कार्ड खरीदने की सुविधा भी शुरू की है। वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान एसबीआई विश्व यात्रा फॉरेन ट्रैवल कार्ड, ईजी पे कार्ड और गिफ्ट कार्ड की बिक्री राशि क्रमश: 74.24 मिलियन अमरीकी डॉलर, ₹ 550.60 करोड़ और ₹ 103.94 करोड़ रही।

साधारण बीमा

अपने ग्राहकों को लाभ पहुंचाने और आंतरिक व्यवसाय के महत्व को बढ़ाने के लिए तथा वित्तीय सेवा क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी के रूप में स्टेट बैंक समूह को स्थापित करने के लिए, बैंक ने एक अनुषंगी के रूप में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसबीआई जनरल) की स्थापना की है जिसकी प्राधिकृत संदत्त पूंजी 150 करोड़ रुपए है। हमारे बैंक ने ईक्विटी पूंजी में जहां 74 प्रतिशत (₹ 111 करोड़) शेयरों में निवेश किया है वहीं आईएजी इंटरनेशनल पीटीवाई लि. ने शेष 26 प्रतिशत(₹ 39 करोड़ + प्रीमियम के रूप में ₹ 503.10 करोड़ - कुल ₹ 542.10 करोड़) शेयरों में निवेश किया है।

पिछले वित्त वर्ष में कंपनी ने अपने व्यवसाय परिचालन शुरू किए। वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान जुटाए गए कुल व्यवसाय (सकल प्राप्त प्रीमियम) की राशि ₹ 43.02 करोड़ रही। बैंकएश्योरेंस, ब्रोकरों, एजेंटों, प्रत्यक्ष बिक्री आदि विभिन्न चैनलों के माध्यम से व्यवसाय प्राप्त किया गया।

अप्रैल 2010 में कंपनी ने मुंबई आधारित कारपोरेट और मिड कारपोरेट ग्राहकों के लिए सीमित परिचालन शुरू किया, और जुलाई 2010 में इसे छह अन्य प्रमुख केन्द्रों पर शुरू किया गया । चालू वित्त वर्ष के दौरान चरणबद्ध ढंग से इसे अन्य प्रमुख केन्द्रों पर शुरू किया जाएगा।

फरवरी 2011 में मुंबई और चेन्नई में प्रायोगिक आधार पर एसएमई व्यवसाय शुरू किया गया, और चरणबद्ध ढंग से अन्य केन्द्रों पर भी इसे शुरू करने की कंपनी की योजना है।

अक्तूबर 2010 में, रिटेल खण्ड में कंपनी ने मुंबई में अपना दीर्घकालीन आवास बीमा व्यवसाय शुरू किया जिसे धीरे-धीरे 56 आरएसीपीसी और आरएएसएमईसीसी केन्द्रों में विस्तारित किया गया है। काफी मात्रा में आवास ऋण संवितरित करने वाली 60 प्रमुख एसबीआई शाखाओं में भी दीर्घकालीन आवास बीमा व्यवसाय शुरू किया गया है।

इन केन्द्रों पर व्यवसाय संभावना को देखते हुए, कंपनी ने भारत में 17 शाखाओं की शुरुआत की है।

अभिरक्षा सेवाएं (एसबीआई-एसजी ग्लोबल सिक्युरिटीज सर्विसेज प्रा. लि.)

बैंक और सोसायटी जनरल के बीच उपर्युक्त संयुक्त उद्यम वर्ष 2008 में स्थापित किया गया जिससे भारतीय वित्तीय बाजारों में कार्यरत देशीय संस्थाओं तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों, दोनों ही को सेवाओं की संपूर्ण शृंखला प्रदान की जा सके। विश्व के नामी खिलाड़ी एसजी के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करके बैंक, पूरे विश्व के इस उद्योग में श्रेष्ठ प्रथाओं और प्रौद्योगिकी का समावेश करना चाहता है। साथ ही विश्वव्यापी अभिरक्षी माध्यम से अथवा प्रत्यक्ष रूप से सभी भौगोलिक सीमाओं में फैले ऐसे विदेशी संस्थागत

Debit Card & State Bank Silver International Debit Card to supplement the nation's effort to move towards a near cashless economy. The State Bank Group is the leader in the Debit Card market with over 90 million Debit Cards as on 31st March 2011, which constitute about 40% market share. Besides, the Bank's average number of daily transactions at PoS have gone up to 1.53 lac in March 2011 against 0.89 lac in March 2010. The average daily PoS spend went up to ₹ 24.19 crores per day in March 2011 against ₹ 14.92 crores per day in March 2010.

Prepaid Cards

Bank's range of Prepaid Cards viz. SBI Vishwa Yatra Foreign Travel Card (VYFTC), eZ-Pay Card and Gift Cards cater to the various payment needs provide safety and convenience to overseas travellers. eZ-Pay Card caters to all kinds of domestic payment needs and is proving to be the preferred mode for disbursement of social benefits by various State Governments. The Bank has also introduced the online purchase facility for Gift cards for greater convenience to customers. The sale of SBI Vishwa Yatra Foreign Travel Cards (VYFTC), eZ-Pay Cards and Gift Cards was USD 74.24 million, ₹ 550.60 crores and ₹ 103.94 crores respectively during the FY 2010-11.

General Insurance

As part of its strategy to enhance its value proposition to its customers and with a view to leveraging the value of in-house business and establish State Bank Group as a leading player in the financial services sector, the Bank has set up SBI General Insurance Co. Ltd. (SBI General) as a Subsidiary with an authorised and paid-up capital of ₹ 150 crores. While the Bank invested 74% (₹ 111 crores) in the equity capital, the Joint Venture Partner IAG International Pty. Ltd. (IAG) has invested the remaining 26% (₹ 39 crores + ₹ 503.10 crores as premium – Total ₹ 542.10 crores).

The Company launched its business operations in the last financial year. Total business (Gross Written Premium) booked during the year 2010-11 was ₹ 43.02 crores. The business has been written through various channels like Bancassurance, brokers, agents, direct sale etc.

The Company launched limited operations in April 2010 for the Corporate and Mid Corporate customers based at Mumbai, and it was expanded to six other major locations in July 2010. It will be extended to other major locations in a phased manner during the current financial year.

General Insurance SME business has been launched on a pilot basis in Mumbai and Chennai in February 2011, and the Company proposes to extend it to other locations in a phased manner.

In the Retail segment, the Company launched its Long Term Home Insurance business at Mumbai in October 2010, which was gradually extended to cover 56 RACPCs and RASMECCs. Long Term Home business has also been launched from 60 key SBI Branches with high levels of Home Loan disbursals.

The Company has since opened 17 branches across India, keeping in view the business potential at these centres.

Custodial Services (SBI-SG Global Securities Services Pvt. Ltd.)

The above JV between the Bank and Société Générale (SG) was incorporated in 2008 to complete the bouquet of services on offer to both Domestic Institutions and FIIs operating in the Financial Markets in India. By forming a JV with a leading global player, SG, the Bank proposes

निवेशकों के व्यवसाय में हिस्सा प्राप्त करना चाहता है जो भारतीय बाजार में वैश्विक अभिरक्षा माध्यम से अथवा सीधे प्रवेश करना चाहते हैं और देशीय संस्थाओं की भी पहली पसंद बनना चाहता है।

कंपनी ने कस्टोडियन के रूप में सेबी और सीडीएसएल और एनएसडीएल के साथ एक डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट के रूप में पंजीकरण कराया है। यह देशीय संस्थाओं और विदेशी संस्थागत निवेशकों दोनों तथा उनके उप-लेखों को अभिरक्षा सेवाएं और निधि संचालन सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी ने मई 2010 से अपना अभिरक्षा सेवा व्यवसाय करना शुरू कर दिया है, सितंबर 2010 से निधि लेखा सेवाएँ प्रदान करना शुरू कर दिया है तथा दिसंबर 2010 से एफआईआई ग्राहक जुटाए हैं।

कंपनी ने जनवरी 2011 से माह-प्रति-माह आधार पर लाभ-अलाभ स्थिति प्राप्त कर ली है और कंपनी को मार्च 2011 को समाप्त हो रहे वित्त वर्ष के लिए ₹ 1.37 करोड़ (संचित हानि ₹ 7.43 करोड़) की निवल हानि हुई जबकि वित्त वर्ष 2009-10 के लिए ₹ 4.29 करोड़ की निवल हानि हुई थी।

प्राइवेट ईक्विटी

वर्ष के दौरान, बैंक ने देश की एक अग्रणी प्राइवेट ईक्विटी कंपनी के रूप में स्वयं को स्थापित करने में अच्छी प्रगति की है।

मैक्वेरी आस्ट्रेलिया और आईएफसी वाशिंगटन के साथ मिलकर संयुक्त रूप से स्थापित इस इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड ने देश-विदेश में अपनी पहुंच को बढ़ाते हुए कुल 1.19 बिलियन अमरीकी डालर की निवेश राशि जुटायी। फंड द्वारा जुटाए गए कुछ बड़े सौदे वित्त वर्ष के दौरान संपन्न हुए। अनेक प्रमुख उद्योग प्रकाशनों ने भारत में प्राइवेट ईक्विटी फंड को सर्वोच्च दर्जा दिया।

बैंक ने सल्तनत आफ ओमान के स्टेट जनरल रिज़र्व फंड (एसजीआरएफ), जो एक सरकारी कंपनी है, के साथ 100 मिलियन अमरीकी डॉलर की प्रारंभिक आधारभूत निधि (जिसे और बढ़ाकर 1.5 बिलियन अमरीकी डॉलर किया जा सकता है) वाले एक जनरल परपज प्राइवेट ईक्विटी फंड की स्थापना करने के लिए एक संयुक्त उद्यम करार पर भी हस्ताक्षर किए।

इसके लिए सभी आवश्यक नियामक अनुमोदन प्राप्त कर लिए गए और वित्त वर्ष के दौरान फंड ने कार्य करना शुरू कर दिया। फंड सेक्टर में अनिश्चितता के चलते फंड द्वारा वृद्धि वाले विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए अवसरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

मर्चेंट अधिग्रहण व्यवसाय

भारतीय बाजार में आज 1.5 करोड़ से भी अधिक मर्चेंट संस्थापनाएं हैं जिनमें से केवल 3.5 लाख मर्चेंट संस्थापनाओं में विक्रय केंद्र (पीओएस) टर्मिनल खोले गए हैं। भारत में मर्चेंट अधिग्रहण व्यवसाय में वर्ष-दर-वर्ष पर्याप्त वृद्धि, बढ़ रहे संगठित रिटेल व्यवसाय के साथ-साथ उपलब्ध अनेकानेक संभावनाओं, इलेक्ट्रानिक चैनलों को अपनाने के सरकारी अभियान, बैंक व्यवसाय को पूरी तरह से कोर बैंकिंग से करने और एसबीआई में प्रौद्योगिकी के बढ़ते हुए उपयोग को देखते हुए, बैंक ने मर्चेंट अधिग्रहण व्यवसाय में प्रवेश करने और इस प्रयोजन हेतु एसबीआई पेमेंट सर्विसेज प्रा.लिमिटेड के नाम से एक पूर्ण स्वामित्ववाली अनुषंगी स्थापित करने का निर्णय लिया है । इसने संयुक्त भागीदारों के रूप में वीजा इंटरनेशनल और इलैवान इनकॉ., जो विश्व बाजार में सबसे आगे है, का भी चयन किया है। इस बीच बैंक अपने स्तर पर यह व्यवसाय कर रहा है और इस समय शाखाओं के बड़े नेटवर्क का उपयोग करते हुए टियर-1, टियर-2 और टियर-3 में रिटेल खण्ड में व्यापार एवं सेवा क्षेत्रों से संबंधित वर्तमान एसबीआई ऋणियों और चालू खाता ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह कारपोरेट गठजोड़ों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है और इसने फ्यूचर ग्रुप, नेशनल हैण्डलूम, लीवरपूल जैसी प्रमुख कंपनियों के साथ गठजोड़ भी किए हैं।

ज. अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग समूह

ज.1 विदेश स्थित कार्यालयों का परिचालन

विदेशी शाखाओं (अनुषंगियों को छोड़कर) के आस्ति स्तर, जो मार्च 2010 में 27.78 बिलियन अमरीकी डालर था, में 16 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई और मार्च 2011 में यह बढ़कर 32.04 बिलियन अमरीकी डालर हो गया। वित्त वर्ष 2011 के दौरान निवल ग्राहक ऋण 21,561 मिलियन अमरीकी डालर से 13 प्रतिशत बढ़कर 24,525 मिलियन अमरीकी डालर, ग्राहक जमाराशियां 8,775 मिलियन अमरीकी डालर से 20 प्रतिशत बढ़कर 10,490 मिलियन अमरीकी डालर और निवल लाभ 38 प्रतिशत बढ़कर 326 मिलियन अमरीकी डालर हो गया।

to bring in the best practices and technology in this industry worldwide, and gain a share of the business of FIIs spread in all geographies that enter the Indian market through the Global Custodian route or directly besides becoming the preferred choice of Domestic Institutions as well.

The Company, registered as a Custodian with SEBI and Depository Participant with CDSL and NSDL offers Custodial Services and Fund Administration Services to both Domestic Institutions and FIIs and its sub-accounts. The Company commenced its custody operations in May 2010, started delivering Fund Accounting services from September 2010 and acquired FII clients from December 2010.

The company has broken even on a month to month basis from January 2011 and posted a net loss of ₹ 1.37 crores for FY ended 31st March 2011 (Accumulated Loss ₹ 7.43 crores) compared to a net loss of ₹ 4.29 crores in 2009-10.

Private Equity (PE)

During the year, the Bank made substantial progress in establishing itself as a leading PE fund player of the country.

The infrastructure fund JV with Macquarie Australia and IFC, Washington closed fund raising for its Domestic and Overseas legs mobilizing an aggregate investment commitment of USD 1.19 bn. The fund booked some of the largest deals concluded during the financial year and was acknowledged as one of the top ranked PE fund in India by many leading industry publications.

The Bank also signed a Joint Venture agreement with State General Reserve Fund (SGRF) of Sultanate of Oman, a sovereign entity, to set up a general purpose private equity fund with an initial corpus of USD 100 mn, expandable further to USD 1.5 bn. All necessary regulatory approvals were obtained and the fund was operationalized during the financial year. As the Fund sector agnostic, the fund has started looking at investment opportunities in various growth sectors for investments.

Merchant Acquiring Business (MAB)

Today in the Indian Market, there are more than 1.5 crores Merchant Establishments, out of which only 3.5 lac have been equipped with Point of Sales (PoS) terminals. In view of the huge untapped potential coupled with growing organized retail business, the Govt.'s drive to migrate to electronic channels, migration of 100% of the Bank's business to Core Banking platform and the increased use of technology in SBI, the Bank decided to foray into MAB and floated a wholly owned subsidiary namely SBI Payment Services Pvt. Ltd. (SBIPSPL) for this purpose. It also identified VISA International and Elavon Inc., who are the global market leaders, as joint venture partners. In the intervening period, the Bank on its own is conducting the business and is presently focussing on existing SBI borrowers and Current Account customers belonging to the Trade and Services sectors in the Retail segment in Tier 1, Tier 2 and Tier 3 centres by leveraging the large network of branches. It is also focussing on corporate tie-ups and has already entered into tie-ups with prominent players like Future Group, National Handloom, Liver Pool etc.

H. INTERNATIONAL BANKING GROUP

H-1. Operation of Foreign Offices

The asset level of foreign branches (excluding subsidiaries) rose by 16%, from USD 27.78 bn in March 2010 to USD 32.04 bn in March 2011. During FY'11, net customer credit grew by 13% from USD 21,561 mn to USD 24,525 mn, customer deposits grew by 20%, from USD 8,775 mn to USD 10,490 mn and net profit rose by 38%, to USD 326 mn.

समुद्रपारीय विस्तार

31 मार्च 2010 को 142 विदेशी कार्यालयों की तुलना में 31 मार्च 2011 तक इनकी संख्या बढ़कर 156 हो गई। ये कार्यालय 32 देशों में फैले हैं।

इन कार्यालयों में 45 शाखाएं, 8 प्रतिनिधि कार्यालय, छह विदेशी बैंकिंग अनुषंगियों के 93 कार्यालय और अन्य 10 कार्यालय शामिल हैं।

संसाधन प्रबंधन

विश्व स्तर पर वित्तीय बाजार में हलचल के बावजूद बैंक के विदेशी कार्यालयों ने चलनिधि स्थिति को संतोषजनक बनाए रखा। जुलाई 2010 में, बैंक ने 5 वर्ष के बड़े ऋण के रूप में स्टैंडअलोन नियम 144ए/आरईजी-एस इश्यू के अंतर्गत 1 बिलियन अमरीकी डालर (लगभग ₹ 4,460 करोड़) की राशि जुटायी। इससे पहले यूरो में एक बाण्ड निर्गम जारी किया जिसमें बैंक ने एमटीएन कार्यक्रम के अंतर्गत 5 वर्षों हेतु 750 मिलियन यूरो (लगभग ₹ 4,754 करोड़) जुटाए थे। जनवरी 2011 में प्राइवेट प्लेसमेंट के रूप में 100 मिलियन अमरीकी डालर (लगभग ₹ 446 करोड़) की राशि जुटाई। वित्त वर्ष 2011 के दौरान, बैंक ने स्विस बाण्ड मार्केट में पहली बार एक निर्गम भी जारी किया और एमटीएन कार्यक्रम के अंतर्गत 5 वर्षों हेतु 325 मिलियन सीएचएफ (लगभग ₹ 1,582 करोड़) जुटाए।

31 मार्च 2011 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान, बैंक ने विभिन्न परिपक्वता वाले द्विपक्षीय ऋणों के रूप में 893 मिलियन अमरीकी डालर (लगभग ₹ 3,982 करोड़) की राशि जुटायी।

अनिवासी भारतीय व्यवसाय

वर्ष के दौरान, बैंक की अनिवासी भारतीय जमाराशियों में ₹ 1,760 करोड़ की वृद्धि हुई और मार्च 2011 में यह राशि ₹ 51,777 करोड़ के स्तर तक पहुंच गई। अनिवासी भारतीयों के अग्रिमों में ₹ 162 करोड़ की वृद्धि दर्ज हुई जिसकी 31 मार्च 2011 को बकाया राशियां ₹1380 करोड़ थीं।

धन-प्रेषणों में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई और इनकी राशि वित्त वर्ष 2010 के ₹ 37,319 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2011 में ₹ 46,396 करोड़ तक पहुंच गई। भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से धन-प्रेषण करने हेतु बैंक ने 24 विनिमय कंपनियों और मध्य-पूर्व देशों के चार बैंकों के साथ गठजोड़ किया।

वर्ष के दौरान 20 नई एनआरआई शाखाओं के खुल जाने से एनआरआई शाखाओं की कुल संख्या 40 हो गई। एनआरआई शाखाओं को अलग से सेवाएं प्रदान करने के लिए संबंध प्रबंधकों को पदस्थ किया गया है।

डालर प्रीमियम खाते के अतिरिक्त जीबीपी, ईयूआर, एयूडी, सीएडी और जेपीवाई में नामित 'एफसीएनआर (बी) प्रीमियम खाते' की शुरुआत की गई। आरएफसी खाता सुविधा, जो इस समय अमरीकी डालर में उपलब्ध है, जीबीपी और ईयूआर में भी शुरू कर दी गई।

ज-2 देश में कारोबार

मर्चेंट बैंकिंग

बैंक ने मार्च 2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एशिया प्रशांत क्षेत्र (जापान को छोड़कर परंतु आस्ट्रेलिया सहित) में समूहन ऋणों के लिए अधिदेशित प्रमुख व्यवस्थापक और बुक रनर के रूप में अग्रणी स्थिति बनाए रखी।

वर्ष के दौरान कुल 18,548 मिलियन अमरीकी डालर के उच्च राशि वाले 11 समूहन सौदे सफलतापूर्वक संपन्न किए गए जिसमें हमारा हिस्सा 3,683 मिलियन अमरीकी डालर था। 479 मिलियन अमरीकी डालर की कुल राशि के अनेक द्विपक्षीय सौदे भी किए गए।

वर्ष के दौरान किए गए समूहन एवं द्विपक्षीय सौदों में से 116 मिलियन अमरीकी डालर की शुल्क आय अर्जित की गई।

वैश्विक संपर्क सेवाएं (जीएलएस)

वर्ष 2010-11 में, घरेलू शाखाओं की ओर से जीएलएस ने कुल 15.92 बिलियन अमरीकी डालर के 1,32,540 निर्यात बिलों और 1,28,485 विदेशी मुद्रा चैक उगाहियों का कार्य संपन्न किया । इसके अतिरिक्त, इसने मिडिल ईस्ट, यूके और यूएसए के विभिन्न केन्द्रों से 4.26 बिलियन अमरीकी डालर राशि के 40,58,830 आवक धन-प्रेषण लेनदेन का कार्य भी निष्पादित किया।

संपर्की संबंध

विभिन्न प्रकार के ग्राहकों को तार रहित सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक ने 491 प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय बैंकों के साथ संपर्की बैंकिंग करार किए। ये संपर्की बैंक 121 देशों में स्थित हैं। वित्तीय संदेशों का स्विफ्ट के माध्यम से शीघ्र

Overseas Expansion

The number of foreign offices increased from 142 as on 31st March 2010 to 156 as on 31st March 2011 spread across 32 countries.

The offices comprised 45 branches, 8 Representative Offices, 93 offices of the six foreign banking subsidiaries and 10 other offices.

Resource Management

Despite volatile global market conditions, the Bank's foreign offices maintained comfortable liquidity position. In July 2010, the Bank raised a sum of USD 1 bn (₹ 4,460 crores approx) under a Standalone Rule 144A / Reg-S issue as senior debt of 5 years. This was followed by a bond issue in Euro wherein Bank raised EUR 750 mn (₹ 4,754 crores approx.) for 5 years, under the Bank's MTN Programme. In January 2011, USD 100 mn (₹ 446 crores approx) was raised by way of private placement. During FY'11, the Bank also made a debut issue in Swiss bond market and raised CHF 325 mn (₹ 1,582 crores approx.) for 5 years, under MTN programme.

During the year ended 31st March 2011, the Bank raised a sum of USD 893 mn (₹ 3,982 crores approx.) by way of bilateral loans of different maturities.

NRI Business

NRI Deposits grew by ₹ 1,760 crores during the year and reached a level of ₹ 51,777 crores in March 2011. Advances to NRIs recorded a growth of ₹ 162 crores with outstandings of ₹ 1,380 crores as on 31st March 2011.

Remittances grew from ₹ 37,319 crores in FY'10 to ₹ 46,396 crores in FY'11, clocking a growth of 24%. The Bank had a tie-up with 24 exchange companies and four banks in Middle-East countries for routing remittances through SBI.

During the year, twenty new NRI branches were opened taking the number of NRI branches to 40. Relationship Managers have been posted at these branches to render focused services to NRIs.

"FCNR (B) Premium Account" designated in GBP, EUR, AUD, CAD and JPY was launched in addition to the Dollar Premium Account. RFC Account facility, presently available in USD, was extended for GBP and EUR as well.

H-2. Domestic Operations

Merchant Banking

The Bank retained the leadership as Mandated Lead Arranger and Book Runner for syndicated loans in Asia Pacific (excluding Japan but including Australia) for the year ended March 2011.

During the year, eleven high value deals aggregating USD 18,548 mn with our take and hold of USD 3,683 mn were syndicated successfully. A large number of bilateral deals aggregating USD 479 mn were also concluded.

A fee income of USD 116 mn was earned from syndications and bilateral deals concluded during the year.

Global Link Services (GLS)

In the year 2010-11, GLS on behalf of domestic branches, handled 1,32,540 export bills and 1,28,485 foreign currency cheque collections aggregating USD 15.92 billion. In addition, it handled 40,58,830 inward remittance transactions amounting to USD 4.26 billion from various centres in the Middle East, UK and USA.

Correspondent Relations

The Bank maintains correspondent banking arrangement with 491 reputed International Banks to extend seamless services to varied clients. These correspondent Banks are located in 121 countries. The Bank also has 2,261 Relationship Management Application (RMA)

धन प्रेषण करने के लिए बैंक के पास 2261 रिलेशनशिप मैनेजमेंट अप्लीकेशन (आरएमए) व्यवस्थाएं भी हैं।

देश जोखिम एवं बैंक ऋण जोखिम

बैंक में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप एक देश जोखिम प्रबंधन नीति लागू है। इस नीति में देश, बैंक, उत्पाद एवं प्रतिपक्ष ऋण जोखिम सीमाओं के न्यूनीकरण के कारगर जोखिम प्रबंधन मॉडल निर्धारित किए गए हैं। देशवार और बैंकवार ऋण जोखिम सीमाओं की नियमित आधार पर निगरानी एवं समीक्षा की जाती है। ऋण जोखिमों के स्वरूप में उतार-चढ़ाव के अनुरूप ऋण जोखिम की उच्चतम सीमाओं और वर्गीकरणों को घटाया-बढ़ाया जाता है। बैंक के हितों की रक्षा करने के लिए आवधिक सुरक्षात्मक उपाय किए जाते हैं।

झ. आस्ति गुणवत्ता

अनर्जक आस्ति प्रबंधन

31.03.2011 की स्थिति के अनुसार अनर्जक आस्तियों में कमी लाए जाने की स्थिति यहां नीचे प्रस्तुत की गई है :

तालिका : आस्ति गुणवत्ता (₹ करोड़ में)

1	सकल अनर्जक आस्तियां	25,326
	सकल अनर्जक आस्तियों का प्रतिशत	3.28%
2	निवल अनर्जक आस्तियां	12,347
	निवल अनर्जक आस्तियों का प्रतिशत	1.63%
3	अनर्जक आस्तियों की नकद वसूली	3,848
4	मानक आस्तियों के रूप में कोटि उन्नयन	4,499
5	बट्टे खाते	4,007
6	अनर्जक आस्तियों में सकल कमी (3+4+5)	12,354
7	मानक आस्तियों से अनर्जक आस्तियों के रूप में हालिया गिरावट	18,145
8	बट्टे खाते डाले गए ऋणों में वसूली	966

- कंपनी ऋण पुनर्गठन (सीडीआर) व्यवस्था और बैंक की अपनी योजना दोनों के अंतर्गत ह्रासित मानक आस्तियों तथा व्यवहार्य अनर्जक आस्तियों के पुनर्गठन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई जिससे अनर्जक आस्तियों में नए परिवर्धन को रोका जा सके तथा अनर्जक आस्तियों के वर्तमान स्तर को भी कम किया जा सके।
- अनर्जक आस्तियों को रोकने के लिए समय रहते कदम भी उठाए गए ।
- भारतीय स्टेट बैंक सहित सम्पूर्ण बैंकिंग प्रणाली द्वारा कंपनी ऋण पुनर्गठन (सीडीआर) व्यवस्था को वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान संदर्भित 49 मामलों में से बैंक ने सीडीआर के अंतर्गत ₹ 1,378.93 करोड़ के ऋण के 10 मामले संदर्भित किए। इन 49 मामलों में से बैंक की ₹ 2,250.24 करोड़ की कुल राशि के 25 मामलों में हिस्सेदारी है।

ञ. सहयोगी एवं अनुषंगियाँ

ञ.1 अपने पांच सहयोगी बैंकों की 4,724 शाखाओं सहित 18,266 शाखाओं के विशाल नेटवर्क वाला स्टेट बैंक समूह भारत में बैंकिंग उद्योग में प्रमुख स्थान रखता है। बैंकिंग के अतिरिक्त यह समूह अपनी विभिन्न अनुषंगियों के माध्यम से सभी प्रकार की बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है, जिनमें जीवन बीमा, साधारण बीमा, मर्चेंट बैंकिंग, म्यूचुअल फण्ड, क्रेडिट कार्ड, फैक्टरिंग, प्रतिभूति ट्रेडिंग, पेंशन निधि प्रबंधन और मुद्रा बाजार में प्राथमिक डीलरशिप शामिल है।

ञ.2 सहयोगी बैंक

भारतीय स्टेट बैंक के पांच सहयोगी बैंकों का बाजार अंश मार्च 2011 के अंतिम शुक्रवार को जमाराशियों में 5.88 प्रतिशत और अग्रिमों में 6.00 प्रतिशत था।

तालिका : सहयोगी बैंकों के निष्पादन के उल्लेखनीय तथ्य

(₹ करोड़ में)

	31.03.2010 को	31.03.2011 को	परिवर्तन (%)
कुल आस्तियाँ	3,18,580	3,68,283	15.60
कुल जमाराशियां	2,72,790	3,11,645	14.24
कुल अग्रिम	2,04,573	2,40,423	17.52
परिचालन लाभ	5,841.90	7,568.68	29.56
निवल लाभ	2,958.80	3,598.43	21.62
ऋण जमा अनुपात	74.15%	77.29%	4.23
पूंजी पर्याप्तता अनुपात	13.66	13.25	-0.41
सकल अनर्जक आस्तियां	3,504.68	5,066.50	44.56
निवल अनर्जक आस्तियां	1,692.96	2,443.69	44.34
ईक्विटी पर आय	18.97%	19.08%	0.11

arrangements with SWIFT, facilitating speedier flow of financial messages.

Country Risk and Bank Exposures

The Bank has in place Country Risk Management Policy in tune with RBI guidelines. The policy outlines robust risk management model with prescriptions for Country, Bank, Product and Counterparty exposure limits. Both Country-wise and Bank-wise exposure limits are monitored and reviewed on a regular basis. The exposure ceilings and classifications are moderated in line with the dynamics of their risk profiles. Periodical corrective steps are initiated to safeguard the Bank's interests.

I. ASSET QUALITY

NPA MANAGEMENT

The position of NPA reduction as on 31.03.2011 is given hereunder:

Table : Asset Quality (₹ in Crs)

1	Gross NPAs	25,326
	Gross NPA percentage	3.28%
2	Net NPAs	12,347
	Net NPA percentage	1.63%
3	Cash Recovery in NPA	3,848
4	Up gradation to Standard Assets	4,499
5	Write offs	4,007
6	Gross reduction in NPAs (3+4+5)	12,354
7	Fresh Slippages of Standard Assets to NPA category	18,145
8	Recovery in written off accounts	966

- Restructuring of impaired Standard Assets as well as viable non-performing assets, both under CDR mechanism as well as under the Bank's own scheme, has been given top priority for arresting new additions and for reducing the existing level of NPAs.
- Proactive steps have also been taken for prevention of NPAs.
- The Bank referred 10 cases with aggregate exposure of ₹ 1,378.93 crores to CDR mechanism during 2010-11, out of a total of 49 cases referred to CDR by the Whole Banking system including SBI. Out of these 49 cases, the Bank has exposure on 25 cases aggregating ₹ 2,250.24 crores.

J. ASSOCIATES AND SUBSIDIARIES

J.1 The State Bank Group with a network of 18,266 branches including 4,724 branches of its five Associate Banks dominates the banking industry in India. In addition to banking, the Group, through its various subsidiaries, provides a whole range of financial services, which include Life Insurance, Merchant Banking, Mutual Funds, Credit Card, Factoring, Security trading, Pension Fund Management and Primary Dealership in the Money Market.

J.2 Associate Banks

SBI's five Associate Banks had a market share of 5.88% in deposits and 6.00% in advances as on last Friday of March 2011.

Table : Performance Highlights of Associate Banks (ABs)

(₹ in Crs)

	As on 31.03.2010	As on 31.03.2011	Change (%)
Total Assets	3,18,580	3,68,283	15.60
Agg. Deposits	2,72,790	3,11,645	14.24
Total Advances	2,04,573	2,40,423	17.52
Operating Profit	5,841.90	7,568.68	29.56
Net Profit	2,958.80	3,598.43	21.62
Credit Deposit Ratio	74.15%	77.29%	4.23
Capital Adequacy Ratio	13.66	13.25	-0.41
Gross NPA	3,504.68	5,066.50	44.56
Net NPA	1,692.96	2,443.69	44.34
Return on Equity	18.97%	19.08%	0.11

अ.3 एसबीआई कमर्शियल एण्ड इंटरनेशनल बैंक लिमिटेड (एसबीआईसीआई)

मार्च 2011 के अंत तक, एसबीआईसीआई की कुल जमाराशियां एवं कुल अग्रिम क्रमश: ₹ 453.27 करोड़ और ₹ 271.43 करोड़ थे। बैंक ने क्रमश: ₹ 5.25 करोड़ और ₹ 4.21 करोड़ का परिचालन लाभ एवं निवल लाभ दर्ज किया। मार्च 2011 के अंत तक निवल अनर्जक आस्तियों की राशि निरंक थी।

अ.4 एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (एसबीआई कैप)

एसबीआई कैप परियोजना सलाहकार सेवाएं, संरचनात्मक वित्त की व्यवस्था, पूंजी बाजार सेवाएं जैसे ईक्विटी निर्गमन, विलय और अधिग्रहण, प्राइवेट ईक्विटी आदि की व्यवस्था करने वाली एक पूर्ण सेवा निवेश बैंकिंग इकाई है। एसबीआई कैप 40 प्रतिशत से अधिक बाजार अंश के साथ परियोजना वित्त में भारत में एक अग्रणी कंपनी है।

वर्ष के दौरान कंपनी को अनेक अवार्ड एवं सम्मान प्राप्त हुए जिनमें से कुछ निम्नवत हैं:

- लगातार तीसरे वर्ष थॉमसन रायटर्स द्वारा एशिया प्रशांत क्षेत्र में वर्ष - 2010 के लिए सर्वश्रेष्ठ बैंक अवार्ड ।
- आईएफआर एशिया द्वारा लगातार दूसरे वर्ष 'लोन हाउस ऑफ दि ईयर' अवार्ड।
- यूरोमनी प्रोजेक्ट फाइनैंस इंडियन डील्स अवार्ड्स -
  - o इंडियन पेट्रोकेमिकल डील ऑफ दि ईयर 2010 - ओएनजीसी मंगलूर पेट्रोकेमिकल्स
  - o इंडियन इंडस्ट्रियल डील ऑफ दि ईयर 2010 - डुनसम सीमेंट
  - o इंडियन ऑयल एण्ड गैस डील ऑफ दि ईयर 2010 - जीएसपीसी के जी ऑफसोर
- लगातार दूसरे वर्ष पीएफआई (थॉमसन रायटर्स) द्वारा वर्ष 2010 के लिए नम्बर - 1 वैश्विक अधिदेशक प्रमुख व्यवस्थापक।
- लगातार दूसरे वर्ष डीलोजिक द्वारा नम्बर - 1 वैश्विक प्रमुख व्यवस्थापक।
- ब्लूमबर्ग के अनुसार एशियन एक्स-जापान समूहन ऋणों में कैलेंडर वर्ष 2011 की प्रथम तिमाही के लिए 13.3 प्रतिशत प्रभावशाली बाजार अंश के साथ प्रमुख व्यवस्थापक।
- वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान जुटाई गई राशि के अनुसार तीसरे स्थान पर तथा संपन्न किए गए इश्यू की संख्या के अनुसार दूसरे स्थान पर।
- इश्यू की संख्या और जुटाई गई राशि दोनों के अनुसार राइट इश्यू में प्रथम स्थान।
- पीएसयू विनिवेश इश्यू की संख्या के अनुसार प्रथम स्थान।

कंपनी ने 31 मार्च 2011 को 173 प्रतिशत की वर्ष-प्रति-वर्ष वृद्धि दर्ज करके ₹ 374.72 करोड़ का कर पश्चात लाभ कमाया है जबकि 31.03.2010 को यह ₹ 137.12 करोड़ रहा था। इसने 400 प्रतिशत का अंतरिम लाभांश भी घोषित किया।

अ.4.1 एसबीआई कैप सिक्युरिटीज लि. (एसएसएल)

एसएसएल रिटेल एवं संस्थागत ग्राहकों को नकद एवं वायदा और विकल्प सौदों में ईक्विटी ब्रोकिंग सेवाएं प्रदान करने के अलावा, म्यूचुअल फंड जैसे अन्य वित्तीय उत्पादों के विक्रय और वितरण का कार्य भी करती है। एसएसएल की 100 शाखाएं हैं और यह रिटेल एवं संस्थागत दोनों प्रकार के ग्राहकों को डीमैट, ई-ब्रोकिंग, ई-आईपीओ और ई-एमएफ सेवाएं प्रदान करती है। एसएसएल की बहियों में वर्तमान में 1.89 लाख से भी अधिक ग्राहक हैं। चालू वर्ष के दौरान कंपनी ने 31.03.2011 को ₹ 4.59 करोड़ का लाभ कमाया।

अ.4.2 एसबीआई कैप्स वैंचर्स लिमिटेड (एसवीएल)

एसवीएल, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड की एक 100 प्रतिशत पूर्ण स्वामित्ववाली अनुषंगी है। एसवीएल ने वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान ₹ 0.59 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया है।

एसवीएल ने एसएस वैंचर्स सर्विसेज लि. जो एक वैंचर कैपिटल फण्ड है और एसवीएल और एसबीआई होल्डिंग इनका. (साफ्टबैंक), जापान द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित किया गया है, में लगाए हुए अपने अंश को और इंडिया जापान फण्ड में लगाए हुए अपने अंश को एसबीआई होल्डिंग इनका. और नॉलेज इन्वेस्टमेंट (मारीशस) लि. को क्रमश: ₹ 3.47 करोड़ और ₹ 2.60 करोड़ की राशि में बेच दिया है।

J.3 SBI Commercial & International Bank Ltd. (SBICI)

As at the end of March 2011, the aggregate Deposits and total Advances of SBICI stood at ₹ 453.27 crores and ₹ 271.43 crores respectively. The Bank recorded an operating and net profit of ₹ 5.25 crores and ₹ 4.21 crores respectively. The net NPA as at the end of March 2011 was NIL.

J.4 SBI Capital Markets Limited (SBICAP)

SBICAP is a full service investment banking outfit offering Project Advisory Services, arrangement of Structured Finance, Capital Market Services like Equity Issuances, Mergers & Acquisitions and arrangement of Private Equity, etc. SBICAP is a leader in India in Project Finance with over 40% market share.

The following are some of the many awards / recognitions won by the Company during the year:

- Bank of the year award 2010 for Asia Pacific Region for the 3rd consecutive year by Thomson Reuters.
- Loan House of the Year Award for the 2nd consecutive year by IFR Asia.
- Euromoney Project Finance Indian Deals awards –
  - o Indian Petrochemical Deal of the Year 2010- ONGC Mangalore Petrochemicals
  - o Indian Industrial Deal of the Year 2010 – Dungsam Cement
  - o Indian Oil & Gas Deal of the Year 2010- GSPC KG Offshore
- Ranked No 1 Global Mandated Lead Arrangers for 2010 by PFI (Thomson Reuters) for the second successive year.
- Ranked No 1 Global Lead Arrangers for the second successive year by Dealogic.
- Ranked 1st with an impressive market share of 13.3% for the 1st quarter of calendar 2011 on the Asia Ex-Japan Syndicated Loans Table as per Bloomberg.
- Ranked 2nd in terms of issues handled and 3rd in terms of amount raised during the financial year 2010-11.
- Ranked 1st in Rights Issues- both in terms of number of issues and amount raised
- Ranked 1st in number of PSU Divestment Issues.

The company has posted PAT of ₹ 374.72 crores as on 31.03.2011 as against ₹ 137.12 crores as on 31.03.2010 thus recording YoY growth of 173%. Also declared an interim dividend of 400%.

J.4.1 SBICAP Securities Limited (SSL)

SSL, a wholly owned subsidiary of SBI Capital Markets Ltd., besides offering equity broking services to retail and institutional clients both in cash as well as in Futures and Options segments, is also engaged in Sales & Distribution of other financial products like Mutual Funds, etc. SSL has 100 branches and offers Demat, e-broking, e-IPO and e-MF services to both retail and institutional clients. SSL currently has more than 1.89 lac customers in their books. The Company has posted a profit of ₹ 4.59 crores as on 31.03.2011 during the current year.

J.4.2 SBICAPS Ventures Limited (SVL)

SVL is a wholly owned subsidiary of SBI Capital Markets Ltd. SVL earned a net profit of ₹ 0.59 crore during 2010-11.

SVL sold its stake in SS Ventures Services Ltd., a venture capital fund set up jointly by SVL and SBI Holdings Inc (Softbank), Japan and its stake in India Japan Fund to SBI Holdings Inc and Knowledge Investments (Mauritius) Ltd at a total consideration of ₹ 3.47 crores and ₹ 2.60 lac respectively.

ञ.4.3 एसबीआई कैप (यूके) लि. (एसयूएल)

एसयूएल, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लि. की पूर्ण स्वामित्ववाली एक अनुषंगी है। वर्ष के दौरान एसयूएल ने वैश्विक मंदी परिदृश्य के बावजूद ₹ 2.16 करोड़ की आय अर्जित की और ₹ 0.20 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया।

एसयूएल यूके और यूरोप में एसबीआई कैपिटल मार्केट्स के लिए एक संबंध इकाई के रूप में अपनी स्थिति बना रही है। एसबीआई कैप के व्यवसाय उत्पादों का विपणन करने के लिए विदेशी संस्थात्मक निवेशकों, वित्तीय संस्थाओं, विधि फर्मों, लेखा फर्मों आदि के साथ संबंध बनाए जा रहे हैं।

ञ.4.4 एसबीआई कैप ट्रस्टी कं. लि. (एसटीसीएल)

एसबीआई कैप ट्रस्टी कं. लि.(एसटीसीएल), जिसने 01 अगस्त 2008 से प्रतिभूति न्यासी व्यवसाय शुरू किया था, वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान ₹ 8.31 करोड़ की सकल आय और ₹ 4.43 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया है जबकि वित्त वर्ष 2009-10 के दौरान इसने ₹ 3.78 करोड़ की सकल आय अर्जित की थी और इसे ₹ 1.94 करोड़ का निवल लाभ हुआ था।

ञ.5 एसबीआई डीएफएचआई लिमिटेड (एसबीआई डीएफएचआई)

- वर्ष के दौरान एसबीआई ने एसबीआई डीएफएचआई में लगे हुए एशियन विकास बैंक के और इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट बैंक ऑफ इंडिया के क्रमश: 4.69 प्रतिशत और 0.47 प्रतिशत अंश अधिगृहीत किए हैं।
- एसबीआई समूह के पास इस प्राथमिक डीलर कंपनी के 72.17 प्रतिशत शेयर हैं।
- 31 मार्च 2011 को समाप्त अवधि के लिए कंपनी का कर पश्चात लाभ ₹ 56.94 करोड़ रहा जबकि मार्च 2010 में यह ₹ 89.23 करोड़ था। मुख्य रूप से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दरों में की गई बढ़ोतरी और निवेशों पर आय स्थिर रहने के कारण लाभ में कमी आई।
- 31.03.2010 को एसबीआई डीएफएचआई का बाजार अंश 2.71 प्रतिशत था, जो 31.03.2011 को बढ़कर 3.41 प्रतिशत हो गया।
- वर्ष के दौरान द्वितीयक बाजार टर्नओवर की राशि ₹ 97,885 करोड़ रही जबकि वर्ष 2010 की इसी अवधि के दौरान यह ₹ 78,911 करोड़ रही थी (वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर 24 प्रतिशत रही)।

ञ.6 एसबीआई कार्ड्स एण्ड पेमेंट सर्विसेज लि. (एसबीआई सीएसपीएल)

- एसबीआई कार्ड्स जो भारत में एकमात्र अकेली क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली कंपनी है, भारतीय स्टेट बैंक और जीई कैपिटल सर्विसेज का संयुक्त उद्यम है जिसमें भारतीय स्टेट बैंक की 60 प्रतिशत अंशधारिता है।
- मार्च 2011 के अंत तक कंपनी के सक्रिय कार्डों की संख्या 23 लाख और प्राप्य राशियां ₹ 1,795 करोड़ रहीं।
- मार्च 2011 को कंपनी को ₹ 7.10 करोड़ का निवल लाभ हुआ जबकि 31.03.2010 को इसे ₹ 152.4 करोड़ की हानि हुई थी।
- एसबीआई कार्ड, रीडर्स डाइजेस्ट ट्रस्टेड ब्रांड सर्वेक्षण 2010 में लगातार तीसरे वर्ष निर्विवाद रूप से स्वर्ण पुरस्कार विजेता बनकर सर्वाधिक विश्वस्त ब्रांड बनकर उभरा है।

तालिका : 31 मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार सहयोगी बैंकों के निष्पादन संबंधी उल्लेखनीय तथ्य

(₹ करोड़ में)

बैंक का नाम	पूंजी में भारतीय स्टेट बैंक का हिस्सा (%)	जमाराशियां	अग्रिम	परिचालन लाभ	निवल लाभ
स्टेट बैंक आफ					
बीकानेर एण्ड जयपुर	75.00	53319	41744	1140.25	550.88
हैदराबाद	100.00	90178	65437	2319.47	1166.24
मैसूर	92.33	42779	34440	1173.75	500.62
पटियाला	100.00	67771	52331	1759.24	652.96
त्रावणकोर	75.00	57598	46471	1175.97	727.73
सभी 5 बैंक		**311645**	**240423**	**7568.68**	**3598.43**

J.4.3 SBICAP (UK) Ltd. (SUL)

SUL is a wholly owned subsidiary of SBI Capital Markets Ltd. During the year SUL has booked a revenue of ₹ 2.16 crores and has posted a net profit of ₹ 0.20 crore despite the global recessionary scenario.

SUL is positioning itself as a Relationship outfit for SBI Capital Markets in UK and Europe. Relationships are being built with FIIs, Financial Institutions, Law Firms, Accounting Firms, etc to market the business products of SBICAP.

J.4.4 SBICAP TRUSTEE Co. Ltd. (STCL)

SBICAP TRUSTEE Co Ltd (STCL), a wholly owned subsidiary of SBI Capital Markets Ltd., which has commenced security trustee business with effect from 1st August 2008 has earned a gross income of ₹ 8.31 crores and a Net Profit of ₹ 4.43 crores during 2010-11 as against Gross Income of ₹ 3.78 crores and Net Profit of ₹ 1.94 crores during 2009-10.

J.5 SBI DFHI Ltd. (SBI DFHI)

- SBI acquired Asian Development Bank's and Industrial Investment Bank of India's stake (4.69% and 0.47% respectively) in SBI DFHI during the course of the year.
- SBI group holds 72.17 % share in the Company, which is a primary dealer.
- For the period ended 31st March 2011, the Company's PAT was ₹ 56.94 crores as against ₹ 89.23 crores during March 2010. The lower profit is mainly attributed to the impact of hikes in Repo rates by RBI and yield on investments remaining stagnant.
- The market share of SBIDFHI has increased from 2.71% as on 31.03.2010 to 3.41% as on 31.03.2011.
- The secondary market turnover during the year was ₹ 97,885 crores as against ₹ 78,911 crores during the corresponding period in 2010 (YoY growth of 24%).

J.6 SBI Cards & Payments Services Pvt. Ltd. (SBICSPL)

- SBI Cards, the only stand-alone credit card issuing company in India, is a joint venture between State Bank of India and GE Capital Corporation, wherein SBI holds 60% stake.
- The "Cards in Force" (CIF) of the Company stands at 23 lac and the receivables are at ₹ 1,795 crores at the end of March 2011.
एससीई शाखाएं मुख्य रूप से खुदरा व्यवसाय पर ध्यान देती हैं तथा बैंक की गैर-एससीई शाखाओं के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी बैंकों के निष्पादन की तुलना सभी प्रमुख क्षेत्रों में अपने निष्पादन के साथ करती हैं। इस समूह की शाखाएं विपणन तथा प्रौद्योगिकी उत्पादों के संवर्धन, परस्पर विक्रय तथा अन्य आय में वृद्धि, उपरिव्यय तथा अनर्जक आस्तियों पर नियंत्रण, उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने, उच्च मालयित वाले व्यक्तिगत ग्राहक आधार को मजबूत बनाने, वित्तीय आयोजना और सलाहकारी सेवाएं प्रदान करने तथा बैंक के मार्केट शेयर में सुधार लाने पर ध्यान दे रही हैं। एससीई शाखाओं के निष्पादन का आकलन प्रति माह बहुआयामी दक्षता मैट्रिक्स के आधार पर किया जाता है।

शाखाओं की संख्या के अनुसार एससीई शाखाओं का अंश मार्च 2010 के 5.64% से घटकर मार्च 2011 में 5.22% रह गया जबकि समग्र बैंक व्यवसाय में इनका अंशदान, वैयक्तिक देशी जमाराशियों में 12.34% से बढ़कर 12.41%, वैयक्तिक अग्रिमों में 16.44% से बढ़कर 17.98% तथा परस्पर विक्रय आय में 13.11% से बढ़कर 16.11% हो गया।

भ. ग्रीन बैंकिंग पहल

- ग्रीन बैंकिंग के संबंध में बैंक द्वारा किए जा रहे प्रयासों के रूप में विंडमिल परियोजना की सफलतापूर्वक शुरुआत की गई और इस प्रकार इससे उत्पन्न की गई बिजली को महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु राज्यों के हमारे कार्यालयों/शाखाओं द्वारा काम में लिया जा रहा है। इससे बैंक की विंडमिलों द्वारा उत्पन्न की गई नवीन बिजली की मात्रा तक प्रदूषण फैलानेवाली थर्मल बिजली की निर्भरता में कमी आएगी।

- बिजली बचानेवाले उपायों को लागू करके, कागज़ एवं पानी का सही ढंग से उपयोग करके, सोलर एटीएमों की स्थापना करके और ग्रीन चैनल बैंकिंग (कागज़रहित बैंकिंग) की शुरुआत करने के रूप में ऊर्जा एवं अपशिष्ट पदार्थों का सही तरीके से निपटान करने सहित संसाधनों का उपयोग बनाए रखने की अति आवश्यकता के बारे में हितधारकों के बीच प्रभावशाली ढंग से प्रचार-प्रसार किया गया।

- नवीनतम प्रौद्योगिकी के अधिग्रहण के माध्यम से सक्षम विनिर्माण प्रथाओं को अपनाते हुए ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जनों को कम करने के लिए रियायती ब्याज दरों पर ऋण प्रदान करके बैंक ग्राहकों को प्रोत्साहित करता रहा है। बैंक सीडीएम (क्लीन डवल्पमेंट मैकेनिजम) पंजीकरण प्रक्रिया में सूचीबद्ध सीडीएम परामर्शकों की सेवाएं प्राप्त करके परामर्शी सेवाओं की भी व्यवस्था करता है। सीईआर प्राप्यों के प्रतिभूतिकरण के रूप में प्रोजेक्ट डेवल्परों को अपफ्रंट वित्त उपलब्ध कराने के लिए बैंक ने एक ऋण उत्पाद भी शुरू किया है।

- बैंक ने अपने कार्बन फुटप्रिंट स्तरों का निर्धारण करने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना की शुरुआत की है जिससे बैंक के संसाधन उपयोग के तरीके का निर्धारण करने में मदद मिलेगी और इससे बैंक एक लागत प्रभावी ढंग से संसाधनों का उपयोग बनाए रखने के लिए प्रभावी उपाय शुरू कर सकेगा।

- मानसून के दौरान फलवाले पेड़ों के पौधे लगाने के लिए सभी मण्डलों में विशेष अभियान शुरू किए गए हैं, जो बहुत सफल रहे हैं। इन पौधों की देखरेख सुनिश्चित करने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

V. BANK'S OUTSOURCING POLICY

RBI have permitted banks to outsource non-core functions and the Bank has accordingly put in place a Board approved Outsourcing Policy.

W. SUPER CIRCLE OF EXCELLENCE (SCE)

The concept of Super Circle of Excellence (SCE) has been conceived to impart focus on a subset of branches to deliver high growth, improve efficiency, ensure high quality of customer service and also act as a forum for sharing of best practices.

As on 31.03.2011, there were 703 branches in Super Circle of Excellence, which include 592 NBG branches (339 Metro branches + 253 Urban branches) and 111 RBG branches (27 Rural + 84 Semi Urban).

The SCE branches focus mainly on Retail business and the performance in all focus areas is benchmarked with the performance of non-SCE branches of the Bank as well as competitor banks. The focus of this subset is also on marketing and promotion of technological products, increasing cross selling and other income, containment of overheads & NPAs, providing customer service of the highest order, strengthening HNI customer base, pushing for Financial Planning & Advisory Services and devising strategies to improve the Bank's Market Share. The performance of SCE branches is measured every month on a multi dimensional efficiency matrix.

While the share of SCE branches in terms of number of branches has come down from 5.64% in March 2010 to 5.22% in March 2011, the contribution to overall Bank business has increased from 12.34% to 12.41% in PER Domestic deposits, 16.44% to 17.98% in PER advances and 13.11% to 16.11% in cross selling income.

X. GREEN BANKING INITIATIVES

- As part of the Bank's on going 'Green Banking' initiatives, windmill project has been successfully commissioned and power thus generated is being consumed by our branches/offices in the States of Maharashtra, Gujarat and Tamilnadu. This reduces dependence on polluting thermal power to the extent of renewable power generated by the Bank's windmills.

- The imperatives of sustainable usage of resources, including energy and efficient disposal of wastes have been effectively propagated amongst the stakeholders, in the form of adopting energy efficiency measures, efficient usage of paper and water, installation of Solar ATMs, introduction of Green Channel Banking (Paperless Banking).

- The Bank has been encouraging customers by extending project loans on concessionary interest rates to reduce Green House gases (GHGs) emissions; by adopting efficient manufacturing practices through acquisition of latest technology. The Bank also arranges consultancy services by roping in the services of empanelled CDM consultants in CDM (Clean Development Mechanism) registration process. The Bank has also launched a loan product to facilitate upfront finance to the project developers by way of securitisation of Carbon Emission Reduction (CER) receivables.

- The Bank has initiated a pilot project to determine its Carbon footprint levels, which will help in determining the Bank's resource consumption pattern and enable the Bank to take effective steps to implement various measures for sustainable usage in a cost effective way.

- Special drive for fruit bearing tree plantation during monsoons was taken up across all Circles, which has been very successful and sustained efforts are being made to ensure the survival of the plants as well.

उत्तरदायित्व वक्तव्य

निदेशक बोर्ड एतदद्वारा उल्लेख करता है कि:

i. वार्षिक लेखे तैयार करते समय लागू लेखा मानकों का समुचित अनुपालन किया गया है और उससे विचलन की स्थिति में समुचित स्पष्टीकरण दिया गया है;

ii. उन्होंने ऐसी लेखा नीतियों का चयन एवं निरंतर प्रयोग किया है और ऐसे निर्णय लिए हैं तथा प्राक्कलन किए हैं, जो 31 मार्च 2011 को बैंक के कार्यकलाप और उक्त दिनांक को समाप्त वर्ष हेतु बैंक के लाभ एवं हानि की सही एवं निष्पक्ष स्थिति दर्शाने के लिए पर्याप्त एवं विवेक सम्मत हैं;

iii. उन्होंने बैंक की आस्तियों की सुरक्षा करने और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए बैंककारी विनियमन अधिनियम,1949 और भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकार्ड रखने हेतु समुचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती है; और

iv उन्होंने वार्षिक लेखों को वर्तमान और भावी सतत अपेक्षाओं के अनुसार तैयार किया है।

आभार

वर्ष के दौरान श्री एस. के. भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक (धारा 19 (ख)) के अंतर्गत 31 अक्तूबर 2010 को सेवानिवृत्त होने के कारण बैंक के बोर्ड में निदेशक नहीं रहे। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 20 (3क) में संशोधन करके, भारत सरकार द्वारा धारा 19 (घ) के अंतर्गत नामित निदेशकों का कार्यकाल तीन वर्ष तक सीमित करने का नियम 15 सितंबर 2010 से लागू करने के कारण डॉ. देवा नंद बालोधी और प्रो. मो. सलाहुद्दीन अंसारी उस दिनांक से केंद्रीय बोर्ड के निदेशक नहीं रहे। भारत सरकार के नामिती श्री अशोक चावला 31 जनवरी 2011 को सेवानिवृत्त होने के कारण केंद्रीय बोर्ड के निदेशक नहीं रहे। डॉ. (श्रीमती) वसंता भरुचा का केंद्रीय बोर्ड के निदेशक के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल 24 फरवरी 2011 को समाप्त हो गया। श्री ओ. पी. भट्ट, अध्यक्ष अधिवर्षिता आयु पूर्ण होने के कारण 31.03.2011 को कार्य दिवस की समाप्ति पर सेवानिवृत्त हो गए।

श्री जी. डी. नडाफ दिनांक 4 नवंबर 2010 से बोर्ड में धारा 19 (गख) के अंतर्गत अधिकारी कर्मचारी निदेशक के रूप में नामित किए गए। श्री शशिकांत शर्मा दिनांक 18 फरवरी 2011 की अधिसूचना के द्वारा धारा 19 (ङ) के अंतर्गत श्री अशोक चावला के स्थान पर सरकार द्वारा नामिती निदेशक के रूप में नामित किए गए। श्री रशपाल मल्होत्रा दिनांक 10 मई 2011 से बोर्ड में धारा 19 (घ) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित किए गए।

निदेशक, बोर्ड की चर्चाओं में श्री ओ. पी. भट्ट, श्री एस. के. भट्टाचार्य, डॉ. देवा नंद बालोधी, प्रो. मो. सलाहुद्दीन अंसारी, श्री अशोक चावला तथा डॉ. (श्रीमती) वसंता भरुचा द्वारा दिए गए योगदान की सराहना करते हैं। साथ ही बोर्ड में श्री जी. डी. नडाफ, श्री शशिकांत शर्मा तथा श्री रशपाल मल्होत्रा का स्वागत करते हैं।

निदेशकों ने भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी, आईआरडीए और अन्य सरकारी एवं नियामक एजेंसियों से प्राप्त मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए भी अपनी कृतज्ञता प्रकट की है।

निदेशकों ने सभी महत्वपूर्ण ग्राहकों, शेयरधारकों, बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं, शेयर बाजारों, रेटिंग एजेंसियों और अन्य हितधारकों को भी उनके संरक्षण एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है और बैंक के कर्मचारियों की समर्पित एवं प्रतिबद्ध टीम की उन्होंने सराहना की है।

केन्द्रीय निदेशक बोर्ड के लिए
और उनकी ओर से,
प्रतीप चौधरी
अध्यक्ष

दिनांक : 17 मई, 2011

RESPONSIBILITY STATEMENT

The Board of Directors hereby states :

i. that in the preparation of the annual accounts, the applicable accounting standards have been followed along with proper explanation relating to material departures;

ii. that they have selected such accounting policies and applied them consistently and made judgements and estimates as are reasonable and prudent, so as to give a true and fair view of the state of affairs of the Bank as on the 31st March 2011, and of the profit and loss of the Bank for the year ended on that date;

iii. that they have taken proper and sufficient care for the maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of the Banking Regulation Act, 1949 and State Bank of India Act, 1955 for safeguarding the assets of the Bank and preventing and detecting frauds and other irregularities; and

iv. that they have prepared the annual accounts on a going concern basis.

ACKNOWLEDGEMENT

During the year, Shri S.K. Bhattacharyya, Managing Director, (under section 19(b)) ceased to be a director on the Bank's Board consequent to his superannuation on 31st October 2010. Further, consequent to the amendment to Section 20(3A) of SBI Act, 1955 restricting the term of office of Directors nominated under section 19(d) by Govt. of India to three years coming into force with effect from 15th September 2010, Dr. Deva Nand Balodhi and Prof. Md. Salahuddin Ansari ceased to be directors from the Central Board as on that date. Shri Ashok Chawla, Govt. Nominee, ceased to be a director on the Bank's Central Board consequent to his superannuation on 31st January 2011. Dr. (Mrs.) Vasantha Bharucha's term of three years, as Director on the Central Board, ended on 24th February 2011. Shri O.P. Bhatt, Chairman, retired on attaining superannuation, as at the close of business on 31.03.2011.

Shri G.D. Nadaf was nominated to the Board under Section 19 (cb) with effect from 4th November 2010 as Officer Employee Director. Shri Shashi Kant Sharma was nominated as Govt. Nominee Director, under Section 19(e), vide Notification dated 18th February 2011 vice Shri Ashok Chawla. Shri Rashpal Malhotra was nominated to the Board under Section 19(d) with effect from 10th May 2011 by Central Govt.

The Directors place on record their appreciation of the contribution made by Shri O.P. Bhatt, Shri S.K. Bhattacharyya, Dr. Deva Nand Balodhi, Prof. Md. Salahuddin Ansari, Shri Ashok Chawla & Dr. (Mrs.) Vasantha Bharucha to the deliberations of the Board and welcome Shri G.D. Nadaf, Shri Shashi Kant Sharma and Shri Rashpal Malhotra on the Board.

The Directors also express their gratitude for the guidance and cooperation received from the Government of India, RBI, SEBI, IRDA and other government and regulatory agencies.

The Directors also thank all the valued clients, shareholders, banks and financial institutions, stock exchanges, rating agencies and other stakeholders for their patronage and support, and take this opportunity to express their appreciation of the dedicated and committed team of employees of the Bank.

For and on behalf of the
Central Board of Directors

Pratip Chaudhuri
Chairman

Date : 17th May, 2011

कारपोरेट अभिशासन

अभिशासन कोड के प्रति बैंक का दृष्टिकोण

भारतीय स्टेट बैंक कारपोरेट अभिशासन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं का अक्षरश: अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक का मानना है कि उपयुक्त कारपोरेट अभिशासन का महत्व विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन से अधिक होता है। उपयुक्त अभिशासन से व्यवसाय के प्रभावी प्रबंधन और नियंत्रण में सुविधा होती है । इसके अनुपालन से बैंक कारोबारी सदाचार का उच्च स्तर बनाए रख सकता है और अपने सभी हितधारकों को इष्टतम परिणाम दे सकता है। संक्षेप में इसके उद्देश्य इस प्रकार हैं :

- शेयरधारकों की पूंजी की सुरक्षा और उसमें वृद्धि करना।
- ग्राहकों, कर्मचारियों तथा समग्र समाज के साथ-साथ अन्य सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करना।
- संप्रेषण में पारदर्शिता और ईमानदारी सुनिश्चित करना तथा सभी संबंधित पक्षों को संपूर्ण, सही एवं स्पष्ट सूचना उपलब्ध कराना।
- ग्राहक सेवा तथा निष्पादन संबंधी उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना तथा सभी स्तरों पर उत्कृष्टता हासिल करना।
- ऐसा सर्वश्रेष्ठ गुणवत्तापूर्ण कारपोरेट नेतृत्व प्रदान करना, जो दूसरों के लिए अनुकरणीय हो।

बैंक निम्नलिखित बातों के लिए प्रतिबद्ध है :

- यह सुनिश्चित करना कि बैंक का निदेशक बोर्ड नियमित बैठकें करे, व्यवसाय तथा कार्यों के मामले में प्रभावी नेतृत्व तथा व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करे तथा बैंक के निष्पादन की निगरानी करे।
- कार्यनीतिक नियंत्रण की रूपरेखा तय करना तथा इसकी प्रभावोत्पादकता की निरंतर समीक्षा करना।
- नीति विकास, कार्यान्वयन एवं समीक्षा, निर्णयन, निगरानी, नियंत्रण और रिपोर्टिंग के लिए सुस्पष्ट रूप से लिखित एवं पारदर्शी प्रबंधन प्रक्रिया स्थापित करना।
- बोर्ड को यथावश्यक सभी प्रासंगिक सूचनाएँ, सलाह और संसाधन उपलब्ध कराना ताकि वह अपनी भूमिका का निर्वाह प्रभावी ढंग से कर सके।
- यह सुनिश्चित करना कि अध्यक्ष, कार्यपालक प्रबंधन के सभी पहलुओं के प्रति उत्तरदायी हों तथा बैंक के निष्पादन और बोर्ड द्वारा निर्धारित नीतियों के कार्यान्वयन के लिए बोर्ड के प्रति जवाबदार हों। अध्यक्ष की भूमिका भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 तथा इसमें किए गए सभी संबंधित संशोधनों से भी निर्देशित होती है।
- यह सुनिश्चित करना कि भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक एवं अन्य विनियामकों एवं बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी प्रयोज्य संविधियों, विनियमों और अन्य कार्यविधियों, नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने और यदि कोई विचलन हो तो उसकी सूचना बोर्ड को देने के लिए किसी वरिष्ठ कार्यपालक को बोर्ड के प्रति उत्तरदायी बनाया जाए।

शेयर बाजारों के साथ सूचीकरण करार के खंड 49 के अनुसार बैंक ने उन मामलों को छोड़कर जहाँ खंड 49 के प्रावधान भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 तथा भारतीय रिज़र्व बैंक/भारत सरकार द्वारा जारी किए गए निदेशों के अनुरूप नहीं हैं, कारपोरेट अभिशासन के प्रावधानों का अनुपालन किया है। कारपोरेट अभिशासन के इन प्रावधानों के कार्यान्वयन पर एक रिपोर्ट नीचे प्रस्तुत की गई है।

भारतीय स्टेट बैंक (संशोधन) अधिनियम 2010

वर्ष (2010-11) के दौरान, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 में संशोधन किया गया। यह संशोधन भारतीय स्टेट बैंक (संशोधन) अधिनियम 2010 के अंतर्गत दिनांक 15 सितंबर 2010 से प्रभावी हुआ ।

बैंक की प्राधिकृत पूँजी ₹ 1,000 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 5,000 करोड़ कर दी गई जिसमें भारत सरकार की न्यूनतम धारिता संदत्त पूँजी के 55 प्रतिशत से घटाकर 51 प्रतिशत कर दी गई।

धारा 19 (क) के अंतर्गत उपाध्यक्ष का पद समाप्त कर दिया गया जबकि धारा 19 (ख) के अंतर्गत निदेशकों की संख्या दो से बढ़ाकर चार कर दी गई है। स्थानीय बोर्डों के अध्यक्षों को केंद्रीय बोर्ड के निदेशकों का पद प्रदान करनेवाली धारा 19 (खख) समाप्त कर दी गई।

वैयक्तिक शेयरधारकों को नामांकन सुविधा प्रदान की गई है।

सात वर्षों से अधिक के असंदत्त अथवा दावारहित लाभांश को निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि में अंतरित किए जाने का प्रावधान किया गया है।

वार्षिक महासभा में उपस्थित शेयरधारकों को तुलन पत्र, लाभ एवं हानि खाता, बैंक की कार्यप्रणाली एवं कार्यकलापों पर केंद्रीय बोर्ड की रिपोर्ट तथा तुलनपत्र एवं लेखों पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट प्राप्त करने और उनपर चर्चा करने का अधिकार है।

केंद्रीय बोर्ड : भूमिका एवं संरचना

भारतीय स्टेट बैंक का गठन वर्ष 1955 में संसद द्वारा पारित एक अधिनियम अर्थात भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 (अधिनियम) से हुआ। इस अधिनियम के अनुसार केंद्रीय निदेशक बोर्ड का गठन किया गया था।

बैंक का केंद्रीय बोर्ड अपने अधिकार भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम एवं विनियम 1955 के प्रावधानों से प्राप्त करता है और उन्हीं के अनुपालन में अपने कार्य करता है। अन्य बातों के साथ इसकी प्रमुख भूमिका में निम्नांकित शामिल हैं।

- बैंक के जोखिम प्रोफाइल का निरीक्षण;
- बैंक के व्यवसाय और नियंत्रण प्रणाली की सम्पूर्ण निगरानी;
- विशेषज्ञ प्रबंधन सुनिश्चित करना, और
- बैंक के हितधारकों के लाभों में वृद्धि करना।

बोर्ड की अध्यक्षता भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (क) के अंतर्गत नियुक्त बैंक के अध्यक्ष द्वारा की जाती है। भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (ख) के अंतर्गत चार प्रबंध निदेशक भी इस बोर्ड

CORPORATE GOVERNANCE

The Bank's Philosophy on Code of Governance

State Bank of India is committed to the best practices in the area of corporate governance, in letter and in spirit. The Bank believes that good corporate governance is much more than complying with legal and regulatory requirements. Good governance facilitates effective management and control of business, enables the Bank to maintain a high level of business ethics and to optimise the value for all its stakeholders. The objectives can be summarised as:

- To protect and enhance shareholder value.
- To protect the interest of all other stakeholders such as customers, employees and society at large.
- To ensure transparency and integrity in communication and to make available full, accurate and clear information to all concerned.
- To ensure accountability for performance and customer service and to achieve excellence at all levels.
- To provide corporate leadership of highest standard for others to emulate.

The Bank is committed to:

- Ensuring that the Bank's Board of Directors meets regularly, provides effective leadership and insights in business and functional matters and monitors Bank's performance.
- Establishing a framework of strategic control and continuously reviewing its efficacy.
- Establishing clearly documented and transparent management processes for policy development, implementation and review, decision-making, monitoring, control and reporting.
- Providing free access to the Board to all relevant information, advices and resources as are necessary to enable it to carry out its role effectively.
- Ensuring that the Chairman has the responsibility for all aspects of executive management and is accountable to the Board for the ultimate performance of the Bank and implementation of the policies laid down by the Board. The role of the Chairman and the Board of Directors are also guided by the SBI Act, 1955, with all relevant amendments.
- Ensuring that a senior executive is made responsible in respect of compliance issues with all applicable statutes, regulations and other procedures, policies as laid down by the GOI/RBI and other regulators and the Board, and reports deviations, if any.

The Bank has complied with the provisions of Corporate Governance as per Clause 49 of the Listing Agreement with the Stock Exchange except where the provisions of Clause 49 are not in conformity with SBI Act, 1955 and the directives issued by RBI/GOI. A report on the implementation of these provisions of Corporate Governance in the Bank is furnished below.

State Bank of India (Amendment) Act 2010

State Bank of India Act 1955 was amended during the year (2010-11), vide State Bank of India (Amendment) Act, 2010, with effect from 15th September 2010. The salient Amendments with a bearing on Corporate Governance are as follows :

Bank's authorised Capital was increased from ₹ 1,000 crores to ₹ 5,000 crores with minimum shareholding of Govt. of India reduced from 55% to 51% of issued Capital.

While the post of Vice-Chairman, under section 19(a), was abolished, the number of Managing Directors, under section 19(b), was increased from two to four. Section 19(bb) providing for Presidents of Local Boards as Directors on the Central Board was deleted.

Nomination facility has been provided to Individual shareholders.

Transfer of unpaid or unclaimed dividend, beyond seven years, to Investor Education and Protection Fund has been provided for.

Shareholders present at an Annual General Meeting are entitled to discuss and adopt the Balance Sheet, P&L account, Report of the Central Board on the working and activities of the Bank and the auditors' report on the balance sheet and accounts.

Central Board : Role and Composition

State Bank of India was formed in 1955 by an Act of the Parliament, i.e., The State Bank of India Act, 1955 (Act). A Central Board of Directors was constituted according to the Act.

The Bank's Central Board draws its powers from and carries out its functions in compliance with the provisions of SBI Act & Regulations 1955. Its major roles include, among others,

- Overseeing the risk profile of the Bank;
- Monitoring the integrity of its business and control mechanisms;
- Ensuring expert management, and
- Maximising the interests of its stakeholders.

The Board is headed by the Chairman, appointed under section 19(a) of the SBI Act; four Managing Directors are also appointed members of the Board under section 19(b) of the SBI Act. The Chairman and Managing Directors are whole time Directors. As on 31st March 2011, apart from Whole time Directors, there were eight other directors on the Board

के सदस्य नियुक्त किए जाते हैं। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पूर्णकालिक निदेशक होते हैं। 31 मार्च 2011 को बोर्ड में प्रौद्योगिकी, लेखाविधि, वित्त तथा अर्थशास्त्र जगत की शख्सियतों सहित कुल आठ अन्य निदेशक थे। अध्यक्ष और एक प्रबंध निदेशक के अलावा 31 मार्च 2011 को बोर्ड का स्वरूप निम्नानुसार था :

- धारा 19 (ग) के अंतर्गत शेयरधारकों द्वारा निर्वाचित चार निदेशक,
- केंद्र सरकार द्वारा धारा 19 (ग ख) के अंतर्गत नामित एक निदेशक,
- केंद्र सरकार द्वारा धारा 19 (घ) के अंतर्गत नामित एक निदेशक,
- केंद्र सरकार द्वारा धारा 19 (ङ) के अंतर्गत नामित एक निदेशक, तथा
- भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा धारा 19 (च) के अंतर्गत नामित एक निदेशक।

निदेशक मंडल का गठन सूचीबद्धता व्यवस्था के खंड 49 में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप है।

गैर-कार्यपालक निदेशकों का संक्षिप्त परिचय अनुलग्नक I में दिया गया है, विभिन्न बोर्डों/समितियों में सभी निदेशकों द्वारा धारित निदेशक पदों/सदस्यताओं का विवरण अनुलग्नक II में दिया गया है तथा बैंक में उनकी शेयरधारिता का विवरण अनुलग्नक III में दिया गया है।

केन्द्रीय बोर्ड की बैठकें

बैंक के केंद्रीय बोर्ड की वर्ष में कम से कम छह बैठकें आयोजित की जाती हैं। वर्ष 2010-11 के दौरान केंद्रीय बोर्ड की 10 बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों की तिथियाँ और निदेशकों की उपस्थिति निम्नानुसार है :

तालिका : वर्ष 2010-11 के दौरान आयोजित बोर्ड की बैठकों की तिथियाँ और उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 10 **बैठकों की तिथियाँ : 14.05.2010, 05.06.2010, 16.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010, 08.11.2010, 19.12.2010, 22.01.2011, 16.03.2011, 31.03.2011**			
श्री ओ.पी.भट्ट, अध्यक्ष, श्री आर.श्रीधरन, प्रबंध निदेशक और समूह कार्यपालक (सहयोगी एवं अनुषंगी) और श्री एस. वेंकटाचलम, निदेशक सभी दस बैठकों में उपस्थित रहे। अन्य निदेशकों की उपस्थिति की तिथियाँ निम्नानुसार हैं :			
निदेशक का नाम	**नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या**	**उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे**	**तिथियाँ**
श्री एस.के. भट्टाचार्य (31.10.2010 तक)	5	4	14.05.2010, 05.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010
डॉ. अशोक झुनझुनवाला	10	8	05.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010, 08.11.2010, 19.12.2010, 22.01.2011, 16.3.2011, 31.3.2011
श्री दिलीप सी. चौकसी	10	8	14.05.2010, 05.06.2010, 16.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010, 22.01.2011, 16.3.2011, 31.3.2011
श्री डी. सुंदरम	10	8	14.05.2010, 05.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010, 08.11.2010, 19.12.2010, 22.01.2011, 31.3.2011
डॉ. देवा नन्द बलोधी (15.9.2010 तक)*	5	5	14.05.2010, 05.06.2010, 16.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010
प्रो. मोहम्मद सलाहुद्दीन अंसारी (15.9.2010 तक)*	5	5	14.05.2010, 05.06.2010, 16.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010
डॉ. (श्रीमती) वसंता भरुचा (24.2.2011 तक)	8	8	14.05.2010, 05.06.2010, 16.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010, 08.11.2010, 19.12.2010, 22.01.2011
डॉ. राजीव कुमार	10	7	14.05.2010, 05.06.2010, 12.08.2010, 08.11.2010, 19.12.2010, 22.01.2011, 16.3.2011
श्री अशोक चावला (31.1.2011 तक)	8	4	16.06.2010, 08.11.2010, 19.12.2010, 22.01.2011,
श्रीमती श्यामला गोपीनाथ	10	8	14.5.2010, 05.06.2010, 17.09.2010, 08.11.2010, 19.12.2010, 22.1.2011, 16.3.2011,31.3.2011
श्री जी. डी. नडाफ (4.11.2010 से)	5	5	08.11.2010, 19.12.2010, 22.01.2011, 16.3.2011, 31.3.2011
श्री शशि कान्त शर्मा (18.2.2011 से)	2	1	16.3.2011

* भारत सरकार से 21.9.2010 को सूचना प्राप्त हुई।

including eminent professionals representing Technology, Accountancy, Finance and Economics.

The composition of the Board as on 31st March 2011, apart from Chairman and one Managing Director, was as under :

- four directors, elected by the shareholders under Section 19(c),
- one director, nominated by the Central Government under Section 19(cb),
- one director, nominated by the Central Government under Section 19(d),
- one director, nominated by the Central Government under Section 19(e), and
- one director, nominated by the Reserve Bank of India under Section 19(f).

The composition of the Board complies with provisions laid down in Clause 49 of the Listing Agreement.

A brief resume of each of the non-executive Directors is presented in Annexure I. Particulars of the directorships/memberships held by all the Directors in various Boards/Committees are presented in Annexure II and the details of their shareholding in the Bank are mentioned in Annexure III.

Meetings of the Central Board

The Bank's Central Board meets a minimum of six times a year. During the year 2010-11, **ten** Central Board Meetings were held. The dates of the meetings and attendance of the directors are as under :

Table : Dates & Attendance of Directors at Board Meetings during 2010-11

No. of Meetings held : 10 **Dates of the Meetings : 14.05.2010, 05.06.2010, 16.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010, 08.11.2010, 19.12.2010, 22.01.2011, 16.03.2011, 31.03.2011**			
Shri O.P. Bhatt, Chairman, Shri R. Sridharan, Managing Director & GE (A&S) & Shri S. Venkatachalam, Director attended all the ten Meetings. Dates of attendance of other Directors are as below :			
Name of the Director	**No. of Meetings held after nomination/ election/ during incumbency**	**No. of Meetings attended**	**Dates**
Shri S. K. Bhattacharyya (upto 31.10.2010)	**5**	**4**	**14.05.2010, 05.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010**
Dr. Ashok Jhunjhunwala	**10**	**8**	**05.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010, 08.11.2010, 19.12.2010, 22.01.2011, 16.3.2011, 31.3.2011**
Shri Dileep C. Choksi	**10**	**8**	**14.05.2010, 05.06.2010, 16.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010, 22.01.2011, 16.3.2011, 31.3.2011**
Shri D. Sundaram	**10**	**8**	**14.05.2010, 05.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010, 08.11.2010, 19.12.2010, 22.01.2011, 31.3.2011**
Dr. Deva Nand Balodhi (upto 15.9.2010)*	**5**	**5**	**14.05.2010, 05.06.2010, 16.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010**
Prof. Md. Salahuddin Ansari (upto 15.9.2010)*	**5**	**5**	**14.05.2010, 05.06.2010, 16.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010**
Dr. (Mrs.) Vasantha Bharucha (upto 24.2.2011)	**8**	**8**	**14.05.2010, 05.06.2010, 16.06.2010, 12.08.2010, 17.09.2010, 08.11.2010, 19.12.2010, 22.01.2011**
Dr. Rajiv Kumar	**10**	**7**	**14.05.2010, 05.06.2010, 12.08.2010, 08.11.2010, 19.12.2010, 22.01.2011, 16.3.2011**
Shri Ashok Chawla (upto 31.1.2011)	**8**	**4**	**16.06.2010, 08.11.2010, 19.12.2010, 22.01.2011,**
Smt. Shyamala Gopinath	**10**	**8**	**14.5.2010, 05.06.2010, 17.09.2010, 08.11.2010, 19.12.2010, 22.1.2011, 16.3.2011,31.3.2011**
Shri G.D. Nadaf (w.e.f. 4.11.2010)	**5**	**5**	**08.11.2010, 19.12.2010, 22.01.2011, 16.3.2011, 31.3.2011**
Shri Shashi Kant Sharma (w.e.f. 18.2.2011)	**2**	**1**	**16.3.2011**

*** Communication received from Govt. of India on 21.9.2010.**

केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति

केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति (ईसीसीबी) का गठन भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 की धारा 30 के अनुसार किया जाता है। भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियम (46 एवं 47) में प्रावधान है कि केंद्रीय बोर्ड के सामान्य अथवा विशेष निदेशों के अधीन केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति केंद्रीय बोर्ड की क्षमता में आने वाले किसी भी मामले पर कार्य कर सकती है। केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति में अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 के खंड (च) के अंतर्गत नामित निदेशक (भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिती) और भारत में जिस स्थान पर बैठक आयोजित की जा रही हो, उस स्थान पर सामान्य रूप से निवास कर रहे अथवा उस समय वहाँ उपस्थित सभी या कोई अन्य निदेशक शामिल होते हैं। केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति की एक बैठक प्रत्येक सप्ताह में आयोजित की जाती है। वर्ष 2010-11 के दौरान आयोजित केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति की बैठकों में उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है-

तालिका : वर्ष 2010-11 के दौरान केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति की बैठकों में उपस्थिति

आयोजित बैठकों की कुल संख्या 54	
निदेशक	**केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति की बैठकों की संख्या**
1. श्री ओ. पी. भट्ट, अध्यक्ष	52
2. श्री एस. के. भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक (31.10.2010 तक)	27
3. श्री आर. श्रीधरन, प्रबंध निदेशक एवं समूह कार्यपालक (सहयोगी एवं अनुषंगियाँ)	51
4. डॉ. अशोक झुनझुनवाला	18
5. श्री दिलीप सी. चौकसी	29
6. श्री एस. वैंकटाचलम	45
7. श्री डी. सुंदरम	24
8. डॉ. देवा नंद बलोधी (15.9.2010 तक)	19
9. प्रो. मोहम्मद सलाहुद्दीन अंसारी (15.9.2010 तक)	15
10. डॉ. (श्रीमती) वसंता भरूचा (24.2.2011 तक)	23
11. डॉ. राजीव कुमार	10
12. श्री अशोक चावला (31.1.2011 तक)	02
13. श्रीमती श्यामला गोपीनाथ	12
14. श्री जी. डी. नडाफ (4.11.2010 से)	13
15. श्री शशि कान्त शर्मा (18.2.2011 से)	–

अन्य बोर्ड स्तरीय समितियाँ :

भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम और सामान्य विनियम, 1955 के प्रावधानों और भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक/सेबी के दिशा-निर्देशों के अनुसार केन्द्रीय बोर्ड ने सात समितियाँ गठित की हैं जैसे लेखा-परीक्षा समिति, जोखिम प्रबंधन समिति, शेयरधारक/निवेशक शिकायत निवारण समिति, बड़ी राशि (₹ 1 करोड़ तथा उससे अधिक) की धोखाधड़ी की निगरानी के लिए निदेशकों की विशेष समिति, ग्राहक सेवा समिति, प्रौद्योगिकी समिति और बोर्ड की पारिश्रमिक समिति। यह समितियाँ बोर्ड स्तरीय व्यवसाय करने में प्रभावी व्यवसायगत सहयोग प्रदान करती हैं जिनमें से प्रमुख क्षेत्र हैं- लेखा-परीक्षा और लेखा, जोखिम प्रबंधन, शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायतों का निवारण, धोखाधड़ी की समीक्षा और नियंत्रण, ग्राहक सेवा की समीक्षा एवं ग्राहकों की शिकायतों का निवारण, प्रौद्योगिकी प्रबंधन और कार्यपालक निदेशकों को मानदेय का भुगतान। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के आधार पर पूर्णकालिक निदेशकों को मानदेय के भुगतान का अनुमोदन देने हेतु पारिश्रमिक समिति की वर्ष में एक बार बैठक आयोजित होती है। अन्य समितियों की बैठकें केन्द्रीय बोर्ड द्वारा अनुमोदित समीक्षा के कैलेन्डर के आधार पर आवधिक रूप में सामान्यत: तिमाही अंतराल पर आयोजित होती हैं ताकि नीतिगत मामलों और/या प्रमुख निष्पादन की समीक्षा की जा सके। इन समितियों द्वारा बैंक के उच्च कार्यपालकों की सेवाओं के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर बाहरी विशेषज्ञों की सेवाएं भी ली जाती हैं। इन समितियों की बैठकों में हुई चर्चा के कार्यवृत्त और कार्यवाही की संक्षिप्त रिपोर्ट केन्द्रीय बोर्ड के समक्ष रखी जाती है।

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) का गठन 27 जुलाई 1994 को और पिछली बार इसका पुनर्गठन 9 मई 2009 को किया गया था। बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अंतर्गत कार्य करती है और सूचीकरण करार के खंड 49 के प्रावधानों का अनुपालन उस सीमा तक करती है कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों/दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं होने पाए।

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति के कार्य

(क) बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति बैंक के समस्त लेखा परीक्षा कार्य के परिचालन हेतु दिशानिर्देश देती है तथा उन पर नजर भी रखती है। समस्त लेखा परीक्षा कार्य से आशय बैंक के भीतर आंतरिक लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण की व्यवस्था, परिचालन और गुणवत्ता नियंत्रण तथा बैंक की सांविधिक/बाह्य लेखा परीक्षा और भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षण से संबंधित अनुवर्ती कार्रवाई करने से है।यह समिति बैंक के सांविधिक लेखा-परीक्षकों की नियुक्ति भी करती है और समय-समय पर उनके निष्पादन की समीक्षा की जाती है।

(ख) बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति बैंक की वित्तीय, जोखिम प्रबंधन, आंतरिक सुरक्षा लेखा-परीक्षा नीति और लेखांकन नीतियों/प्रणालियों की समीक्षा करती है ताकि अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

Executive Committee of the Central Board

The Executive Committee of the Central Board (ECCB) is constituted in terms of Section 30 of the SBI Act, 1955. The State Bank of India General Regulations (46 & 47) provide that, subject to the general or special directions of the Central Board, ECCB may deal with any matter within the competence of the Central Board. ECCB consists of the Chairman, the Managing Directors, the Director nominated under Section 19(f) of the SBI Act (Reserve Bank of India nominee), and all or any of the other Directors *who are normally residents* or may for the time being be present *at any place within India where the meeting is held*. The ECCB meetings are held once every week. The details of attendance of ECCB Meetings during the year 2010-11 are as under :

Table : Attendance of ECCB Meetings during 2010-11

Total No. of Meetings : 54	
Directors	**No. of ECCB meetings**
1. Shri O.P. Bhatt, Chairman	52
2. Shri S.K. Bhattacharyya, M.D. (upto 31.10.2010)	27
3. Shri R. Sridharan, MD & GE (A&S)	51
4. Dr. Ashok Jhunjhunwala	18
5. Shri Dileep C. Choksi	29
6. Shri S. Venkatachalam	45
7. Shri D. Sundaram	24
8. Dr. Deva Nand Balodhi (upto 15.9.2010)	19
9. Prof. Md. Salahuddin Ansari (upto 15.9.2010)	15
10. Dr. (Mrs.) Vasantha Bharucha (upto 24.2.2011)	23
11. Dr. Rajiv Kumar	10
12. Shri Ashok Chawla (upto 31.1.2011)	02
13. Smt. Shyamala Gopinath	12
14. Shri G.D.Nadaf (w.e.f. 4.11.2010)	13
15. Shri Shashi Kant Sharma (w.e.f. 18.2.2011)	–

Other Board Level Committees:

In terms of the provisions of SBI Act and General Regulations, 1955 and Govt./RBI/SEBI guidelines, the Central Board has constituted seven Board Level Committees viz. Audit Committee, Risk Management Committee, Shareholders'/Investors' Grievance Committee, Special Committee of the Board for Monitoring of Large Value Frauds (₹ 1 crore and above), Customer Service Committee, Technology Committee & Remuneration Committee of the Board. These Committees provide effective professional support in the conduct of Board level business in key areas like Audit & Accounts, Risk Management, resolution of Shareholders'/Investors' grievances, Fraud Review and Control, Review of Customer Service and redressal of customer grievances, Technology Management and Payment of Incentives to Executive Directors. While the Remuneration Committee approves, once in a year, payment of incentives to wholetime Directors, based on Govt. of India guidelines, the other Committees meet periodically, once in a quarter generally, to deliberate on policy issues and/or review domain performance, as per the calendar of reviews approved by the Central Board. The Committees also call external specialists, besides drawing upon the services of top executives from the Bank, as and when needed. The minutes and proceedings containing brief reports on the discussions held at the meetings of the Committees are placed before the Central Board.

Audit Committee of the Board

The Audit Committee of the Board (ACB) was constituted on 27th July 1994 and last re-constituted on the 9th May 2009. The ACB functions as per RBI guidelines and complies with the provisions of Clause 49 of the Listing Agreement to the extent that they do not violate the directives/guidelines issued by RBI.

Functions of ACB

(a) ACB provides direction as also oversees the operation of the total audit function in the Bank. Total audit function implies the organisation, operationalisation and quality control of internal audit and inspection within the Bank, and follow-up on the statutory/external audit, compliance of RBI inspection. It also appoints Statutory Auditors of the Bank and review their performance from time to time.

(b) ACB reviews the Bank's financial, Risk Management, IS Audit Policies and Accounting

(ग) यह समिति बैंक में आंतरिक निरीक्षण/लेखा परीक्षा कार्यप्रणाली, उसकी गुणवत्ता एवं अनुवर्तन की दृष्टि से प्रभावकारिता की समीक्षा करती है। यह समिति विशेषीकृत एवं अत्यधिक बड़ी शाखाओं तथा असंतोषजनक श्रेणी प्राप्त सभी शाखाओं की निरीक्षण रिपोर्टों की समीक्षा करती है। यह समिति निम्नलिखित के अनुवर्तन पर विशेष ध्यान भी देती है :

- अपने ग्राहक को जानिए - धन-शोधन निवारण (केवाईसी-एएमएल) दिशानिर्देश।
- लेखांकन के प्रमुख क्षेत्र ।
- खंड 49 और सेबी द्वारा समय-समय पर जारी अन्य दिशा-निर्देशों का अनुपालन।
- घोष और जिलानी समितियों की सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(घ) यह बैंक के अनुपालन विभाग से मासिक रिपोर्टें प्राप्त करती है तथा उनकी समीक्षा करती है।

(ङ) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35 के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक के वार्षिक वित्तीय निरीक्षण रिपोर्ट और विस्तृत (लांग फार्म) लेखा परीक्षा रिपोर्टों में उठाए गए सभी विषयों पर बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति अनुवर्ती कार्रवाई करती है। वार्षिक/त्रैमासिक वित्तीय खातों एवं रिपोर्टों को अंतिम रूप देने से पूर्व यह समिति बाह्य लेखा परीक्षकों से विचार विमर्श करती है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अंतर्गत आनेवाली अपेक्षाओं के अतिरिक्त केंद्रीय बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट एक औपचारिक 'ऑडिट चार्टर' अथवा 'टर्म्स ऑफ रेफरेंस' निर्धारित किया गया है।

गठन एवं वर्ष 2010-11 के दौरान उपस्थिति :

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति में सात सदस्य होते हैं, इनमें दो पूर्णकालिक निदेशक, दो सरकारी निदेशक (भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिती) तथा तीन गैर-सरकारी, गैर-कार्यपालक निदेशक होते हैं। इस समिति की बैठकों की अध्यक्षता गैर-कार्यपालक निदेशक द्वारा की जाती है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार संविधान तथा कोरम संबंधी अपेक्षाओं का सख्ती से अनुपालन किया जाता है। आंतरिक नियंत्रण, प्रणालियों एवं कार्यविधियों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अपेक्षित अन्य पहलुओं से जुड़े विभिन्न मामलों की समीक्षा करने के लिए वर्ष के दौरान बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति की ग्यारह बैठकें आयोजित की गईं।

तालिका : वर्ष 2010-11 के दौरान आयोजित बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति की बैठकों की तिथियाँ और उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 11 **बैठकों की तिथियाँ : 16.04.2010, 13.05.2010, 29.06.2010, 10.08.2010, 21.08.2010, 16.09.2010, 03.11.2010, 30.12.2010, 13.01.2011, 21.01.2011, 8.3.2011**			
निदेशकों की उपस्थिति की तिथियाँ निम्नानुसार हैं :			
निदेशक का नाम	**नामांकन/चयन के बाद अवधि के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या**	**उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे**	**तिथियाँ**
श्री एस. के. भट्टाचार्य (31.10.2010 तक)	**6**	**6**	**16.04.2010, 13.05.2010, 29.06.2010, 10.08.2010, 21.08.2010, 16.09.2010**
श्री आर. श्रीधरन	**11**	**10**	**16.04.2010, 13.05.2010, 29.06.2010, 10.08.2010, 21.08.2010, 16.09.2010, 03.11.2010, 13.01.2011, 21.01.2011, 8.3.2011**
श्री दिलीप सी. चौकसी	**11**	**10**	**16.04.2010, 13.05.2010, 10.08.2010, 21.08.2010, 16.09.2010, 03.11.2010, 30.12.2010, 13.01.2011, 21.01.2011, 8.3.2011**
श्री एस. वैंकटाचलम	**11**	**10**	**13.05.2010, 29.06.2010, 10.08.2010, 21.08.2010, 16.09.2010, 03.11.2010, 30.12.2010, 13.01.2011, 21.01.2011, 8.3.2011**
डॉ. अशोक झुनझुनवाला	**11**	**7**	**16.4.2010, 29.06.2010, 16.09.2010, 30.12.2010, 13.01.2011, 21.01.2011, 8.3.2011**
श्री अशोक चावला (31.1.2011 तक)	**10**	**—**	**—**
श्रीमती श्यामला गोपीनाथ	**10**	**8**	**16.04.2010, 13.05.2010, 10.08.2010, 21.08.2010, 16.09.2010, 03.11.2010,13.01.2011, 21.01.2011**
श्री शशि कान्त शर्मा (18.2.2011से)	**1**	**—**	**—**

Policies/systems of the Bank to ensure greater transparency.

(c) ACB reviews the internal inspection/audit plan and functions in the Bank – the system, its quality and effectiveness in terms of follow-up. It reviews the inspection reports of specialized and extra-large branches and all branches with unsatisfactory ratings. It also, especially, focuses on the follow up of :

- KYC-AML Guidelines;
- Major areas of housekeeping;
- Compliance of Clause 49 and other guidelines issued by SEBI from time to time;
- Status of implementation of Ghosh and Jilani Committee recommendations.

(d) It obtains and reviews monthly reports from the Compliance Department in the Bank.

(e) ACB follows up on all the issues raised in RBI's Annual Financial Inspection Reports under Section 35 of Banking Regulation Act, 1949 and Long Form Audit Reports of the Statutory Auditors and other Internal Audit Reports. It interacts with the external auditors before the finalisation of the annual/quarterly financial accounts and reports.

A formal 'Audit Charter' or 'Terms of Reference' laid down by the Central Board, in addition to those under RBI guidelines, is in place.

Composition & Attendance during 2010-11

The ACB has seven members of the Board of Directors, including two whole time Directors, two official Directors (nominees of GOI and RBI), and three non-official, non-executive Directors. Meetings of the ACB are chaired by a non-executive Director. The constitution and quorum requirements, as per RBI guidelines, are complied with meticulously. During the year, eleven meetings of ACB were held to review the various matters connected with the internal control, systems and procedures and other aspects as required in terms of RBI guidelines.

Table : Dates of the Meetings of ACB held & Attendance of Directors during 2010-11

Meetings held : 11 **Dates of the Meetings : 16.04.2010, 13.05.2010, 29.06.2010, 10.08.2010, 21.08.2010, 16.09.2010, 03.11.2010, 30.12.2010, 13.01.2011, 21.01.2011, 8.3.2011**			
Dates of attendance of Directors are as below :			
Name of the Director	**No. of Meetings held after nomination/ election/ during tenure**	**No. of Meetings attended**	**Dates**
Shri S. K. Bhattacharyya (upto 31.10.2010)	**6**	**6**	**16.04.2010, 13.05.2010, 29.06.2010, 10.08.2010, 21.08.2010, 16.09.2010**
Shri R. Sridharan	**11**	**10**	**16.04.2010, 13.05.2010, 29.06.2010, 10.08.2010, 21.08.2010, 16.09.2010, 03.11.2010, 13.01.2011, 21.01.2011, 8.3.2011**
Shri Dileep C. Choksi	**11**	**10**	**16.04.2010, 13.05.2010, 10.08.2010, 21.08.2010, 16.09.2010, 03.11.2010, 30.12.2010, 13.01.2011, 21.01.2011, 8.3.2011**
Shri S. Venkatachalam	**11**	**10**	**13.05.2010, 29.06.2010, 10.08.2010, 21.08.2010, 16.09.2010, 03.11.2010, 30.12.2010, 13.01.2011, 21.01.2011, 8.3.2011**
Dr. Ashok Jhunjhunwala	**11**	**7**	**16.4.2010, 29.06.2010, 16.09.2010, 30.12.2010, 13.01.2011, 21.01.2011, 8.3.2011**
Shri Ashok Chawla (upto 31.1.2011)	**10**	**—**	**—**
Smt. Shyamala Gopinath	**10**	**8**	**16.04.2010, 13.05.2010, 10.08.2010, 21.08.2010, 16.09.2010, 03.11.2010,13.01.2011, 21.01.2011**
Shri Shashi Kant Sharma (w.e.f. 18.2.2011)	**1**	**—**	**—**

बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति

बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबी) का गठन 23 मार्च 2004 को किया गया था। यह समिति ऋण जोखिम, बाजार जोखिम तथा परिचालन जोखिम संबंधी समन्वित जोखिम प्रबंधन संबंधी नीति और कार्यनीति की निगरानी करने हेतु गठित की गई है। यह समिति पिछली बार 9 मई 2009 को पुनर्गठित की गई जिसमें 6 सदस्य थे। वरिष्ठ प्रबंध निदेशक समिति के अध्यक्ष होते हैं। बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति की प्रत्येक तिमाही में एक और वर्ष में न्यूनतम चार बैठकें होती हैं। वर्ष 2010-11 के दौरान बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति की चार बैठकें आयोजित की गईं।

तालिका : वर्ष 2010-11 के दौरान बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति की बैठकों की तिथियाँ तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 4 बैठकों की तिथियाँ : 29.4.2010, 26.8.2010,28.10.2010, 24.2.2011			
निदेशक का नाम	**नामांकन/चयन के बाद अवधि के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या**	**उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे**	**तिथियाँ**
श्री एस. के. भट्टाचार्य (31.10.2010 तक)	3	3	29.4.2010, 26.8.2010, 28.10.2010
श्री आर. श्रीधरन	4	3	29.4.2010, 26.8.2010, 24.2.2011
डॉ. अशोक झुनझुनवाला	4	4	29.4.2010, 26.8.2010, 28.10.2010, 24.2.2011
श्री दिलीप सी. चौकसी	4	2	28.10.2010, 24.2.2011
डॉ. (श्रीमती) वसंता भरूचा (24.2.2011 तक)	4	4	29.4.2010, 26.8.2010, 28.10.2010, 24.2.2011
डॉ. राजीव कुमार	3	1	28.10.2010

बोर्ड की शेयरधारक/निवेशक शिकायत निवारण समिति

शेयर बाजारों के सूचीकरण करार के खंड 49 के अनुसरण में शेयरधारकों एवं निवेशकों से शेयर अंतरण, वार्षिक रिपोर्ट न मिलने, बांडों पर ब्याज/घोषित लाभांश न मिलने जैसी शिकायतों के निवारण हेतु बोर्ड की शेयरधारक/निवेशक शिकायत निवारण समिति (**एसआइजीसीबी**) का 30 जनवरी 2001 को गठन किया गया था। यह समिति पिछली बार 19 दिसम्बर 2010 को पुनर्गठित की गई थी जिसमें पाँच सदस्य उपस्थिति हुए थे और बैठक की अध्यक्षता गैर-कार्यपालक निदेशक द्वारा की गई। समिति की वर्ष 2010-11 के दौरान चार बैठकें हुईं जिनमें शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की गई।

तालिका : वर्ष 2010-11 के दौरान शेयरधारक/निवेशक शिकायत निवारण समिति की बैठकों की तिथियाँ तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 4 बैठकों की तिथियाँ : 29.4.2010, 27.8.2010, 24.12.2010, 24.2.2011			
निदेशक का नाम	**नामांकन/चयन के बाद अवधि के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या**	**उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे**	**तिथियाँ**
श्री एस. के. भट्टाचार्य (31.10.2010 तक)	2	2	29.4.2010, 27.8.2010,
श्री आर. श्रीधरन	4	4	29.4.2010, 27.8.2010, 24.12.2010, 24.2.2011
डॉ. देवा नंद बलोधी (15.9.2010 तक)	2	2	29.4.2010, 27.8.2010
श्री डी. सुंदरम	4	4	29.4.2010, 27.8.2010, 24.12.2010, 24.2.2011
प्रो.मोहम्मद सलाहुद्दीन अंसारी (15.9.2010 तक)	2	2	29.4.2010, 27.8.2010
श्री एस. वैंकटाचलम (19.12.2010 से)	2	2	24.12.2010, 24.2.2011
श्री दिलीप सी. चौकसी (19.12.2010 से)	2	1	24.12.2010

Risk Management Committee of the Board

The Risk Management Committee of the Board (RMCB) was constituted on the 23rd March 2004, to oversee the policy and strategy for integrated risk management relating to credit risk, market risk and operational risk. The Committee was last reconstituted on the 9th May 2009 with six members. The Senior Managing Director is the Chairman of the Committee. RMCB meets a minimum of four times a year, once in each quarter. During 2010-11, four meetings of the RMCB were held.

Table : Dates of the Meetings of RMCB held & Attendance of Directors during 2010-11

Meetings held : 4 Dates of the Meetings : 29.4.2010, 26.8.2010, 28.10.2010, 24.2.2011			
Name of the Director	**No. of Meetings held after nomination/election/ during tenure**	**No. of Meetings attended**	**Dates**
Shri S K Bhattacharyya (upto 31.10.2010)	3	3	29.4.2010, 26.8.2010, 28.10.2010
Shri R. Sridharan	4	3	29.4.2010, 26.8.2010, 24.2.2011
Dr. Ashok Jhunjhunwala	4	4	29.4.2010, 26.8.2010, 28.10.2010, 24.2.2011
Shri Dileep C. Choksi	4	2	28.10.2010, 24.2.2011
Dr. (Mrs.) Vasantha Bharucha (upto 24.2.2011)	4	4	29.4.2010, 26.8.2010, 28.10.2010, 24.2.2011
Dr. Rajiv Kumar	3	1	28.10.2010

Shareholders'/Investors' Grievance Committee of the Board

In pursuance of Clause 49 of the Listing Agreement with the Stock Exchange, Shareholders'/Investors' Grievance Committee of the Board (**SIGCB**) was formed on the 30th January 2001, to look into the redressal of shareholders' and investors' complaints regarding transfer of shares, non-receipt of annual report, non-receipt of interest on bonds/declared dividends, etc. The Committee was last reconstituted on the 19th December 2010 with five members and is chaired by a non-executive Director. The Committee met four times during 2010-11 and reviewed the position of complaints.

Table : Dates of the Meetings of SIGCB held & Attendance of Directors during 2010-11

Meetings held : 4 Dates of the Meetings : 29.4.2010, 27.8.2010, 24.12.2010, 24.2.2011			
Name of the Director	**No. of Meetings held after nomination/election/ during tenure**	**No. of Meetings attended**	**Dates**
Shri S. K. Bhattacharyya (upto 31.10.2010)	2	2	29.4.2010, 27.8.2010,
Shri R. Sridharan	4	4	29.4.2010, 27.8.2010, 24.12.2010, 24.2.2011
Dr. Deva Nand Balodhi (upto 15.9.2010)	2	2	29.4.2010, 27.8.2010
Shri D. Sundaram	4	4	29.4.2010, 27.8.2010, 24.12.2010, 24.2.2011
Prof. Md. Salahuddin Ansari (upto 15.9.2010)	2	2	29.4.2010, 27.8.2010
Shri S. Venkatachalam (w.e.f. 19.12.2010)	2	2	24.12.2010, 24.2.2011
Shri Dileep C. Choksi (w.e.f. 19.12.2010)	2	1	24.12.2010

अब तक प्राप्त शेयरधारकों की शिकायतों की संख्या (वर्ष के दौरान) 331

उन शिकायतों की संख्या, जिनका समाधान शेयरधारकों की संतुष्टि के अनुरूप नहीं किया गया - निरंक

लंबित शिकायतों की संख्या : निरंक

अनुपालन अधिकारी का नाम एवं पदनाम :

श्री श्यामल सिन्हा, महाप्रबंधक (अनुपालन)

बड़ी राशि (₹ 1 करोड़ तथा अधिक) की धोखाधड़ियों की निगरानी के लिए बोर्ड की विशेष समिति:

बड़ी राशियों वाली धोखाधड़ियों (₹ 1 करोड़ तथा अधिक) की निगरानी के लिए विशेष समिति (**एससीबीएमएफ**) का 29 मार्च 2004 को गठन किया गया था। इस समिति का प्रमुख कार्य बड़ी राशि के धोखाधड़ी मामलों की निगरानी एवं समीक्षा करना है जिससे यह समिति प्रणालीगत खामियों, धोखाधड़ी मामलों का पता लगाने एवं सूचित करने में देरी के कारणों का पता लगा सकेगी और सीबीआई/पुलिस जाँच कार्रवाई पर निगरानी रख सकेगी तथा स्टाफ की जिम्मेदारी शीघ्र तय करते हुए धोखाधड़ी की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की प्रभावशाली ढंग से समीक्षा करते हुए उपयुक्त निराकरण उपाय भी शुरू कर सकेगी। इस समिति को पिछली बार 19 दिसम्बर 2010 को पुनर्गठित किया गया जिसमें छह सदस्य हैं। वरिष्ठ प्रबंध निदेशक इस समिति के अध्यक्ष हैं। वर्ष 2010-11 के दौरान समिति की चार बैठकें हुईं।

तालिका : वर्ष 2010-11 के दौरान बड़ी राशि (₹ 1 करोड़ तथा अधिक) की धोखाधड़ियों की निगरानी के लिए गठित विशेष समिति की बैठकों की तिथियाँ तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 4 बैठकों की तिथियाँ : 04.06.2010, 30.09.2010, 11.12.2010, 16.3.2011			
निदेशक का नाम	**नामांकन/चयन के बाद अवधि के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या**	**उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे**	**तिथियाँ**
श्री एस. के. भट्टाचार्य (31.10.2010 तक)	2	2	04.06.2010, 30.09.2010
श्री आर. श्रीधरन	4	3	04.06.2010, 11.12.2010, 16.3.2011
श्री दिलीप सी. चौकसी	4	3	30.09.2010, 11.12.2010, 16.3.2011
श्री एस. वैंकटाचलम	4	4	04.06.2010, 30.09.2010, 11.12.2010, 16.3.2011
डॉ. देवा नन्द बलोधी (15.9.2010 तक)	1	1	04.06.2010
प्रो. मोहम्मद सलाहुद्दीन अंसारी (15.9.2010 तक)	1	—	—
श्री डी. सुंदरम	4	2	30.9.2010, 11.12.2010
डॉ. राजीव कुमार (19.12.2010 से)	1	1	16.3.2011

बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति

बैंक द्वारा प्रदत्त ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में निरंतर एवं उत्तरोत्तर सुधार लाने के उद्देश्य से 26 अगस्त 2004 को बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी) का गठन किया गया था । यह समिति पिछली बार 19 दिसम्बर 2010 को पुनर्गठित की गई। समिंति के छह सदस्य हैं। वरिष्ठ प्रबंध निदेशक समिति के अध्यक्ष हैं। वर्ष 2010-11 के दौरान समिति की चार बैठकें हुईं।

Number of shareholders' complaints received so far (during the year): **331**

Number not solved to the satisfaction of shareholders: **NIL**

Number of Pending Complaints: **NIL**

Name and designation of Compliance officer:

Shri Shyamal Sinha, General Manager (Compliance)

Special Committee of the Board for Monitoring of Large Value Frauds (₹ 1 crore and above)

III.	भारतीय रिज़र्व बैंक के पास जमाराशियों और अन्य अंतर-बैंक निधियों पर ब्याज Interest on balances with Reserve Bank of India and other inter-bank funds	698,93,71	1826,54,18
IV.	अन्य Others	1460,80,60	1341,37,72
	योग TOTAL	**113636,44,25**	**100080,73,19**

अनुसूची 14 — अन्य आय
SCHEDULE 14 — OTHER INCOME

(₹ हजार में)
(₹ in thousand)

		31.3.2011 को समाप्त वर्ष Year ended 31.3.2011	31.3.2010 को समाप्त वर्ष Year ended 31.3.2010
		₹	₹
I.	कमीशन, विनिमय और दलाली Commission, exchange and brokerage	13958,94,27	11858,71,93
II.	विनिधानों के विक्रय पर लाभ / (हानि) (निवल) Profit / (Loss) on sale of investments (Net)	3091,75,23	4930,43,83
III.	विनिधानों के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ / (हानि) (निवल) Profit / (Loss) on revaluation of investments (Net)	(135,12,21)	3022,98,14
IV.	पट्टाकृत आस्तियों सहित भूमि, भवनों और अन्य आस्तियों के विक्रय पर लाभ / (हानि) (निवल) Profit / (Loss) on sale of land, buildings and other assets including leased assets (Net)	(20,74,79)	(9,94,81)
V.	विनिमय संव्यवहारों पर लाभ / (हानि) (निवल) Profit / (Loss) on exchange transactions (Net)	1754,75,77	1866,60,70
VI.	भारत/विदेश स्थित संयुक्त उद्यमों से प्राप्त लाभांश Dividends from Associates in India/abroad	5,08,74	15,08,77
VII.	वित्तीय पट्टों से आय Income from financial Lease	2,06,83	10,41,72
VIII.	क्रेडिट कार्ड सदस्यता/सेवा शुल्क Credit card membership/service fees	227,53,11	191,09,14
IX.	जीवन बीमा प्रीमियम (निवल) Insurance Premium Income (Net)	12851,84,46	9920,39,38
X.	सहयोगियों से आय का हिस्सा Share of earnings from associates	218,17,57	214,43,49
XI.	विविध आय Miscellaneous Income	2253,18,87	1750,87,21
	योग TOTAL	**34207,47,85**	**33771,09,50**

अनुसूची 15 — व्यय किया गया ब्याज
SCHEDULE 15 — INTEREST EXPENDED

(₹ हजार में)
(₹ in thousand)

		31.3.2011 को समाप्त वर्ष Year ended 31.3.2011	31.3.2010 को समाप्त वर्ष Year ended 31.3.2010
		₹	₹
I.	निक्षेपों पर ब्याज Interest on deposits	60749,67,56	61080,61,30
II.	भारतीय रिज़र्व बैंक/अंतर-बैंक उधारों पर ब्याज Interest on Reserve Bank of India/Inter-bank borrowings	2993,56,30	1405,98,91
III.	अन्य Others	4343,16,30	4150,90,66
	योग TOTAL	**68086,40,16**	**66637,50,87**

अनुसूची 16 — प्रचालन व्यय
SCHEDULE 16 — OPERATING EXPENSES

(₹ हजार में)
(₹ in thousand)

		31.3.2011 को समाप्त वर्ष Year ended 31.3.2011	31.3.2010 को समाप्त वर्ष Year ended 31.3.2010
		₹	₹
I.	कर्मचारियों को भुगतान और उनके लिए प्रावधान Payments to and provisions for employees	19979,57,68	16331,06,44
II.	भाटक, कर और रोशनी Rent, taxes and lighting	2436,13,89	2136,15,35
III.	मुद्रण और लेखन-सामग्री Printing and stationery	349,45,33	313,00,59
IV.	विज्ञापन और प्रचार Advertisement and publicity	432,13,40	337,72,66
V.	पट्टाकृत आस्तियों पर मूल्यह्रास Depreciation on Leased Assets	3,965	4,23,71
VI.	बैंक की अचल संपत्ति पर मूल्यह्रास (पट्टाकृत आस्तियों के अतिरिक्त) Depreciation on Fixed Assets (Other than Leased Assets)	1380,15,51	1317,32,76
VII.	निदेशकों की फीस, भत्ते और व्यय Directors' fees, allowances and expenses	6,23,27	8,10,41
VIII.	लेखा-परीक्षकों की फीस और व्यय (शाखा लेखा-परीक्षकों की फीस एवं व्यय सहित) Auditors' fees and expenses (including branch auditors' fees & expenses)	190,58,29	173,78,88
IX.	विधि प्रभार Law charges	207,21,48	129,80,19
X.	डाक महसूल, तार और टेलीफोन आदि Postages, Telegrams, Telephones, etc.	484,98,32	408,54,22
XI.	मरम्मत और अनुरक्षण Repairs and maintenance	474,52,05	415,85,45
XII.	बीमा Insurance	1086,09,08	940,66,25
XIII.	आस्थगित आय व्यय का परिशोधन Amortization of deferred revenue expenditure	18,22,03	6,90,26
XIV.	क्रेडिट कार्ड प्रचालन से संबंधित परिचालन व्यय Operating Expenses relating to Credit Card operations	360,84,92	231,90,39
XV.	बीमा व्यवसाय से संबंधित परिचालन व्यय Operating Expenses relating to Insurance Business	14726,33,60	14171,28,75
XVI.	अन्य व्यय Other expenditure	4385,12,23	5489,03,13
	योग TOTAL	**46518,00,73**	**42415,39,44**

अनुसूची 17
महत्त्वपूर्ण लेखाकरण नीतियाँ :

क. तैयार करने का आधार :

संलग्न वित्तीय विवरण, जब तक कि अन्यथा उल्लेख नहीं किया गया हो, अवधिगत लागत आधार के अनुसार लेखा के उपचय आधार पर तैयार किए गए हैं और भारत में सामान्यतः मान्य लेखाकरण सिद्धांतों (जीएएपी) के सभी भौतिक पहलुओं के अनुरूप हैं जिनमें प्रयोज्य सांविधिक प्रावधान, भारतीय रिजर्व बैंक, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण, कंपनी अधिनियम, 1956 द्वारा निर्धारित विनियामक मानदण्ड/दिशानिर्देश, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा मानक, और भारत में प्रचलित लेखा प्रथाएं शामिल हैं।

ख. प्राक्कलनों का प्रयोग

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में प्रबंधन को, वित्तीय विवरणों की तिथि को - आस्तियों और देयताओं (इसमें आकस्मिक देयताएँ सम्मिलित हैं) की सूचित राशियाँ तथा सूचना अवधि के दौरान सूचित आय एवं व्यय में प्रतिफलित प्राक्कलन और पूर्वानुमान करने की आवश्यकता होती है। प्रबंधन का यह मानना है कि वित्तीय विवरणों को तैयार करने में प्रयुक्त प्राक्कलन विवेकपूर्ण और यथोचित हैं। भावी परिणाम इन प्राक्कलनों से अलग हो सकते हैं।

ग. समेकन का आधारः

1. समूह ***(जिसमें 30 अनुषंगियाँ, 8 संयुक्त उद्यम और 26 सहयोगी शामिल हैं)*** के समेकित वित्तीय विवरण निम्नलिखित के आधार पर तैयार किए गए हैं :

   क. भारतीय स्टेट बैंक के लेखा परीक्षित खाते (मूल कंपनी)।

   ख. भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के द्वारा ''समेकित वित्तीय विवरणों'' के लिए जारी लेखा मानक 21 के अनुसार सभी अंतः समूह भौतिक बकाया/लेनदेन, गैर वसूलीकृत लाभ/हानि को अलग करके तथा असमरूप लेखा नीतियों के लिए जहां आवश्यक हुआ है वहां आवश्यक समायोजन करने के उपरांत अनुषंगियों की आस्ति/देयता/आय/व्यय का (मूल कंपनी की इन्हीं मदों से) क्रमशः अक्षरशः समेकन किया गया है।

   ग. संयुक्त उद्यमों का समेकन : भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के 'संयुक्त उद्यमों में हितों पर वित्तीय सूचना से संबंधित लेखा मानक-27 के अनुसार 'समानुपातिक समेकन' किया गया है।

   घ. 'सहयोगियों' में किए गए निवेश का लेखाकरण 'ईक्विटी-पद्धति' के अंतर्गत भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के ''समेकित वित्तीय विवरणों में सहयोगियों में निवेश हेतु लेखाकरण से संबंधित लेखा मानक 23 के अनुसार किया गया है।

2. अनुषंगी कंपनियों में समूह के निवेश की लागत तथा अनुषंगियों की ईक्विटी में समूह के अंश के बीच के अंतर को वित्तीय विवरणों में साख/पूंजी आरक्षिती के रूप में दिखाया गया है।

3. समेकित अनुषंगियों की निवल आस्तियों में अल्पांश हित निम्नवत हैः

   क. जिस तिथि को किसी अनुषंगी में निवेश किया गया है, उस तिथि को अल्पांश हित की ईक्विटी-राशि, और

   ख. मूल कंपनी और अनुषंगी के संबंध स्थापित होने की तिथि से आय आरक्षितियों/हानि (ईक्विटी) में अल्पांश-शेयर का उतार-चढ़ाव।

घ. महत्त्वपूर्ण लेखा नीतियाँ

1. **आय निर्धारण**

   1.1 इससे भिन्न किए गए उल्लेख को छोड़कर आय और व्यय को प्रोद्भवन आधार पर लेखे में लिया गया है। विदेश स्थित कार्यालयों / इकाइयों के संबंध में आय का अभिज्ञान उस देश के स्थानीय कानून के अनुसार किया गया है, जिस देश में वे कार्यालय/ इकाइयाँ स्थित हैं।

SCHEDULE 17
SIGNIFICANT ACCOUNTING POLICIES:

A. Basis of Preparation:

The accompanying financial statements have been prepared under the historical cost convention, on the accrual basis of accounting, unless otherwise stated and conform in all material aspect to Generally Accepted Accounting Principles (GAAP) in India, which comprise applicable statutory provisions, regulatory norms/guidelines prescribed by Reserve Bank of India (RBI), Insurance Regulatory and Development Authority, Companies Act, 1956, Accounting Standards issued by the Institute of Chartered Accountants of India (ICAI), and the prevalent accounting practices in India.

B. Use of Estimates

The preparation of financial statements requires the management to make estimates and assumptions considered in the reported amounts of assets and liabilities (including contingent liabilities) as of the date of the financial statements and the reported income and expenses during the reporting period. Management believes that the estimates used in the preparation of the financial statements are prudent and reasonable. Future results could differ from these estimates.

C. Basis of Consolidation:

1. Consolidated financial statements of the Group **(comprising of 30 subsidiaries, 8 Joint Ventures and 26 Associates)** have been prepared on the basis of:

   a. Audited accounts of State Bank of India (Parent).

   b. Line by line aggregation of each item of asset/liability/income/expense of the subsidiaries with the respective item of the Parent, and after eliminating all material intra-group balances/transactions, unrealised profit/loss, and making necessary adjustments wherever required for non-uniform accounting policies as per AS 21 "Consolidated Financial Statements" issued by the ICAI.

   c. Consolidation of Joint Ventures – 'Proportionate Consolidation' as per AS 27 "Financial Reporting of Interests in Joint Ventures" of the ICAI.

   d. Accounting for investment in 'Associates' under the 'Equity Method' as per AS 23 "Accounting for Investments in Associates in Consolidated Financial Statements " of the ICAI.

2. The difference between cost to the group of its investment in the subsidiary entities and the group's portion of the equity of the subsidiaries is recognised in the financial statements as goodwill / capital reserve.

3. Minority interest in the net assets of the consolidated subsidiaries consists of:

   a. The amount of equity attributable to the minority at the date on which investment in a subsidiary is made, and

   b. The minority share of movements in revenue reserves/loss (equity) since the date the parent-subsidiary relationship came into existence.

D. Significant Accounting Policies

1. Revenue recognition

1.1 Income and expenditure are accounted on accrual basis, except otherwise stated. In respect of foreign offices/entities, income is recognised as per the local laws of the country in which the respective foreign offices/entities are located.

1.2 निम्नलिखित को छोड़कर लाभ और हानि खाते में निर्धारण प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है (i) अग्रिमों, पट्टों और विनिधानों से समाविष्ट अनर्जक आस्तियों से आय, जिसका निर्धारण भारतीय रिज़र्व बैंक / विदेश स्थित कार्यालयों / इकाइयों के मामले में संबंधित देश के विनियामकों (इसके पश्चात् सामूहिक रूप से विनियामक प्राधिकरण कहलाएंगे) द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार वसूली आधार पर किया जाता है, (ii) विनिधानों की आवेदन-राशि पर ब्याज, (iii) विनिधानों तथा बट्टाकृत बिलों पर अतिदेय ब्याज (iv) रुपया डेरीवेटिव्स पर आय ''ट्रेडिंग'' के रूप में नामित।

1.3 विनिधानों की बिक्री पर होने वाले लाभ या हानि को लाभ एवं हानि खाते में लिया गया है, तथापि, 'परिपक्वता के लिए रखे गए' श्रेणी के विनिधानों की बिक्री पर होनेवाले लाभ को प्रयोज्य करों और 'पूंजी आरक्षित खाते' में सांविधिक आरक्षित निधि हेतु अंतरित की जाने वाली आवश्यक राशि को घटाने के बाद समायोजित किया गया है।

1.4 वित्त पट्टों से हुई आय का परिकलन प्राथमिक पट्टा अवधि के लिए पट्टे की बकाया निवल विनिधान की राशि पर पट्टे की ब्याज दर का उपयोग करके किया गया है । 01 अप्रैल, 2001 से प्रभावी पट्टों को पट्टे में निवल विनिधान के समान राशि के अग्रिम के रूप में लेखे में लिया गया है । पट्टा किरायों का मूल राशि और वित्त आय में प्रभाजन वित्त पट्टों से सम्बद्ध बकाया निवल प्रावधानों के नियत आवधिक प्रतिफल के परावर्ती स्वरूप के आधार पर किया गया है। मूल राशि का उपयोग पट्टे में निवल विनिधान राशि को घटाने के लिए किया गया है और वित्त आय को ब्याज आय के रूप में रिपोर्ट किया गया है।

1.5 ''परिपक्वता के लिए रखे गए'' श्रेणी में विनिधान पर आय (ब्याज को छोड़कर) को अंकित मूल्य की तुलना में बट्टाकृत मूल्य पर निम्नानुसार अभिज्ञान में लिया गया है :

i. ब्याज-प्राप्त करने वाली प्रतिभूतियों के संदर्भ में इसे बिक्री / शोधन के समय अभिज्ञान में लिया गया है।

ii. शून्य-कूपन प्रतिभूतियों पर, इसे प्रतिभूति की शेष अवधि के लिए नियत आय आधार पर लेखे में लिया गया है।

1.6 जहाँ लाभांश प्राप्त करने का अधिकार सिद्ध होता है वहाँ लाभांश को प्रोद्भवन आधार पर लेखे में लिया गया है।

1.7 (i) आस्थगित भुगतान गारंटियों पर गारंटी कमीशन का आकलन गारंटी की पूरी अवधि के लिए किया गया है और (ii) सरकारी व्यवसाय पर कमीशन का निर्धारण प्रोद्भवन आधार पर किया गया है। इन दोनों को छोड़कर अन्य सभी कमीशन और शुल्क - आय का निर्धारण वसूली के बाद किया गया है।

1.8 विशेष गृह ऋण योजना (दिसंबर 2008 से जून 2009) के अंतर्गत भुगतान किया गया एक बारगी बीमा प्रीमियम ऋण की 15 वर्षों की औसत ऋण अवधि में परिशोधित किया गया है।

1.9 गैर-बैंकिंग इकाइयाँ

मर्चेंट बैंकिंग:

क. ग्राहक के साथ हुए करार के अनुसार निर्गम-प्रबंधन और परामर्श शुल्क को शामिल किया गया है।

ख. सुपुर्द नियत-कार्य के पूरा होने के बाद निजी नियोजन शुल्क को शामिल किया गया है।

ग. सार्वजनिक निर्गमों से संबंधित हामीदारी-कमीशन को सार्वजनिक निर्गम के आबंटन की प्रक्रिया के पूर्ण होने के पश्चात लेखे में लिया गया है।

घ. सार्वजनिक निर्गम/म्यूचुअल फंड/अन्य प्रतिभूतियों से संबंधित दलाली आय को ग्राहकों/बिचौलियों से संग्रहण और सूचना प्राप्त होने के बाद लेखे में लिया गया है।

ङ शेयर दलाली कार्यकलाप से संबंधित दलाली आय को लेनदेन करने की तिथि पर शामिल किया गया है और उसमें स्टाम्प शुल्क एवं लेनदेन संबंधी व्यय शामिल हैं।

1.2 Interest income is recognised in the Profit and Loss Account as it accrues except (i) income from non-performing assets (NPAs), comprising of advances, leases and investments, which is recognised upon realisation, as per the prudential norms prescribed by the RBI/ respective country regulators in case of foreign offices/ entities (hereafter collectively referred to as Regulatory Authorities), (ii) interest on application money on investments (iii) overdue interest on investments and bills discounted, (iv) Income on Rupee Derivatives designated as "Trading"

1.3 Profit or Loss on sale of investments is recognised in the Profit and Loss Account, however the profit on sale of investments in the 'Held to Maturity' category is appropriated net of applicable taxes and amount required to be transferred to statutory reserve to 'Capital Reserve Account'.

1.4 Income from finance leases is calculated by applying the interest rate implicit in the lease to the net investment outstanding in the lease, over the primary lease period. Leases effective from April 1, 2001 are accounted as advances at an amount equal to the net investment in the lease. The lease rentals are apportioned between principal and finance income based on a pattern reflecting a constant periodic return on the net investment outstanding in respect of finance leases. The principal amount is utilized for reduction in balance of net investment in lease and finance income is reported as interest income.

1.5 Income (other than interest) on investments in "Held to Maturity" (HTM) category acquired at a discount to the face value, is recognised as follows :

i. On Interest bearing securities, it is recognised only at the time of sale/ redemption.

ii. On zero-coupon securities, it is accounted for over the balance tenor of the security on a constant yield basis.

1.6 Dividend is accounted on an accrual basis where the right to receive the dividend is established.

1.7 All other commission and fee incomes are recognised on their realisation except for (i) Guarantee commission on deferred payment guarantees, which is spread over the period of the guarantee and (ii) Commission on Government Business, which is recognised as it accrues.

1.8 One time Insurance Premium paid under Special Home Loan Scheme (December 2008 to June 2009) is amortised over average loan period of 15 years.

1.9 **Non-banking entities**

Merchant Banking:

a. Issue management and advisory fees are recognised as per the terms of agreement with the client.

b. Fees for private placement are recognised on completion of assignment.

c. Underwriting commission relating to public issues is accounted for on finalisation of allotment of the public issue.

d. Brokerage income relating to public issues/mutual fund/other securities is accounted for based on mobilisation and intimation received from clients/ intermediaries.

e. Brokerage income in relation to stock broking activity is recognized on the trade date of transactions and includes stamp duty and transaction charges.

आस्ति प्रबंधनः

क. संबंधित योजनाओं में सहमत विशिष्ट दरों पर प्रबंधन शुल्क को अभिज्ञान में लिया गया है। इन दरों को प्रत्येक योजना की निवल आस्ति के दैनिक औसत आधार पर लगाया गया है (इसमें जहाँ लागू हो अंतर-योजना विनिधान और संबंधित योजनाओं में कंपनी द्वारा किए गए विनिधानों को नहीं शामिल किया गया है।) और यह सेबी (म्यूचुअल-फंड) विनियम 1996 द्वारा निर्धारित सीमाओं के अनुरूप है।

ख. संविदा शर्तो के अनुसार, संविभाग सलाहकारी सेवाओं से प्राप्त आय को प्रोद्भवन आधार पर शामिल किया गया है।

ग. प्रत्याभूत घाटा-योजनाओं से होने वाली वसूली, जिसे पहले व्यय माना गया था. को प्राप्ति के वर्ष में आय के रूप में माना गया है।

घ. योजना व्ययः निर्धारित दरों से अधिक योजना व्ययों को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

ङ प्रतिस्थापन अधिकार के अंतर्गत कंपनी द्वारा अभिगृहीत योजनाओं के अंतरित निवेशों की वसूली प्राप्ति आधार पर लेखे में ली गई है।

क्रेडिट कार्ड परिचालन :

क. सदस्यता ग्रहण शुल्क तथा प्रथम वार्षिक शुल्क को एक वर्ष की अवधि के लिए निर्धारित किया गया है क्योंकि यह ज्यादा सटीक ढंग से उस अवधि को दर्शाती है, जिससे शुल्क संबंधित है।

ख. विनिमय आय को प्रोद्भवन आधार पर हिसाब में लिया गया है।

ग. सभी अन्य सेवा शुल्क संबंधित लेनदेन के समय दर्ज किए गए हैं।

फैक्टरिंग :

अनर्जक परिसंपत्तियों, जहाँ वसूली होने पर आय को हिसाब में लिया जाता है, के मामले को छोड़कर फैक्टरिंग सेवा शुल्कों को प्रोद्भवन आधार पर हिसाब में लिया जाता है। कंपनी द्वारा फैक्टरिंग/वित्तीयन सीमाओं की स्वीकृति के बाद प्रक्रिया शुल्क प्रोद्भूत होते है।

जीवन बीमाः

क. पॉलिसी धारकों से देय होने पर, जीवन बीमा प्रीमियम (सेवाकर को घटाने के बाद) को आय के रूप में लिया जाता है। कालातीत पॉलिसियों को जब तक पुनःप्रवर्तित नहीं किया जाता, तब तक ऐसी पॉलिसियों के वसूल न किए गए प्रीमियम को हिसाब में नहीं लिया जाता है। संबद्ध व्यवसाय के मामले में एसोसिएटेड इकाइयों के आबंटन के समय प्रीमियम आय का निर्धारण किया जाता है।

ख. पुनर्बीमा पर प्राप्त प्रीमियम को पुनर्बीमाकर्ता के साथ हुई संधि अथवा सैद्धांतिक व्यवस्था की शर्तों के अनुसार हिसाब में लिया जाता है।

ग. मृत्यु से संबंधित जीवन बीमा दावों की सूचना प्राप्त होने पर उन्हें हिसाब में लिया जाता है। वर्ष के अंत तक की सूचनाओं पर ऐसे दावों की गणना के लिए विचार किया जाता है। परिपक्वता से संबंधित दावों को पॉलिसी की परिपक्वता तिथि को हिसाब में लिया जाता है। वार्षिक लाभों की गणना उस समय की जाती है, जब वे देय होते हैं। अभ्यर्पणों को अधिसूचित किए जाने पर हिसाब में लिया जाता है। जहाँ प्रयोज्य हो, दावा-व्यय में पॉलिसी लाभ एवं दावा निपटान व्यय शामिल होते हैं। पुनर्बीमाकर्ताओं से वसूल की जाने वाली राशियों को संबंधित दावों की अवधि के लिए हिसाब में लिया जाता है और उन्हें दावों से घटाया जाता है।

घ. कमीशन जैसे अभिग्रहण खर्च, चिकित्सा शुल्क आदि ऐसे खर्च हैं जो मुख्य रूप से नए एवं नवीकृत बीमा संविदाओं के अभिग्रहण से संबंधित होते हैं और इनका भुगतान व्यय के समय ही कर दिया जाता है।

ड. बीमा पालिसियों के लिए देयता : सभी जीवन बीमा पालिसियों की बीमांकिक देयता की गणना- इंस्टीट्यूट ऑफ एक्चूअरीज़ ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार -नियुक्त किए गए बीमांकनकर्ता द्वारा की जाती है।

Asset Management:

a. Management fee is recognised at specific rates agreed with the relevant schemes, applied on the average daily net assets of each scheme (excluding inter-scheme investments, where applicable, and investments made by the company in the respective scheme) and are in conformity with the limits specified under SEBI (Mutual Funds) Regulations, 1996.

b. Portfolio Advisory Service income is recognised on accrual basis as per the terms of the contract.

c. Recovery from guaranteed schemes of deficit earlier recognised as expense is recognised as income in the year of receipt.

d. Scheme Expenses: Expenses of schemes in excess of the stipulated rates are charged to the Profit and Loss Account.

e. Recovery, if any, on realisation of devolved investments of schemes acquired by the company in terms of right of subrogation is accounted on the basis of receipts.

Credit Card Operations:

a. Joining membership fee and first annual fee have been recognised over a period of one year as they more closely reflects the period to which the fee relate to.

b. Interchange income is recognised on accrual basis.

c. All other service fees are recorded at the time of occurrence of the respective transaction.

Factoring:

Factoring service charges are accounted on accrual basis except in the case of non-performing assets, where income is accounted on realisation. Processing charges are accrued upon acceptance of sanction of the factoring/financing limits by the Company.

Life Insurance:

a. Premium (net of service tax) is recognized as income when due from policyholders. Uncollected premium from lapsed policies is not recognised as income until such policies are revived. In respect of linked business, premium income is recognised when the associated units are allotted.

b. Premium ceded on reinsurance is accounted in accordance with the terms of the treaty or in-principle arrangement with the Re-Insurer.

c. Claims by death are accounted when intimated. Intimations upto the end of the year are considered for accounting of such claims. Claims by maturity are accounted on the policy maturity date. Annuity benefits are accounted when due. Surrenders are accounted as and when notified. Claims cost consist of the policy benefit amounts and claims settlement costs, where applicable. Amounts recoverable from re-insurers are accounted for in the same period as the related claims and are reduced from claims.

d. Acquisition costs such as commission; medical fees etc. are costs that are primarily related to the acquisition of new and renewal insurance contracts and are expensed as and when incurred.

e. Liability for life policies: The actuarial liability of all the life insurance policies has been calculated by the appointed actuary as per the guidelines prescribed by the Institute of Actuaries of India.

साधारण बीमा :

क. प्रत्यक्ष व्यवसाय और स्वीकृत पुनर्बीमा पर प्राप्त प्रीमियम (पुनर्नियोजन प्रीमियम सहित) का निर्धारण सेवा कर घटाने के बाद 1/365 पद्धति के अनुसार सकल आधार पर संविदा अवधि या जोखिम अवधि, जो भी उपयुक्त हो, में आय के रूप में किया गया है। प्रीमियम में होने वाले अन्य अनुवर्ती संशोधन का निर्धारण शेष जोखिम अवधि या संविदा अवधि में किया गया है। पॉलिसियों के रद्द होने से प्रीमियम आय में होनेवाले समायोजनों का निर्धारण उस अवधि में किया गया है जिसमें वह रद्द की गई है।

ख. बंद की गई पुनर्बीमा पर प्राप्त कमीशन का निर्धारण उस अवधि में आय के रूप में किया गया है जिस अवधि में पुनर्बीमा जोखिम बंद की गई है। पुनर्बीमा संधियों के अंतर्गत लाभ कमीशन, जहां कहीं लागू हो, का निर्धारण लाभ के अंतिम निर्धारण वाले वर्ष में आय के रूप में किया गया है, जिस प्रकार पुनर्बीमाकर्ता द्वारा सूचित किया गया है और उसे बंद की गई पुनर्बीमा पर प्राप्त कमीशन के साथ रखा गया है।

ग. बंद की गई आनुपातिक पुनर्बीमा पॉलिसी के संबंध में, बंद की गई पुनर्बीमा पॉलिसी की लागत जोखिम की शुरुआत होने के आधार पर उपचित की गई है। गैर-आनुपातिक पुनर्बीमा लागत का निर्धारण देय होने के समय किया गया है। अन्य कोई अनुवर्ती संशोधन होने पर, प्रीमियमों को वापस या निरस्त करने का निर्धारण उस अवधि में किया गया है जिसमें वह देय होता है।

घ. अधिग्रहण लागतें जैसे कमीशन, पॉलिसी निर्गम व्यय आदि ऐसी लागतें हैं जो मुख्य रूप से नए एवं नवीकरण व्यवसाय संविदाओं के अधिग्रहण से संबंधित हैं और उस अवधि में व्यय की गई हैं जिसमें वे उपस्थित हुई हैं।

ङ दावे का निर्धारण नुकसान होने की सूचना प्राप्त होने पर किया गया है। तुलन पत्र को देय बकाया दावों से संबंधित प्रावधान में से पुनर्बीमा, अवशिष्ट मूल्य और प्रबंधन द्वारा अनुमानित अन्य वसूलियों को घटाया गया है।

च. दावा संबंधी देयताएं जो किसी लेखा अवधि के दौरान उपचित हो गई हैं परंतु लेखा अवधि की समाप्ति से पूर्व सूचित या दावा नहीं की गई है (आईबीएनआर) या पर्याप्त रूप से सूचित नहीं की गई हैं (अर्थात इस टिप्पणी के साथ सूचित की गई कि संभावित दावा राशि का एक उचित अनुमान लगाने के लिए सूचना अपर्याप्त के साथ सूचित की गई है (आईबीएनईआर), से संबंधित प्रावधान वह राशि है जो आईआरडीए की सहमति से भारतीय बीमांकिक सोसायटी द्वारा जारी मार्गदर्शी टिप्पणियों और इस संबंध में आईआरडीए द्वारा जारी अन्य निर्देशों के अनुसार बीमांकिक सिद्धांतों के आधार पर नियुक्त बीमांकनकर्ता/परामर्शी बीमांकनकर्ता द्वारा निर्धारित की गई है।

अभिरक्षा एवं संबद्ध सेवाएं :

आय का निर्धारण उस सीमा तक किया गया है कि कंपनी को आर्थिक लाभ प्राप्त होने की संभावना है और इस आय का विश्वासपूर्वक मापन किया जा सकेगा।

पेंशन निधि परिचालन :

प्रबंधन शुल्क को कंपनी और एनपीएस न्यासियों के बीच हुए निवेश प्रबंधन करार (आइएमए) के अनुसार तैयार की गई संबद्ध योजनाओं में निर्दिष्ट सहमत दरों पर प्रोद्भूत आधार पर शामिल किया गया है। जहाँ कहीं सेवा कर की वसूली की गई, वहाँ आय में सेवा कर को शामिल नहीं किया गया है।

म्यूचुअल फण्ड न्यासी परिचालन :

न्यासधारिता शुल्कों / प्रबंधन शुल्कों को कंपनियों के बीच हुई संविदा की संबंधित शर्तो के अनुसार प्रोद्भूत आधार पर शामिल किया गया है।

General Insurance:

a. Premium (net of service tax), including reinstatement premium, on direct business and reinsurance accepted, is recognized as income over the contract period or the period of risk, whichever is appropriate, on gross basis under 1/365 method. Any subsequent revision to premium is recognized over the remaining period of risk or contract period. Adjustments to premium income arising on cancellation of policies are recognised in the period in which it is cancelled.

b. Commission received on reinsurance ceded is recognised as income in the period in which reinsurance risk is ceded. Profit commission under re-insurance treaties, wherever applicable, is recognized as income in the year of final determination of the profits as intimated by Reinsurer and combined with commission on reinsurance ceded.

c. In respect of proportional reinsurance ceded, the cost of reinsurance ceded is accrued at the commencement of risk. Non-proportional reinsurance cost is recognized when due. Any subsequent revision to, refunds or cancellations of premiums is recognized in the period in which they occur.

d. Acquisition costs such as commission, policy issue expenses etc. are costs that are primarily related to the acquisition of new and renewal insurance contracts and are expensed in the period in which they are incurred.

e. Claim is recognized as and when a loss occurrence is reported. Provision for claims outstanding payable as on the date of Balance Sheet is net of reinsurance, salvage value and other recoveries as estimated by the management.

f. Provision in respect of claim liabilities that may have been incurred during an accounting period but not reported or claimed (IBNR) or not enough reported (i.e reported with information insufficient for making a reasonable estimate of likely claim amount) (IBNER) before the end of the accounting period, is the amount determined by the Appointed Actuary/Consulting Actuary based on actuarial principles in accordance with the Guidance Notes issued by the Actuarial Society of India with the concurrence of the IRDA and any directions issued by IRDA in this respect.

Custodial & related services:

The revenue is recognised to the extent that it is probable that the economic benefits will flow to the company and the revenue can be reliably measured.

Pension Fund Operation:

Management fees is recognized at specified rates agreed with the relevant schemes calculated as per the Investment Management Agreement (IMA) entered into between the Company and NPS Trustees, on accrual basis. Revenue excludes Service Tax, wherever recovered.

Mutual Fund Trustee Operation:

Trusteeship fees / management fees are recognised on an accrual basis in accordance with the respective terms of contract between the Companies.

2. विनिधान

सरकारी प्रतिभूति लेनदेन 31.12.2010 तक 'क्रय-विक्रय की तिथि' को और 01.01.2011 से 'समाधान तिथि' को दर्ज किए गए हैं। सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर विनिधान 'क्रय-विक्रय तिथि' को दर्ज किए गए हैं।

2.1 वर्गीकरण

विनिधानों को 3 श्रेणियों यथा – 'परिपक्वता के लिए रखे गए', 'विक्रय के लिए उपलब्ध' और 'व्यवसाय के लिए रखे गए' में वर्गीकृत किया गया है।

2.2 वर्गीकरण का आधार :

i. उन विनिधानों को 'परिपक्वता के लिए रखे गए' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है, जिन्हें बैंक द्वारा परिपक्वता तक रखा जाता है।

ii. उन विनिधानों को 'व्यवसाय के लिए रखे गए' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है, जिन्हें क्रय तिथि से 90 दिनों के भीतर सिद्धांतत: पुनर्विक्रय हेतु रखा जाता है।

iii. जिन विनिधानों को उपर्युक्त दो श्रेणियों में वर्गीकृत नहीं किया गया है, उन्हें 'विक्रय के लिए उपलब्ध' श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

iv. प्रत्येक विनिधान को इसके क्रय के समय 'परिपक्वता के लिए रखे गए', 'विक्रय के लिए उपलब्ध' या 'व्यवसाय के लिए रखे गए' श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है और उसके पश्चात श्रेणियों में परस्पर परिवर्तन विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप किया गया है।

2.3 मूल्यन :

i. किसी विनिधान की अभिग्रहण लागत का निर्धारण करने में :

क. अभिदानों पर प्राप्त दलाली / कमीशन को लागत में से घटा दिया गया है।

ख. विनिधानों के अभिग्रहण के संबंध में प्रदत्त दलाली, कमीशन, प्रतिभूति लेनदेन कर आदि का उसी समय व्यय कर दिया गया है और इन्हें लागत में शामिल नहीं किया गया है ।

ग. ऋण लिखतों पर खंडित अवधि के लिए प्रदत्त/प्राप्त ब्याज को ब्याज व्यय / आय मद के रूप में माना गया है और इन्हें लागत/बिक्री प्रतिफल में शामिल नहीं किया गया है।

घ. एएफएस और एचएफटी श्रेणी के अंतर्गत निवेश की लागत का निर्धारण समूह इकाइयों की भारित औसत लागत प्रणाली के आधार पर और एचटीएम श्रेणी के अंतर्गत निवेशों की लागत का निर्धारण एसबीआई द्वारा (पहले आए पहले जाए) आधार पर और अन्य समूह इकाइयों द्वारा भारित औसत लागत प्रणाली के आधार पर किया गया है।

ii. उपरोक्त तीन श्रेणियों में प्रतिभूति के अंतरण को अंतरण की तिथि को न्यूनतम अभिग्रहण लागत/बही मूल्य/बाजार मूल्य के अनुसार लेखे में लिया गया है, और ऐसे अंतरण पर हुए मूल्यह्रास, यदि हो तो, का प्रावधान किया गया है ।

iii. राजस्व बिलों और वाणिज्यिक पत्रों का मूल्यन **अग्रानीत व्यय आधार** पर किया गया है ।

iv. **परिपक्वता के लिए रखे गए श्रेणी :** परिपक्वता के लिए रखे गए श्रेणी के अंतर्गत निवेश जब तक अंकित मूल्य से अधिक न हो, अभिग्रहण लागत आधार पर लिए गए हैं जिसमें प्रीमियम का परिशोधन स्थायी लागत आधार पर शेष परिपक्वता अवधि में किया गया है। ऐसे प्रीमियम के परिशोधन को 'विनिधानों पर ब्याज' शीर्ष के अंतर्गत आय के प्रति समायोजित किया गया है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में किए गए विनिधानों का मूल्यन भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के लेखा मानक-23 के अनुसार ईक्विटी लागत पर किया गया है। अस्थायी निवेशों को छोड़कर प्रत्येक निवेश हेतु पृथक - पृथक रूप से ह्रास के लिए प्रावधान किया गया है।

2. Investments

The transactions in Government Securities are recorded on "Trade Date" upto 31.12.2010 and on "Settlement Date" with effect from 01.01.2011. Investments other than Government Securities are recorded on "Trade Date".

2.1 **Classification**

Investments are classified into three categories, viz. Held to Maturity (HTM), Available for Sale (AFS) and Held for Trading (HFT)

2.2 **Basis of classification:**

i. Investments that the Bank intends to hold till maturity are classified as Held to Maturity.

ii. Investments that are held principally for resale within 90 days from the date of purchase are classified as Held for Trading.

iii. Investments, which are not classified in the above two categories, are classified as Available for Sale.

iv. An investment is classified as Held to Maturity, Available for Sale or Held for Trading at the time of its purchase and subsequent shifting amongst categories is done in conformity with regulatory guidelines.

2.3 **Valuation:**

i. In determining the acquisition cost of an investment:

a. Brokerage/commission received on subscriptions is reduced from the cost.

b. Brokerage, commission, securities transaction tax, etc. paid in connection with acquisition of investments are expensed upfront and excluded from cost.

c. Broken period interest paid / received on debt instruments is treated as interest expense/ income and is excluded from the cost/sale consideration.

d. Cost of investment under AFS and HFT category is determined at the weighted average cost method by the group entities and cost of investments under HTM category is determined on FIFO basis (first in first out) by SBI and weighted average cost method by other group entities.

ii. The transfer of a security amongst the above three categories is accounted for at the least of acquisition cost/book value/market value on the date of transfer, and the depreciation, if any, on such transfer is fully provided for.

iii. Treasury Bills and Commercial Papers are valued at **carrying cost**.

iv. **Held to Maturity category:** Investments under Held to Maturity category are carried at acquisition cost unless it is more than the face value, in which case the premium is amortised over the period remaining maturity on constant yield basis. Such amortisation of premium is adjusted against income under the head "interest on investments". Investments in Regional Rural Banks (RRBs) are valued at equity cost determined in accordance with AS 23 of the ICAI. A provision is made for diminution, other than temporary, for each investment individually.

v. **विक्रय के लिए उपलब्ध तथा व्यवसाय के लिए रखी गई श्रेणियाँ :** ए एफ एस और एच एफ टी श्रेणियों में रखे गए विनिधानों का पृथक-पृथक रूप से बाजार मूल्य या विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित उचित मूल्य के आधार पर पुनर्मूल्यन किया गया है, और प्रत्येक श्रेणी के लिए केवल निवल मूल्यह्रास हेतु प्रावधान किया गया है तथा निवल मूल्यवृद्धि को लेखे में नहीं लिया गया है। मूल्यह्रास के लिए प्रावधान होने पर, बाजार के लिए अलग करने के बाद प्रत्येक प्रतिभूति का मूल्य अपरिवर्तित रहा।

vi. किसी आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों का मूल्यन गैर-सांविधिक चलनिधि अनुपात (नॉन-एसएलआर) लिखतों पर लागू दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है । तदनुसार, उन मामलों में जहाँ आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीद तत्सम्बद्ध योजना के लिखतों के लिए आबंटित वित्तीय आस्तियों की वास्तविक वसूली तक ही सीमित है, वहाँ आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी से प्राप्त निवल आस्ति मूल्य, की गणना ऐसे विनिधानों के मूल्यन के लिए की गई है।

vii. देशी कार्यालयों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के तथा विदेश स्थित कार्यालयों के संबंध में उस देश के विनियामकों के दिशा-निर्देशों के आधार पर विनिधानों को अर्जक और अनर्जक श्रेणियों में विभाजित किया गया है। देशी कार्यालयों के विनिधान निम्नलिखित स्थितियों में अनर्जक हो जाते हैं :

क. ब्याज/किस्त (परिपक्वता राशि सहित) देय है और यह 90 दिनों से अधिक अवधि से बकाया है।

ख. ईक्विटी शेयरों के संबंध में, जहाँ अद्यतन तुलनपत्र की अनुपलब्धता के कारण किसी कंपनी के शेयरों को रु. 1 प्रति कंपनी मूल्य प्रदान किया गया है – ऐसे ईक्विटी शेयरों को अनर्जक विनिधान माना जाएगा ।

ग. यदि जारीकर्ता द्वारा ली गई कोई ऋण-सुविधा बैंक – बही में अनर्जक आस्ति हो गई है, तो ऐसी स्थिति में उसी जारीकर्ता द्वारा जारी किसी भी प्रतिभूति में विनिधान को और जारीकर्ता द्वारा विनिधान को अनर्जक विनिधान माना जाएगा ।

घ. उपर्युक्त, शर्त आवश्यक परिवर्तनों के साथ उन प्रिफरेन्स शेयरों पर भी लागू होगी, जहाँ निर्धारित लाभांश का भुगतान नहीं किया गया है ।

ङ ऐसे डिबेंचरों / बांडों में विनिधान जिन्हें अग्रिम की प्रकृति के विनिधान माना जाता है, उन पर अनर्जक विनिधान के वही मानदंड लगेंगे जो विनिधानों पर लागू होते हैं ।

च. विदेशी इकाइयों के अनर्जक विनिधानों के संबंध में प्रावधान-स्थानीय विनियमों अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंडों में से जो अधिक हो, उसके अनुसार किया गया है ।

viii. रेपो / रिवर्स रेपो लेनदेन के लिए लेखा प्रणाली (भारतीय रिज़र्व बैंक की चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत आने वाले लेनदेनों को छोड़कर)

(क) रेपो/रिवर्स रेपो के अंतर्गत बेची / खरीदी गई प्रतिभूतियों को संपार्श्विक ऋणान्वयन और उधार देने संबंधी लेनदेन के रूप में लेखे में लिया गया है। तथापि, प्रतिभूतियों का अंतरण सामान्य एकमुश्त विक्रय / क्रय लेनदेन की तरह किया गया है और प्रतिभूतियों के ऐसे संचलन को रेपो / रिवर्स रेपो खातों और प्रति-प्रविष्टि का उपयोग करते हुए दर्शाया गया है। उपर्युक्त प्रविष्टियों को परिपक्वता की तिथि को प्रतिवर्तित किया गया है और आय को ब्याज व्यय/आय के रूप में जैसी भी स्थिति हो, लेखे में लिया गया है। रेपो खाते के शेष को अनुसूची-4 (उधार) और रिवर्स रेपो खाते के शेष को अनुसूची-7 (बैंकों में शेष और मांग एवं अल्प सूचना पर प्राप्य राशि) के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।

v. **Available for Sale and Held for Trading categories:** Investments held under AFS and HFT categories are individually revalued at the market price or fair value **determined as per Regulatory guidelines,** and only the net depreciation of each group for each category is provided for and net appreciation, is ignored. On provision for depreciation, the book value of the individual securities remains unchanged after marking to market.

vi. Security receipts issued by an asset reconstruction company (ARC) are valued in accordance with the guidelines applicable to non-SLR instruments. Accordingly, in cases where the security receipts issued by the ARC are limited to the actual realisation of the financial assets assigned to the instruments in the concerned scheme, the Net Asset Value, obtained from the ARC, is reckoned for valuation of such investments.

vii. Investments are classified as performing and non-performing, based on the guidelines issued by the RBI in case of domestic offices/entities and respective regulators in case of foreign offices/ entities. Investments of domestic offices become non-performing where:

a. Interest/instalment (including maturity proceeds) is due and remains unpaid for more than 90 days.

b. In the case of equity shares, in the event the investment in the shares of any company is valued at Re. 1 per company on account of the non availability of the latest balance sheet, those equity shares would be reckoned as NPI.

c. If any credit facility availed by the issuer is NPA in the books of the bank, investment in any of the securities issued by the same issuer would also be treated as NPI and vice versa.

d. The above would apply mutatis-mutandis to preference shares where the fixed dividend is not paid.

e. The investments in debentures/bonds, which are deemed to be in the nature of advance, are also subjected to NPI norms as applicable to investments.

f. In respect of foreign offices/entities, provisions for non performing investments are made as per the local regulations or as per the norms of RBI, whichever is higher.

viii. **Accounting for Repo/ reverse repo transactions (other than transactions under the Liquidity Adjustment Facility (LAF) with the RBI)**

(a) The securities sold and purchased under Repo/ Reverse repo are accounted as Collateralized lending and borrowing transactions. However securities are transferred as in case of normal outright sale/ purchase transactions and such movement of securities is reflected using the Repo/Reverse Repo Accounts and Contra entries. The above entries are reversed on the date of maturity. Costs and revenues are accounted as interest expenditure/income, as the case may be. Balance in Repo A/c is classified under schedule 4 (Borrowings) and

(ख) भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अधीन क्रय / विक्रय की गई प्रतिभूतियों को विनिधान खाते में नामे/जमा किया गया है और उनको लेनदेन की परिपक्वता की तिथि पर प्रतिवर्तित किया गया है। उन पर व्यय / अर्जित ब्याज को व्यय/आय के रूप में लेखे में लिया गया है।

3. ऋण/अग्रिम और उन पर प्रावधान

3.1 ऋणों और अग्रिमों का वर्गीकरण भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के आधार पर अर्जक और अनर्जक ऋणों और अग्रिमों के रूप में किया गया है। ऋण आस्तियाँ उन मामलों में अनर्जक बन गई हैं, जहाँ:

i. सावधि ऋणों के संबंध में, ब्याज और/अथवा मूलधन की किस्त 90 दिनों से अधिक अवधि के लिए अतिदेय रहती है;

ii. ओवरड्राफ्ट या नकदी-ऋण अग्रिम के संबंध में खाता ''असंगत'' (''आउट ऑफ आर्डर'') रहता है, अर्थात् यदि बकाया शेष राशि लगातार 90 दिनों की अवधि के लिए संस्वीकृत सीमा /आहरण अधिकार से अधिक हो जाती है, या कोई राशि तुलनपत्र की तिथि को लगातार 90 दिनों के लिए जमा नहीं है अथवा ये जमाराशियाँ उसी अवधि के दौरान देय ब्याज का भुगतान करने के लिए अपर्याप्त हैं;

iii. क्रय किए गए/बट्टाकृत बिलों के संबंध में, बिल 90 दिनों की अवधि से अधिक अतिदेय रहते हैं;

iv. कृषि अग्रिमों के संबंध में, अल्पावधि फसलों के लिए जहाँ मूलधन की किस्त या ब्याज 2 फसल-ऋतुओं के लिए अतिदेय रहते हैं;

v. कृषि अग्रिमों के संबंध में, दीर्घावधि फसलों के लिए जहाँ मूलधन या ब्याज एक फसल -ऋतु के लिए अतिदेय रहते हैं।

3.2 अनर्जक आस्तियों को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर अव-मानक, संदिग्ध और हानिप्रद आस्तियों में वर्गीकृत किया गया है:

i. अव-मानक : ऐसी कोई ऋण आस्ति, जो 12 महीनों या उससे कम अवधि के लिए अनर्जक रही है।

ii. संदिग्ध : ऐसी कोई ऋण आस्ति, जो 12 महीनों की अवधि के लिए अव-मानक श्रेणी में रही है।

iii. हानिप्रद : ऐसी कोई ऋण आस्ति, जिसमें हानि का पता चल गया है किंतु उस राशि को पूर्णतया बट्टे खाते में नहीं डाला गया है।

3.3 अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान विनियामक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार किए गए हैं, पर इसमें निम्नलिखित निर्धारित न्यूनतम प्रावधान मानदंडों को ध्यान में रखा गया है:

अव-मानक आस्तियाँ :	i.	10% का सामान्य प्रावधान
	ii.	उन ऋण जोखिमों के लिए, जो प्रारंभ से ही अप्रतिभूत हैं, 10% का अतिरिक्त प्रावधान (जहाँ प्रतिभूति का वसूली - मूल्य शुरू से ही 10% से अधिक नहीं है)
संदिग्ध आस्तियाँ :		
- प्रतिभूत भाग :	i.	एक वर्ष तक - 20%
	ii.	एक से तीन वर्ष तक - 30%
	iii.	तीन वर्ष से अधिक 100%
- अप्रतिभूत भाग :		100%
हानिप्रद आस्तियाँ :		100%

balance in Reverse Repo A/c is classified under schedule 7 (Balance with Banks and Money at Call & Short Notice).

(b) Securities purchased / sold under LAF with RBI are debited / credited to Investment Account and reversed on maturity of the transaction. Interest expended / earned thereon is accounted for as expenditure / revenue.

3. Loans /Advances and Provisions thereon

3.1 Loans and Advances are classified as performing and non-performing, based on the guidelines issued by RBI. Loan assets become non-performing assets (NPAs) where:

i. In respect of term loans, interest and/or instalment of principal remains overdue for a period of more than 90 days;

ii. In respect of Overdraft or Cash Credit advances, the account remains "out of order", i.e. if the outstanding balance exceeds the sanctioned limit/drawing power continuously for a period of 90 days, or if there are no credits continuously for 90 days as on the date of balance-sheet, or if the credits are not adequate to cover the interest due during the same period;

iii. In respect of bills purchased/discounted, the bill remains overdue for a period of more than 90 days;

iv. In respect of agricultural advances for short duration crops, where the instalment of principal or interest remains overdue for two crop seasons;

v. In respect of agricultural advances for long duration crops, where the principal or interest remains overdue for one crop season.

3.2 NPAs are classified into sub-standard, doubtful and loss assets, based on the following criteria stipulated by RBI:

i. Sub-standard: A loan asset that has remained non-performing for a period less than or equal to 12 months.

ii. Doubtful: A loan asset that has remained in the sub-standard category for a period of 12 months.

iii. Loss: A loan asset where loss has been identified but the amount has not been fully written off.

3.3 Provisions are made for NPAs as per the extant guidelines prescribed by the regulatory authorities, subject to minimum provisions as prescribed below :

Substandard Assets:	i.	A general provision of 10%
	ii.	Additional provision of 10% for exposures which are unsecured ab-initio (where realisable value of security is not more than 10 percent ab-initio)
Doubtful Assets:		
- Secured portion:	i.	Upto one year - 20%
	ii.	One to three years - 30%
	iii.	More than three years - 100%
- Unsecured portion		100%
Loss Assets:		100%

3.4 विदेश स्थित कार्यालयों/इकाइयों के अनर्जक अग्रिमों के संबंध में प्रावधान स्थानीय विनियमों अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंडों में से जो अधिक था, के अनुसार किए गए हैं।

3.5 अनर्जक आस्तियों के विक्रय को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार लेखे में लिया गया है। यदि बिक्री निवल वही मूल्य से कम मूल्य पर की जाती है, तो कम प्राप्त हुई राशि को लाभ एवं हानि खाते में नामे किया जाता है और यदि बिक्री निवल बही मूल्य से अधिक मूल्य पर की जाती है, तो अतिरिक्त प्रावधान की राशि को रोककर रखा जाता है और उससे अन्य वित्तीय आस्तियों की बिक्री पर हुई कमी/नुकसान को पूरा किया जाता है। निवल बही मूल्य रखे गए विशिष्ट प्रावधान तथा ईसीजीसी के प्राप्त दावों में से घटाने पर बकाया है।

3.6 अग्रिम कतिपय ऋण हानि प्रावधानों, अप्राप्त ब्याज, भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) के प्राप्त दावों और बट्टाकृत बिलों को घटाकर दर्शाए गए हैं।

3.7 पुनर्संरचित / पुनर्निर्धारित आस्तियों के लिए प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा -निर्देशों के अनुसार किए गए हैं, जिसके अनुसार अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान करने के अलावा, पुनर्संरचना से पूर्व और के बाद ऋण के उचित मूल्य की अंतर राशि के लिए प्रावधान किया गया है। उपर्युक्त के कारण, उचित मूल्य में हुई कमी और त्याग किए गए ब्याज के प्रावधान को अग्रिमों में से घटाया गया है।

3.8 अनर्जक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत ऋण खातों के मामले में, विनियामकों द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप होने पर ही किसी खाते को अर्जक आस्ति के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया जा सकता है ।

3.9 पूर्ववर्ती वर्षो में बट्टे खाते में डाले गए ऋणों के सापेक्ष वसूली गई राशि का निर्धारण राजस्व के रूप में किया गया है ।

3.10 अनर्जक आस्तियों पर कतिपय प्रावधान के अतिरिक्त, मानक आस्तियों के लिए सामान्य प्रावधान भी किए गए हैं। ये प्रावधान तुलनपत्र की अनुसूची-5 के 'अन्य देयताएं एवं प्रावधान - अन्य' शीर्ष के अंतर्गत दर्शाए गए हैं और निवल अनर्जक आस्तियां निकालने के लिए इन पर विचार नहीं किया गया है।

4. अस्थायी प्रावधान

बैंक में अग्रिमों, विनिधानों और सामान्य प्रयोजन के लिए अलग-अलग अस्थायी प्रावधान करने और उनका उपयोग करने की अनुमोदित नीति है। सृजित किए जानेवाले अस्थायी प्रावधानों की राशि प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में निर्धारित की जाती है। अस्थायी प्रावधानों का उपयोग भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्व अनुमति से इस नीति में निर्दिष्ट की गई असाधारण परिस्थितियों के अंतर्गत आने वाली आकस्मिकताओं के लिए ही किया गया है।

5. बैंकिंग इकाइयों के लिए देशवार ऋण-जोखिम संबंधी प्रावधान

आस्ति वर्गीकरण की स्थिति के अनुरूप किए गए कतिपय प्रावधानों के अतिरिक्त पृथक् देशवार ऋण जोखिम (निजी देश के अलावा) के लिए प्रावधान किए गए हैं । इन देशों का वर्गीकरण सात जोखिम श्रेणियों यथा नगण्य, कम, सामान्य, अधिक, अत्यधिक, प्रतिबंधित एवं ऋण में शामिल न होने वाले वर्गों में किया गया है, तथा यह प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है । यदि प्रत्येक देश से संबंधित बैंक का देशवार ऋण जोखिम (निवल) कुल निधिक आस्तियों के 1% से अधिक नहीं है, तो ऐसे देशवार ऋण जोखिम पर कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। यह प्रावधान तुलनपत्र की अनुसूची 5 में ''अन्य देयताएं एवं प्रावधान-अन्य'' के अंतर्गत दर्शाया गया है।

6. डेरीवेटिव्स :

6.1 बैंक तुलनपत्र की/तुलनपत्र के बाहर की आस्तियों और देयताओं की प्रतिरक्षा के लिए अथवा व्यापार प्रयोजनों हेतु विदेशी मुद्रा विकल्प, ब्याज दर विनिमय, मुद्रा विनिमय और परस्पर मुद्रा ब्याज दर विनिमय तथा वायदा दर करार जैसी डेरीवेटिव्स संविदाएं करता है। तुलनपत्र की आस्तियों एवं देयताओं की प्रतिरक्षा के लिए की गई विनिमय संविदाएं इस ढंग से तैयार की जाती हैं कि वे तुलनपत्र की अंतर्निहित मदों के साथ प्रतिकूल एवं क्षतिपूर्ति प्रभाव को सहन कर सके । ऐसे डेरीवेटिव्स

3.4 In respect of foreign offices/entities, provisions for non performing advances are made as per the local regulations or as per the norms of RBI, whichever is higher.

3.5 The sale of NPAs is accounted as per guidelines prescribed by RBI. If the sale is at a price below net book value, the shortfall is debited to the profit and loss account, and in case of sale for a value higher than net book value, the excess provision is retained and utilised to meet the shortfall / loss on sale of other financial assets. Net book value is outstanding as reduced by specific provisions held and ECGC claims received.

3.6 Advances are net of specific loan loss provisions, unrealised interest, ECGC claims received and bills rediscounted.

3.7 For restructured/rescheduled assets, provisions are made in accordance with the guidelines issued by RBI, which require that the difference between the fair value of the loan before and after restructuring is provided for, in addition to provision for NPAs. The provision for diminution in fair value and interest sacrifice, arising out of the above, is reduced from advances.

3.8 In the case of loan accounts classified as NPAs, an account may be reclassified as a performing asset if it conforms to the guidelines prescribed by the regulators.

3.9 Amounts recovered against debts written off in earlier years are recognised as revenue.

3.10 In addition to the specific provision on NPAs, general provisions are also made for standard assets. These provisions are reflected in Schedule 5 of the balance sheet under the head "Other Liabilities & Provisions – Others" and are not considered for arriving at Net NPAs.

4. Floating Provision

The bank has a policy for creation and utilisation of floating provisions separately for advances, investments and general purpose. The quantum of floating provisions to be created is assessed at the end of each financial year. The floating provisions are utilised only for contingencies under extra ordinary circumstances specified in the policy with prior permission of Reserve Bank of India.

5. Provision for Country Exposure for Banking Entities

In addition to the specific provisions held according to the asset classification status, provisions are held for individual country exposures (other than the home country). Countries are categorised into seven risk categories, namely, insignificant, low, moderate, high, very high, restricted and off-credit, and provisioning made as per extant RBI guidelines. If the country exposure (net) of the bank in respect of each country does not exceed 1% of the total funded assets, no provision is maintained on such country exposures. The provision is reflected in schedule 5 of the balance sheet under the "Other liabilities & Provisions – Others".

6. Derivatives:

6.1 The Bank enters into derivative contracts, such as foreign currency options, interest rate swaps, currency swaps, and cross currency interest rate swaps and forward rate agreements in order to hedge on-balance sheet/off-balance sheet assets and liabilities or for trading purposes. The swap contracts entered to hedge on-balance sheet assets and liabilities are structured in such a way that they bear an opposite and offsetting impact with the underlying on-balance sheet items. The impact of such derivative instruments is correlated with the movement

लिखतों का प्रभाव अंतर्निहित आस्तियों के संचालन के साथ जुड़ा हुआ है और प्रतिरक्षा लेखा सिद्धांतों के अनुसार लेखों में लिया गया है।

6.2 प्रतिरक्षा के रूप में वर्गीकृत डेरीवेटिव्स संविदाएं प्रोद्भूत आधार पर दर्ज की गई हैं। जब तक अंतर्निहित आस्तियों / देयताओं को भी बाजार मूल्य पर बही में शामिल नहीं कर दिया जाता, तब तक प्रतिरक्षा संविदाओं को बाजार मूल्य पर बही में शामिल नहीं किया जाता है।

6.3 उपर्युक्त को छोड़कर, अन्य सभी डेरीवेटिव्स संविदाएं उद्योग में प्रचलित सामान्यत: स्वीकृत प्रथाओं के अनुसार बाजार मूल्य पर बही में शामिल की गई हैं। बाजार मूल्य पर बही में शामिल किए गए डेरीवेटिव्स संविदाओं के संबंध में, बाजार मूल्य में हुए परिवर्तनों को परिवर्तन की अवधि से लाभ और हानि खाते में दर्शाया गया है। डेरीवेटिव्स संविदाओं के अधीन प्राप्त होने वाली कोई भी राशि 90 दिनों से अधिक अवधि के लिए अतिदेय होती है, तो उसे लाभ और हानि खाते के जरिए प्रतिवर्तित किया गया है।

6.4 प्रदत्त या प्राप्त विकल्प प्रीमियम को विकल्प की समाप्ति पर लाभ और हानि खाते में दर्ज किया गया है। बेचे गए विकल्पों पर प्राप्त प्रीमियम और खरीदे गए विकल्पों पर प्रदत्त प्रीमियम के शेष को फोरेक्स ओवर दि काउंटर विकल्पों के लिए बाजार मूल्य पर बही में शामिल की जाने वाली राशि निर्धारित करने हेतु ध्यान में रखा गया है।

6.5 एक्सचेंज में क्रय-विक्रय किए गए विदेशी मुद्रा विनिमय तथा व्यापार के उद्देश्य से किए गए ब्याज दर वायदा सौदों को एक्सचेंज द्वारा दी गई दरों के आधार पर प्रचलित बाजार दरों पर मूल्यांकित किया गया है और परिणामी लाभ तथा हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

7. अचल आस्तियाँ और मूल्यह्रास

7.1 अचल आस्तियों का संचित मूल्यह्रास से कम लागत पर अंकन किया गया है।

7.2 लागत में क्रय लागत तथा समस्त व्यय, जैसे कि स्थान की तैयारी, संस्थापन लागत और आस्ति पर उसका उपयोग करने से पूर्व वहन की गई फीस शामिल हैं। उपयोग की गई आस्तियों पर वहन किए गए अनुवर्ती व्यय को केवल तभी पूंजीकृत किया गया है, जब ये व्यय इन आस्तियों से होने वाले भावी लाभ को/ इन आस्तियों की व्यावहारिक क्षमता को बढ़ाते हैं।

7.3 इस देशी परिचालन के संबंध में मूल्यह्रास की दरें और मूल्यह्रास दर्शाने की पद्धति का विवरण निम्नानुसार है :

क्रम सं.	अचल आस्तियों का विवरण	मूल्यह्रास दर्शाने की पद्धति	मूल्यह्रास/ परिशोधन दर
1	कंप्यूटर और एटीएम	सीधी कटौती प्रणाली	33.33% प्रति वर्ष
2	हार्डवेयर के अभिन्न अंग के रूप में शामिल कंप्यूटर सॉफ्टवेयर	ह्रासित मूल्य पद्धति	60%
3	हार्डवेयर के अभिन्न अंग के रूप में न शामिल कंप्यूटर सॉफ्टवेयर		अभिग्रहण वर्ष में 100% मूल्यह्रास
4	31 मार्च 2001 तक वित्तीय पट्टे पर दी गई आस्तियाँ	सीधी कटौती प्रणाली	कंपनी अधिनियम 1956 के अधीन निर्धारित दर पर
5	अन्य अचल आस्तियाँ	ह्रासित मूल्य पद्धति	आयकर नियम 1962 के अधीन निर्धारित दर पर

7.4 वर्ष के दौरान देशी परिचालनों से प्राप्त आस्तियों के संबंध में मूल्यह्रास 180 दिनों तक प्रयुक्त आस्तियों पर अर्धवर्ष के लिए तथा 180 दिनों से अधिक प्रयुक्त

of the underlying assets and accounted in accordance with the principles of hedge accounting.

6.2 Derivative contracts classified as hedge are recorded on accrual basis. Hedge contracts are not marked to market unless the underlying Assets / Liabilities are also marked to market.

6.3 Except as mentioned above, all other derivative contracts are marked to market as per the generally accepted practices prevalent in the industry. In respect of derivative contracts that are marked to market, changes in the market value are recognised in the profit and loss account in the period of change. Any receivable under derivatives contracts, which remain overdue for more than 90 days, are reversed through profit and loss account.

6.4 Option premium paid or received is recorded in profit and loss account at the expiry of the option. The Balance in the premium received on options sold and premium paid on options bought have been considered to arrive at Mark to Market value for forex Over the Counter options.

6.5 Exchange Traded Derivatives entered into for trading purposes are valued at prevailing market rates based on rates given by the Exchange and the resultant gains and losses are recognized in the Profit and Loss Account.

7. Fixed Assets and Depreciation

7.1 Fixed assets are carried at cost less accumulated depreciation.

7.2 Cost includes cost of purchase and all expenditure such as site preparation, installation costs and professional fees incurred on the asset before it is put to use. Subsequent expenditure incurred on assets put to use is capitalised only when it increases the future benefits from such assets or their functioning capability.

7.3 The rates of depreciation and method of charging depreciation in respect of domestic operations are as under:

Sr. No.	Description of fixed assets	Method of charging depreciation	Depreciation/ amortisation rate
1	Computers & ATM	Straight Line Method	33.33% every year
2	Computer software forming an integral part of hardware	Written Down Value Method	60%
3	Computer Software which does not form an integral part of hardware	—	100%, depreciated in the year of acquisition
4	Assets given on financial lease upto 31st March 2001	Straight Line Method	At the rate prescribed under Companies Act 1956
5	Other fixed assets	Written down value method	At the rate prescribed under Income-tax Rules 1962

7.4 In respect of assets acquired during the year for domestic operations, depreciation is charged for half a year in respect of assets used for upto 180 days and for the full

आस्तियों पर पूरे वर्ष के लिए दर्शाया गया है, जबकि कंप्यूटरों और साफ्टवेयर पर मूल्यह्रास - इस आस्ति का उपयोग करने की अवधि से निरपेक्ष पूरे वर्ष के लिए दर्शाया गया है ।

7.5 ऐसी मदें जिनमें से प्रत्येक का मूल्य ₹ 1,000 से कम हो उन्हें क्रय वर्ष में ही बट्टे खाते में डाल दिया गया है ।

7.6 पट्टाकृत परिसरों से सम्बद्ध पट्टा प्रीमियम, यदि हो तो, को पट्टा अवधि पर परिशोधित किया गया है और पट्टा किराया उसी वर्ष के खर्च के रूप में दर्शाया गया है।

7.7 बैंक द्वारा 31 मार्च 2001, को या उससे पूर्व पट्टे पर दी गई आस्तियों के संबंध में पट्टे पर दी गई आस्तियों के मूल्य को पट्टाकृत आस्तियों के रूप में अचल आस्तियों के अंतर्गत दर्शाया गया है और वार्षिक पट्टा शुल्क (पूंजी-वसूली) एवं मूल्यह्रास के अंतर को पट्टा समानीकरण लेखे में लिया गया है ।

7.8 विदेशी शाखाओं/अनुषंगियों/सहयोगियों द्वारा धारित अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान संबंधित देशों के स्थानीय विनियमों/मानदंडों के अनुसार किया गया है ।

8. पट्टे

आस्ति वर्गीकरण और अग्रिमों के लिए लागू प्रावधानीकरण मानदंडों का उपर्युक्त अनुच्छेद 3 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार इन वित्तीय पट्टों में भी प्रयोग किया गया है ।

9. आस्तियों की अपसामान्यता

जब कभी घटनाएँ अथवा स्थितियों में परिवर्तन यह संकेत देते हैं कि किसी आस्ति की अग्रानीत राशि की वसूली संदिग्ध है तो ऐसी स्थिति में अचल आस्तियों की अपसामान्यता हेतु समीक्षा की जाती है । धारित और प्रयोग की जाने वाली आस्ति की वसूली हो पाएगी या नहीं इसे मापने के लिए आस्ति के अग्रानीत मूल्य की तुलना आस्ति द्वारा अपेक्षित भविष्यगत निवल बट्टाकृत नकदी प्रवाह से तुलना करके ज्ञात की जाती है । यदि ऐसी आस्तियों को अपसामान्यता के योग्य पाया जाता है तो अपसामान्यता का माप-अभिज्ञान उस अधिक राशि के आधार पर किया जाता है जो आस्ति के अग्रानीत मूल्य और उसके उचित मूल्य के बीच का अंतर है ।

10. विदेशी मुद्रा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव का प्रभाव

10.1 विदेशी मुद्रा लेनदेन

i. विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तिथि को सूचित मुद्रा एवं विदेशी मुद्रा के बीच विनिमय दर की विदेशी मुद्रा राशि के प्रयोग द्वारा सूचित मुद्रा में प्रारंभिक निर्धारण पर दर्ज किया गया है ।

ii. विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदों की सूचना भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (फेडई) की अंतिम तत्काल दरों के प्रयोग से दी गई है ।

iii. विदेशी मुद्रा गैर-मौद्रिक मदों, जो अवधिगत लागत के आधार पर ली गई हैं, की सूचना लेनदेन की तिथि को प्रचलित मुद्रा विनिमय दर के प्रयोग से दी गई है ।

iv. विदेशी मुद्रा में मूल्यांकित आकस्मिक देयताओं की सूचना फेडई की अंतिम तत्काल दर के प्रयोग से की गई है ।

v. व्यवसाय के लिए रखी गई बकाया तत्काल विदेशी मुद्रा विनिमय तथा वायदा संविदाओं को इनकी निर्धारित परिपक्वता के लिए फेडई द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय दरों पर पुनर्मूल्यांकित किया गया है और परिणामी लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

vi. विदेशी मुद्रा वायदा संविदाओं, जो व्यवसाय के लिए अपेक्षित नहीं हैं और तुलनपत्र की तिथि को बकाया हैं, का अंतिम तत्काल दर पर मूल्यांकन किया गया है। ऐसी वायदा विनिमय संविदा के प्रारंभ से उद्भूत प्रीमियम या बट्टे को संविदा की परिपक्वता अवधि के व्यय या आय के रूप में परिशोधित किया गया है।

year in respect of assets used for more than 180 days, except depreciation on computers and software, which is charged for the full year irrespective of the period for which the asset was put to use.

7.5 Items costing less than ₹ 1,000 each are charged off in the year of purchase.

7.6 In respect of leasehold premises, the lease premium, if any, is amortised over the period of lease and the lease rent is charged in the respective year.

7.7 In respect of assets given on lease by the Bank on or before 31st March 2001, the value of the assets given on lease is disclosed as Leased Assets under fixed assets, and the difference between the annual lease charge (capital recovery) and the depreciation is taken to Lease Equalisation Account.

7.8 In respect of fixed assets held at foreign offices/entities, depreciation is provided as per the regulations /norms of the respective countries.

8. Leases

The asset classification and provisioning norms applicable to advances, as laid down in Para 3 above, are applied to financial leases also.

9. Impairment of Assets

Fixed Assets are reviewed for impairment whenever events or changes in circumstances warrant that the carrying amount of an asset may not be recoverable. Recoverability of assets to be held and used is measured by a comparison of the carrying amount of an asset to future net discounted cash flows expected to be generated by the asset. If such assets are considered to be impaired, the impairment to be recognised is measured by the amount by which the carrying amount of the asset exceeds the fair value of the asset.

10. Effect of changes in the foreign exchange rate

10.1 **Foreign Currency Transactions**

i. Foreign currency transactions are recorded on initial recognition in the reporting currency by applying to the foreign currency amount the exchange rate between the reporting currency and the foreign currency on the date of transaction.

ii. Foreign currency monetary items are reported using the Foreign Exchange Dealers Association of India (FEDAI) closing spot/forward rates.

iii. Foreign currency non-monetary items, which are carried in terms at historical cost, are reported using the exchange rate at the date of the transaction.

iv. Contingent liabilities denominated in foreign currency are reported using the FEDAI closing spot rates.

v. Outstanding foreign exchange spot and forward contracts held for trading are revalued at the exchange rates notified by FEDAI for specified maturities, and the resulting profit or loss is recognised in the Profit or Loss account.

vi. Foreign exchange forward contracts which are not intended for trading and are outstanding at the balance sheet date, are valued at the closing spot rate. The premium or discount arising at the inception of such a forward exchange contract is amortised as expense or income over the life of the contract.

vii मौद्रिक मदों के निर्धारण से उद्भूत विनिमय अंतर राशियों को उन दरों, जो दरें आरंभ से दर्ज की गई थीं, से भिन्न दरों पर उस अवधि, जिसमें ये दरें उद्भूत हुई हैं, के आय या व्यय के रूप में निर्धारित किया गया है।

viii खुले विकल्प वाले मुद्रा वायदा लेनदेन में विनिमय दरों में परिवर्तन के कारण होने वाले लाभ / हानि को एक्सचेंज क्लिअरिंग हाउस के साथ दैनिक आधार पर निपटान किया गया है और ऐसे लाभ / हानि को लाभ और हानि खाते में दर्शाया गया है।

10.2 विदेशी परिचालन

बैंक की विदेश स्थित शाखाओं/इकाइयों और समुद्रपारीय बैंकिंग इकाइयों को असमाकलित परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है और प्रतिनिधि कार्यालयों को समाकलित परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

क. असमाकलित परिचालन:

i. असमाकलित विदेशी परिचालनों की दोनों मौद्रिक और गैर-मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों एवं देयताओं तथा आकस्मिक देयताओं को तुलनपत्र तिथि को फेडई द्वारा अधिसूचित अंतिम विनिमय दरों पर विनिमय किया गया है।

ii. असमाकलित विदेशी परिचालनों के आय एवं व्यय का तिमाही औसत की अंतिम दर पर विनिमय किया गया है।

iii. निवल विनिधान के निपटान होने तक असमाकलित विदेशी परिचालनों से उद्भूत विनिमय अंतर-राशियों का संचयन विदेशी मुद्रा रूपांतरण आरक्षिति में किया गया है।

iv. विदेशी कार्यालयों / अनुषंगियों / संयुक्त उद्यमों की विदेशी मुद्रा में दर्शाई गई आस्तियों एवं देयताओं का विदेशी कार्यालयों / अनुषंगियों / संयुक्त उद्यमों की स्थानीय मुद्रा के अलावा उस देश के लिए लागू हाजिर दरों को प्रयोग करते हुए स्थानीय मुद्रा में विनिमय किया गया है।

ख. समाकलित परिचालन:

i. विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तिथि को सूचित मुद्रा और विदेशी मुद्रा में विनिमय दर पर विदेशी मुद्रा राशि के प्रयोग द्वारा सूचित मुद्रा में आरंभिक अभिज्ञान पर दर्ज किया गया है।

ii. समाकलित विदेशी परिचालनों की मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को तुलनपत्र की तिथि को फेडई द्वारा अधिसूचित अंतिम विनिमय दरों पर रूपांतरित किया गया है और परिणामी लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

iii. अवधिगत लागत के अनुरूप अग्रानीत विदेशी मुद्रा गैर-मौद्रिक मदों की सूचना लेनदेन की तिथि को प्रचलित विनिमय दर के प्रयोग से की गई है।

11. कर्मचारी हितलाभ:

11.1 अल्पावधि कर्मचारी हितलाभ:

अल्पावधि कर्मचारी हितलाभ यथा चिकित्सा हितलाभ, आकस्मिक अवकाश आदि की बट्टारहित राशि को, जिसको कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा के विनिमय में प्रदान किया जाना अपेक्षित है, कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा अवधि के दौरान शामिल किया गया है।

11.2 नौकरी उपरांत हितलाभ:

i. नियत हितलाभ योजना

क. समूह की कंपनियों में अलग अलग भविष्य निधि योजनाएँ लागू हैं, भविष्य निधि योजना के अंतर्गत सभी पात्र कर्मचारी यह हितलाभ प्राप्त करने के हकदार हैं। समूह की कंपनियाँ निर्धारित दर पर मासिक अंशदान करती हैं। इन अंशदान को, इस उद्देश्य

vii. Exchange differences arising on the settlement of monetary items at rates different from those at which they were initially recorded are recognised as income or as expense in the period in which they arise.

viii. Gains / Losses on account of changes in exchange rates of open position in currency futures trades are settled with the exchange clearing house on daily basis and such gains/losses are recognised in the profit and loss account.

10.2 **Foreign Operations**

Foreign branches/entities of the Bank and Offshore Banking Units have been classified as Non-integral Operations and Representative Offices have been classified as Integral Operations.

a. Non-integral Operations:

i. Both monetary and non-monetary foreign currency assets and liabilities including contingent liabilities of non-integral foreign operations are translated at closing exchange rates notified by FEDAI at the balance sheet date.

ii. Income and expenditure of non-integral foreign operations are translated at quarterly average closing rates.

iii. Exchange differences arising on net investment in non-integral foreign operations are accumulated in Foreign Currency Translation Reserve until the disposal of the net investment.

iv. The Assets and Liabilities of foreign offices/ subsidiaries /joint ventures in foreign currency (other than local currency of the foreign offices/ subsidiaries/joint ventures) are translated into local currency using spot rates applicable to that country.

b. Integral Operations:

i. Foreign currency transactions are recorded on initial recognition in the reporting currency by applying to the foreign currency amount the exchange rate between the reporting currency and the foreign currency on the date of transaction.

ii. Monetary foreign currency assets and liabilities of integral foreign operations are translated at closing exchange rates notified by FEDAI at the balance sheet date and the resulting profit/loss is included in the profit and loss account.

iii. Foreign currency non-monetary items which are carried in terms of historical cost are reported using the exchange rate at the date of the transaction.

11. Employee Benefits:

11.1 **Short Term Employee Benefits:**

The undiscounted amount of short-term employee benefits, such as medical benefits, casual leave etc. which are expected to be paid in exchange for the services rendered by employees are recognised during the period when the employee renders the service.

11.2 **Post Employment Benefits:**

i. Defined Benefit Plan

a. The group entities operate separate Provident Fund schemes. All eligible employees are entitled to receive benefits under the Provident Fund scheme. The group entities contribute

के लिए स्थापित न्यास में प्रेषित कर दिया गया है तथा लाभ और हानि खाते में खर्च के रूप मे दिखाया गया है। समूह की कंपनियाँ, वार्षिक अंशदान और ब्याज देने के लिए उत्तरदायी हैं। यह ब्याज दर देय निर्दिष्ट न्यूनतम ब्याज दर के बराबर होती है। कंपनियाँ इस प्रकार के वार्षिक अंशदानों और उस पर ब्याज को संबंधित वर्ष के संदर्भ में व्यय मानती हैं।

ख. समूह की कंपनियाँ, ग्रेच्युटी, पेंशन जैसी नियत हितलाभ योजनाएँ परिचालित करती हैं।

ग. समूह की कंपनियाँ, सभी पात्र कर्मचारियों को ग्रेच्युटी प्रदान करती हैं। यह हितलाभ कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति, नौकरी के दौरान मृत्यु हो जाने अथवा नौकरी की समाप्ति पर एकमुश्त राशि के भुगतान के रूप में प्रदान किया जाता है । यह राशि सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए देय 15 दिनों के मूल वेतन के समतुल्य राशि, जो सेवा नियमावली में निर्धारित उच्चतम सीमा है, से अधिक नहीं होनी चाहिए । यह हितलाभ सेवा के पांच वर्ष पूरे होने पर ही प्राप्त होता है । बैंक इस राशि का वार्षिक अंशदान स्वतंत्र बाह्य बीमांकिक मूल्यन के आधार पर न्यासियों द्वारा नियंत्रित निधि में करता है।

घ. समूह की कुछ कंपनियाँ सभी पात्र कर्मचारियों को पेंशन प्रदान करती हैं । यह हितलाभ नियमानुसार मासिक भुगतान के रूप में प्रदान किया जाता है और पेंशन का यह नियमित भुगतान कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति, नौकरी के दौरान मृत्यु होने या नौकरी की समाप्ति पर किया जाता है । यह हितलाभ नियमानुसार विभिन्न चरणों में प्राप्त होता है । कंपनियाँ इस राशि का वार्षिक अंशदान स्वतंत्र बाह्य वास्तविक मूल्यन के आधार पर न्यासियों द्वारा नियंत्रित निधि में करती हैं।

ङ नियत हितलाभ प्रावधान लागत को प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि पर वास्तविक मूल्यन के आधार पर अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति के प्रयोग से निर्धारित किया गया है । वास्तविक लाभ/हानि को लाभ और हानि विवरण में तुरन्त शामिल कर दिया गया है और उन्हें स्थगित नहीं किया गया है।

ii. परिभाषित अंशदान योजनाएं

बैंक 1 अगस्त, 2010 को या उसके बाद बैंक की सेवा में शामिल हुए सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एक नई पेंशन योजना (एनपीएस) परिचालित करता है, जो एक परिभाषित अंशदान योजना है, और बैंक की सेवा में आनेवाले ऐसे नए अधिकारी/कर्मचारी को विद्यमान एसबीआई पेंशन योजना के सदस्य बनने के लिए पात्र नहीं बनाया जा रहा है। इस विस्तृत योजना को अंतिम रुप दिए जाने तक, इस योजना के अंतर्गत आनेवाले कर्मचारी अपने मूल वेतन और महंगाई भत्ते का 10 प्रतिशत इस योजना में अंशदान करते हैं और साथ में उतना ही अंशदान बैंक से किया जाता है। ये अंशदान बैंक में जमा के रूप में रखे गए हैं और उसी दर से ब्याज अर्जित करते हैं जो भविष्य निधि शेष के चालू खाते के लिए लागू हैं। बैंक ऐसे वार्षिक अंशदानों एवं ब्याज का निर्धारण उसी वर्ष में एक व्यय के रूप में करता है जिससे वे संबंधित होते हैं।

iii. कर्मचारियों के अन्य दीर्घावधि हितलाभ :

क. समूह का प्रत्येक कर्मचारी प्रतिपूरित अनुपस्थितियों, रजत जयंती सम्मान और अवकाश यात्रा – रियायत, सेवानिवृत्ति लाभ और पुनर्वासन भत्ते का पात्र होता है । इस प्रकार की दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ की लागत का वित्तपोषण समूह इकाइयों द्वारा आंतरिक स्तर पर किया गया है।

monthly at a determined rate. These contributions are remitted to a trust established for this purpose and are charged to Profit and Loss Account. The group entities are liable for annual contributions and interests, which is payable at minimum specified rate of interest. The entities recognise such annual contributions and interest as an expense in the year to which they relate.

b. The group entities operate separate gratuity and pension schemes, which are defined benefit plans.

c. The group entities provide for gratuity to all eligible employees. The benefit is in the form of lump sum payments to vested employees on retirement, on death while in employment, or on termination of employment, for an amount equivalent to 15 days basic salary payable for each completed year of service, subject to a ceiling in terms of service rules. Vesting occurs upon completion of five years of service. The Bank makes annual contributions to a fund administered by trustees based on an independent external actuarial valuation carried out annually.

d. Some group entities provide for pension to all eligible employees. The benefit is in the form of monthly payments as per rules and regular payments to vested employees on retirement, on death while in employment, or on termination of employment. Vesting occurs at different stages as per rules. The entities make annual contributions to funds administered by trustees based on an independent external actuarial valuation carried out annually.

e. The cost of providing defined benefits is determined using the projected unit credit method, with actuarial valuations being carried out at each balance sheet date. Actuarial gains/ losses are immediately recognised in the statement of profit and loss and are not deferred.

ii. Defined Contribution Plans

The bank operates a new pension scheme (NPS) for all officers/ employees joining the Bank on or after 1st August, 2010, which is a defined contribution plan, such new joinees not being entitled to become members of the existing SBI Pension Scheme. Pending finalisation of the detailed scheme, the employees covered under the scheme contribute 10% of their basic pay plus dearness allowance to the scheme together with a matching contribution from the Bank. These contributions are retained as deposits in the bank and earn interest at the same rate as that of the current account of Provident Fund balance. The bank recognises such annual contributions and interest as an expense in the year to which they relate.

iii. Other Long Term Employee benefits:

a. All eligible employees of the group are eligible for compensated absences, silver jubilee award, leave travel concession, retirement award and resettlement allowance. The costs of such long term employee benefits are internally funded by the group entities.

ख. अन्य दीर्घावधि हितलाभ के प्रावधान की लागत का निर्धारण प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि को बीमांकिक मूल्यन की अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति के प्रयोग से किया गया है। पूर्ववर्ती सेवा लागत को लाभ और हानि विवरण में तुरन्त शामिल कर दिया गया है और उन्हें स्थगित नहीं किया गया है।

11.3 विदेश स्थित कार्यालयों/इकाइयों में नियोजित कर्मचारियों से संबंधित कर्मचारी लाभ का मूल्यांकन किया गया है और उसे संबंधित स्थानीय कानूनों/विनियमों के अनुसार लेखे में लिया गया है।

12. आय पर कर

12.1 वर्तमान कर, आस्थगित कर तथा अनुषंगी लाभ-कर व्यय की कुल राशि आय कर व्यय है। चालू वर्ष के करों का निर्धारण ''आय पर करों संबंधी लेखा'' लेखा मानक 22 और भारत में प्रचलित कर नियमों के अनुसार विदेश स्थित अनुषंगियों के संबंधित देशों के कर नियमों का समायोजन करके किया गया है। आस्थगित कर आस्तियों या देयताओं में उस अवधि के दौरान हुए उतार-चढ़ाव आस्थगित कर समायोजन में समाविष्ट हैं।

12.2 आस्थगित कर - आस्तियों और देयताओं का आकलन अधिनियमित कर - दरों और कर - कानूनों अथवा तुलनपत्र - तिथि के काफी पूर्व अधिनियमित दरों और कानून के आधार पर किया गया है। आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं का अभिज्ञान विवेकपूर्ण आधार पर- आस्तियों और देयताओं के अग्रानीत मूल्य और उनके क्रमश: कर-आधार और अग्रानीत क्षतियों के बीच अवधिगत विभेद को ध्यान में रखकर किया गया है। आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं में हुए परिवर्तन का प्रभाव लाभ और हानि खाते में प्रकट किया गया है।

12.3 आस्थगित कर आस्तियों को, वसूली की निश्चितता होने के प्रबंधन के निर्णय के आधार पर, प्रत्येक सूचित तिथि को रेखांकित और पुनर्निर्धारित किया गया है। जब यह पूर्ण रूप से सुनिश्चित हो गया है कि ऐसी आस्थगित - कर - आस्तियों की वसूली भावी लाभ से की जा सकती है, तब आस्थगित-कर - आस्तियों का अभिज्ञान अनवशोषित मूल्यह्रास और कर हानियों के अग्रेषण पर किया गया है।

12.4 आय कर व्यय उनकी लागू विधियों के अनुसार मूल कंपनी और उसकी अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों के अलग-अलग वित्तीय विवरणों में दर्शाए गए कर व्यय की कुल राशि है।

13. प्रति शेयर आय

13.1 बैंक आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक 20 - 'प्रति शेयर आय' के अनुसार प्रति शेयर मूल और कम हुई आय रिपोर्ट करता है। प्रति शेयर मूल आय की गणना करोपरांत निवल लाभ (अल्पांश को छोड़कर) को उस वर्ष के लिए शेष ईक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है।

13.2 कम की हुई प्रति शेयर आय यह प्रदर्शित करती है कि यदि प्रतिभूतियों अथवा अन्य संविदाओं को वर्ष के दौरान जारी करने या संपरिवर्तित करने का विकल्प लिया गया तो शेयर मूल्यों में कितनी कमी आएगी। कम की हुई प्रति शेयर आय की गणना ईक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और कम संभावना वाले ईक्विटी शेयरों के बीच तुलना करके की जाती है।

14. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियाँ

14.1 भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के लेखा मानक 29 ''प्रावधान, आकस्मिक देयताएँ और आकस्मिक आस्तियाँ'' के अनुसार जारी पिछले परिणाम से उद्भूत वर्तमान दायित्व होने पर ही बैंक प्रावधानों का निर्धारण करता है, यह संभव है कि दायित्व के निर्धारण में आर्थिक लाभ को समाविष्ट करने वाले संसाधनों के बहिर्गमन की आवश्यकता पड़ेगी और तभी इस दायित्व राशि का विश्वस्त प्राक्कलन किया जा सकता है।

b. The cost of providing other long term benefits is determined using the projected unit credit method with actuarial valuations being carried out at each balance sheet date. Past service cost is immediately recognised in the statement of profit and loss and is not deferred.

11.3 Employee benefits relating to employees employed at foreign offices/ entities are valued and accounted for as per the respective local laws/regulations.

12. Taxes on income

12.1 Income tax expense is the aggregate amount of current tax, deferred tax and fringe benefit tax charge. Current taxes are determined in accordance with the provisions of Accounting Standard 22 and tax laws prevailing in India after taking into account taxes of foreign offices/ entities, which are based on the tax laws of respective jurisdiction. Deferred tax adjustments comprise of changes in the deferred tax assets or liabilities during the period.

12.2 Deferred tax assets and liabilities are measured using tax rates and tax laws that have been enacted or substantially enacted prior to the balance sheet date. Deferred tax assets and liabilities are recognised on a prudent basis for the future tax consequences of timing differences arising between the carrying values of assets and liabilities and their respective tax bases, and carry forward losses. The impact of changes in the deferred tax assets and liabilities is recognised in the profit and loss account.

12.3 Deferred tax assets are recognised and reassessed at each reporting date, based upon management's judgement as to whether realisation is considered reasonably certain. Deferred tax assets are recognised on carry forward of unabsorbed depreciation and tax losses only if there is virtual certainty that such deferred tax assets can be realised against future profits.

12.4 Income tax expenses are the aggregate of the amounts of tax expense appearing in the separate financial statements of the parent and its subsidiaries/joint ventures, as per their applicable laws.

13. Earning per Share

13.1 The Bank reports basic and diluted earnings per share in accordance with AS 20 -'Earnings per Share' issued by the ICAI. Basic earnings per share are computed by dividing the net profit after tax (other than minority) by the weighted average number of equity shares outstanding for the year.

13.2 Diluted earnings per share reflect the potential dilution that could occur if securities or other contracts to issue equity shares were exercised or converted during the year. Diluted earnings per share is computed using the weighted average number of equity shares and dilutive potential equity shares outstanding at year end.

14. Provisions, Contingent Liabilities and Contingent Assets

14.1 In conformity with AS 29, "Provisions, Contingent Liabilities and Contingent Assets", issued by the Intitute of Chartered Accountants of India, the Bank recognises provisions only when it has a present obligation as a result of a past event, it is probable that an outflow of resources embodying economic benefits will be required to settle the obligation, and when a reliable estimate of the amount of the obligation can be made.

14.2 निम्नलिखित के लिए किसी प्रावधान का अभिज्ञान नहीं किया गया है।

i. पिछले परिणाम से उद्भूत किसी सम्भावित दायित्व के लिए और बैंक के नियंत्रण से बाहर होने वाले एक या अधिक अनिश्चित भावी परिणामों की प्राप्ति या अप्राप्ति से जिसकी पुष्टि की जा सकेगी; अथवा

ii. किसी वर्तमान दायित्व के लिए, जो पिछले परिणामों से उद्भूत है, किन्तु उसे अभिज्ञान में नहीं लिया गया है, क्योंकि

क. यह संभव नहीं है कि दायित्व के निर्धारण में आर्थिक लाभों को समाविष्ट करने वाले संसाधनों का बहिर्गमन आवश्यक होगा; अथवा

ख. दायित्व राशि का विश्वस्त प्राक्कलन नहीं किया जा सकता।

ऐसे दायित्वों को आकस्मिक देयताओं के रूप में दर्ज किया गया है. इन दायित्वों का नियमित अंतरालों पर मूल्यांकन किया जाता है और ऐसे दायित्व के केवल उस अंश का, जिसके आर्थिक लाभों को समाविष्ट करने वाले संसाधनों के बहिर्गमन की संभावना है, नितान्त दुर्लभ परिस्थितियों, जिनमें कोई विश्वस्त प्राक्कलन नहीं किया जा सकता है, के अलावा प्रावधान किया गया है।

14.3 आकस्मिक आस्तियों को वित्तीय विवरणों में शामिल नहीं किया गया है।

15. शेयर जारी करने का व्यय

शेयर जारी करने के व्यय को शेयर प्रीमियम खाते में खर्च के रूप में दिखाया गया है।

14.2 No provision is recognised for

i. any possible obligation that arises from past events and the existence of which will be confirmed only by the occurrence or non-occurrence of one or more uncertain future events not wholly within the control of the group entities; or

ii. any present obligation that arises from past events but is not recognised because

a. it is not probable that an outflow of resources embodying economic benefits will be required to settle the obligation; or

b a reliable estimate of the amount of obligation cannot be made.

Such obligations are recorded as Contingent Liabilities. These are assessed at regular intervals and only that part of the obligation for which an outflow of resources embodying economic benefits is probable, is provided for, except in the extremely rare circumstances where no reliable estimate can be made.

14.3 Contingent Assets are not recognised in the financial statements.

15. Share Issue Expenses

Share issue expenses are charged to the Share Premium Account.

अनुसूची - 18

लेखा-टिप्पणियाँ

(राशि करोड़ रुपये में)

1. उन अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों/सहयोगियों की सूची जिन्हें शामिल करके समेकित वित्तीय विवरण तैयार किए गए हैं :

1.1 समेकित वित्तीय विवरण तैयार करते समय निम्नांकित 30 अनुषंगियों, 8 संयुक्त उद्यमों और 26 सहयोगियों (मूल संस्था भारतीय स्टेट बैंक के साथ समूह में सम्मिलित) को शामिल किया गया है :

क) अनुषंगी

क्र. सं.	अनुषंगी का नाम	निगमन-देश	समूह का हिस्सा (%)
1.	स्टेट बैंक आफ बीकानेर एण्ड जयपुर	भारत	75.07
2.	स्टेट बैंक आफ हैदराबाद	भारत	100.00
3.	स्टेट बैंक आफ इंदौर (25.08.2010 तक)	भारत	98.05
4.	स्टेट बैंक आफ मैसूर	भारत	92.33
5.	स्टेट बैंक आफ पटियाला	भारत	100.00
6.	स्टेट बैंक आफ त्रावणकोर	भारत	75.01
7.	एसबीआई कमर्शियल एण्ड इंटरनेशल बैंक लिमिटेड	भारत	100.00
8.	एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड	भारत	100.00
9.	एसबीआई कैप सिक्युरिटीज लिमिटेड	भारत	100.00
10.	एसबीआई कैप ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड	भारत	100.00
11.	एसबीआई कैप्स वेंचर्स लिमिटेड	भारत	100.00
12.	एसबीआई डीएफएचआई लिमिटेड	भारत	71.56
13.	एसबीआई म्यूचुअल फंड ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड	भारत	100.00
14.	एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लिमिटेड	भारत	86.82
15.	एसबीआई पेंशन फण्ड प्रा. लिमिटेड	भारत	98.15
16.	एसबीआई एसजी ग्लोबल सिक्युरिटीज सर्विसेस प्रा. लिमिटेड@	भारत	65.00
17.	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.@	भारत	74.00
18.	एसबीआई पेमेंट सर्विसेज प्रा. लि.	भारत	100.00
19.	स्टेट बैंक आफ इंडिया (कनाडा)	कनाडा	100.00
20.	स्टेट बैंक आफ इंडिया (कैलेफोर्निया)	यूएसए	100.00
21.	एसबीआई (मॉरीशस) लि.	मॉरीशस	93.40
22.	पीटी बैंक एसबीआई इंडोनेशिया	इंडोनेशिया	76.00
23.	एसबीआई कैप (यूके) लि.	यूके	100.00
24.	एसबीआई कार्ड्स एण्ड पेमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड@	भारत	60.00
25.	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट प्रा. लि.@	भारत	63.00
26.	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कं. लि.@	भारत	74.00
27.	कमर्शियल बैंक आफ इंडिया एलएलसी मॉस्को@	रूस	60.00
28.	नेपाल एसबीआई बैंक लि.	नेपाल	55.05
29.	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट (इंटरनेशनल) प्रा. लि.@	मॉरीशस	63.00
30.	एसबीआई कैप (सिंगापुर) लि.	सिंगापुर	100.00

** संयुक्त उद्यमों में हितों की वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित एएस 27 में सीमित संशोधन होने के परिणामस्वरूप इन संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों के वित्तीय विवरण. 'वित्तीय विवरणों का समेकन' से संबंधित एएस 21 के अनुसार समेकित किए गए हैं।*

SCHEDULE 18

NOTES TO ACCOUNTS:

(Amount in Rupees in crores)

1. List of Subsidiaries/Joint Ventures/Associates considered for preparation of consolidated financial statements:

1.1 The 30 Subsidiaries, 8 Joint Ventures and 26 Associates (which along with State Bank of India, the parent, constitute the Group), considered in the preparation of the consolidated financial statements, are

A) Subsidiaries

Sr. No	Name of the Subsidiary	Country of Incorporation	Group's Stake (%)
1)	State Bank of Bikaner & Jaipur	India	75.07
2)	State Bank of Hyderabad	India	100.00
3)	State Bank of Indore (upto 25.08.2010)	India	98.05
4)	State Bank of Mysore	India	92.33
5)	State Bank of Patiala	India	100.00
6)	State Bank of Travancore	India	75.01
7)	SBI Commercial & International Bank Ltd.	India	100.00
8)	SBI Capital Markets Ltd.	India	100.00
9)	SBICAP Securities Ltd.	India	100.00
10)	SBICAP Trustee Company Ltd.	India	100.00
11)	SBICAPS Ventures Ltd.	India	100.00
12)	SBI DFHI Ltd.	India	71.56
13)	SBI Mutual Fund Trustee Company Pvt Ltd.	India	100.00
14)	SBI Global Factors Ltd.	India	86.82
15)	SBI Pension Funds Pvt Ltd.	India	98.15
16)	SBI –SG Global Securities Services Pvt. Ltd. @	India	65.00
17)	SBI General Insurance Company Ltd. @	India	74.00
18)	SBI Payment Services Pvt. Ltd.	India	100.00
19)	State Bank of India (Canada)	Canada	100.00
20)	State Bank of India (California)	USA	100.00
21)	SBI (Mauritius) Ltd.	Mauritius	93.40
22)	PT Bank SBI Indonesia	Indonesia	76.00
23)	SBICAP (UK) Ltd.	U.K.	100.00
24)	SBI Cards and Payment Services Pvt Ltd. @	India	60.00
25)	SBI Funds Management Pvt Ltd. @	India	63.00
26)	SBI Life Insurance Company Ltd. @	India	74.00
27)	Commercial Bank of India Llc, Moscow @	Russia	60.00
28)	Nepal SBI Bank Ltd.	Nepal	55.05
29)	SBI Funds Management (International) Private Ltd. @	Mauritius	63.00
30)	SBICAP (Singapore) Ltd.	Singapore	100.00

@ The financial statements of these jointly controlled entities have been consolidated as per AS 21 "Consolidated Financial Statements" consequent to the limited revision to AS 27 on "Financial Reporting of interests in joint ventures".

ख) संयुक्त उद्यम

क्र. सं.	संयुक्त उद्यम का नाम	निगमन-देश	समूह का हिस्सा (%)
1.	सी-एज टेक्नोलॉजीस लिमिटेड	भारत	49.00
2.	जीई कैपिटल बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	भारत	40.00
3.	एसबीआई मैक्वाअरी इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्रा.लि.	भारत	45.00
4.	एसबीआई मैक्वाअरी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी प्रा.लि.	भारत	45.00
5.	मैक्वाअरी एसबीआई इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्रा.लि.	सिंगापुर	45.00
6.	मैक्वाअरी एसबीआई इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी लि.	बेरमुदा	45.00
7.	ओमान इंडिया जाइंट इन्वेस्टमेंट फंड-ट्रस्टी कम्पनी प्रा. लि.	भारत	50.00
8.	ओमान इंडिया जाइंट इन्वेस्टमेंट फंड-मैनेजमेंट कम्पनी प्रा. लि.	भारत	50.00

ग) सहयोगी:

क्र. स.	सहयोगी का नाम	निगमन-देश	समूह का हिस्सा (%)
1.	आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक	भारत	35.00
2.	अरुणाचल प्रदेश रूरल बैंक	भारत	35.00
3.	छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक	भारत	35.00
4.	इलाकाई देहाती बैंक	भारत	35.00
5.	मेघालय रूरल बैंक	भारत	35.00
6.	कृष्णा ग्रामीण बैंक	भारत	35.00
7.	लांगपी देहांगी रूरल बैंक	भारत	35.00
8.	मध्य भारत ग्रामीण बैंक	भारत	35.00
9.	मिजोरम रूरल बैंक	भारत	35.00
10.	नागालैंड रूरल बैंक	भारत	35.00
11.	पर्वतीय ग्रामीण बैंक	भारत	35.00
12.	पूर्वांचल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	भारत	35.00
13.	समस्तीपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	भारत	35.00
14.	उत्कल ग्रामीण बैंक	भारत	35.00
15.	उत्तरांचल ग्रामीण बैंक	भारत	35.00
16.	वनांचल ग्रामीण बैंक	भारत	35.00
17.	मारवाड़ गंगानगर बीकानेर ग्रामीण बैंक	भारत	26.27
18.	विदिशा भोपाल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	भारत	35.00
19.	डेक्कन ग्रामीणा बैंक	भारत	35.00

B) Joint Ventures

Sr. No	Name of the Joint Venture	Country of Incorporation	Group's Stake (%)
1)	C - Edge Technologies Ltd.	India	49.00
2)	GE Capital Business Process Management Services Pvt Ltd.	India	40.00
3)	SBI Macquarie Infrastructure Management Pvt. Ltd.	India	45.00
4)	SBI Macquarie Infrastructure Trustee Pvt. Ltd.	India	45.00
5)	Macquarie SBI Infrastructure Management Pte. Ltd.	Singapore	45.00
6)	Macquarie SBI Infrastructure Trustee Ltd.	Bermuda	45.00
7)	Oman India Joint Investment Fund – Trustee Company Pvt. Ltd.	India	50.00
8)	Oman India Joint Investment Fund – Management Company Pvt. Ltd.	India	50.00

C) Associates:

Sr. No	Name of the Associate	Country of Incorporation	Group's Stake (%)
1)	Andhra Pradesh Grameena Vikas Bank	India	35.00
2)	Arunachal Pradesh Rural Bank	India	35.00
3)	Chhatisgarh Gramin Bank	India	35.00
4)	Ellaquai Dehati Bank	India	35.00
5)	Meghalaya Rural Bank	India	35.00
6)	Krishna Grameena Bank	India	35.00
7)	Langpi Dehangi Rural Bank	India	35.00
8)	Madhya Bharat Gramin Bank	India	35.00
9)	Mizoram Rural Bank	India	35.00
10)	Nagaland Rural Bank	India	35.00
11)	Parvatiya Gramin Bank	India	35.00
12)	Purvanchal Kshetriya Gramin Bank	India	35.00
13)	Samastipur Kshetriya Gramin Bank	India	35.00
14)	Utkal Gramya Bank	India	35.00
15)	Uttaranchal Gramin Bank	India	35.00
16)	Vananchal Gramin Bank	India	35.00
17)	Marwar Ganganagar Bikaner Gramin Bank	India	26.27
18)	Vidisha Bhopal Kshetriya Gramin Bank	India	35.00
19)	Deccan Grameena Bank	India	35.00

20.	कावेरी कल्पतरू ग्रामीणा बैंक	भारत	32.32
21.	मालवा ग्रामीण बैंक	भारत	35.00
22.	सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक	भारत	35.00
23.	दि क्लियरिंग कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड	भारत	29.22
24.	बैंक आफ भूटान लि.	भूटान	20.00
25.	एस. एस. वेंचर्स सर्विसेज लि. (15.03.11 तक)	भारत	50.00
26.	एसबीआई होम फाइनैंस लिमिटेड	भारत	25.05

1.2 पिछले वर्ष 2009-10 की तुलना में वर्ष के दौरान समेकन-प्रक्रिया में निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं;

क. भारत सरकार द्वारा जारी स्टेट बैंक ऑफ इंदौर अधिग्रहण आदेश, 2010 की अधिसूचना के परिणामस्वरूप, स्टेट बैंक ऑफ इंदौर के उपक्रम को दिनांक 26.08.2010 से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को अंतरित/निहित किया गया है।

ख. एसबीआई ने एशियन विकास बैंक (एडीबी) और इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट बैंक आफ इंडिया लि. (आईआईबीआई) से एसबीआई डीएफएचआई लि. में लगे हुए उनके क्रमश: 4.69% एवं 0.47% अंश का अधिग्रहण किया है। इसी प्रकार एसबीआई डीएफएचआई लि. ने अपने 25% प्रदत्त शेयरों के लिए पुन:खरीद प्रस्ताव दिया है और पुन:खरीद के बाद समूह का अंश 71.56% है।

ग. एस. एस. वैंचर्स सर्विसेज लि. को दिनांक 01.04.2010 से 15.03.2011 तक की अवधि के लिए एसबीआई समूह की एक सहयोगी के रूप में शामिल किया गया है क्योंकि एसबीआई कैप्स वैंचर्स लि., जो एसबीआई की एक अपचायी (स्टेप डाउन) अनुषंगी है, ने दिनांक 15.03.2011 को अपना सम्पूर्ण अंश, अर्थात 50% बेच दिया है।

घ. पूर्ण स्वामित्ववाली अपचायी (स्टेप डाउन) अनुषंगी एसबीआई कैप (सिंगापुर) लि., (एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लि. की अनुषंगी) को दिनांक 10.12.2010 को निगमित किया गया। हालांकि कंपनी ने 31.03.2011 तक अपना व्यवसाय शुरू नहीं किया है।

ङ भारत के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने के लिए एक सामान्य निधि की स्थापना करने के उद्देश्य से एसबीआई ने सल्तनत ऑफ ओमान के सरकारी सामान्य आरक्षित निधि (एसजीआरएफ), जो उस देश की एक सरकारी निधि है, के साथ एक संयुक्त उद्यम करार पर हस्ताक्षर किए हैं। इस संयुक्त उद्यम करार के अंतर्गत दो कंपनियां निगमित की गई हैं, अर्थात

(1) ओमान इंडिया जाइंट इन्वेस्टमेंट फंड-मैनेजमेंट कंपनी प्रा. लिमिटेड.

(2) ओमान इंडिया जाइंट इन्वेस्टमेंट फंड-ट्रस्टी कंपनी प्रा. लिमिटेड.

च. एसबीआई ने अपनी अनुषंगी एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लि. के राइट इश्यू में निवेश किया है और राइट इश्यू के बाद एसबीआई का अंश बढ़कर 86.82% तक हो गया।

छ. एसबीआई कस्टोडियल सर्विसेज प्रा. लिमिटेड, जो एसबीआई की एक अनुषंगी है, का नाम दिनांक 5 अप्रैल 2010 से बदलकर एसबीआई-एसजी ग्लोबल सिक्युरिटीज सर्विसेज प्रा. लिमिटेड कर दिया गया।

20)	Cauvery Kalpatharu Grameena Bank	India	32.32
21)	Malwa Gramin Bank	India	35.00
22)	Saurashtra Gramin Bank	India	35.00
23)	The Clearing Corporation of India Ltd.	India	29.22
24)	Bank of Bhutan Ltd.	Bhutan	20.00
25)	S.S. Ventures Services Ltd. (upto 15.03.11)	India	50.00
26)	SBI Home Finance Ltd.	India	25.05

1.2 The following changes have taken place during the year in the consolidation process as compared to the previous year 2009-10;

a. Consequent to the notification of the "Acquisition of State Bank of Indore Order, 2010" issued by the Govt. of India, the undertaking of State Bank of Indore stands transferred to and vests in State Bank of India ("SBI"), from 26.08.2010, the effective date.

b. SBI has acquired 4.69% & 0.47% stake in SBI DFHI Ltd. from Asian Development Bank (ADB) and Industrial Investment Bank of India Ltd. (IIBI) respectively. Also, SBI DFHI Ltd. has given buy back offer for 25% of it's paid up shares and after buy back group's stake is 71.56%.

c. S. S. Ventures Services Ltd. is considered as an associate of SBI group for the period 01.04.2010 to 15.03.2011 as SBICAPS Ventures Ltd, a step-down subsidiary of SBI has sold out its entire stake i.e. 50% on 15.03.2011.

d. A wholly owned step-down subsidiary, SBICAP (Singapore) Ltd. (subsidiary of SBI Capital Markets Ltd.) was incorporated on 10.12.2010. However the company has not commenced its business till 31.03.2011.

e. SBI has signed a joint venture agreement with State General Reserve Fund (SGRF) of the Sultanate of Oman, a Sovereign Fund of that country with an objective to set up a general fund to invest in various sectors in India. Under this JV agreements two companies have been incorporated namely,

(i) Oman India Joint Investment Fund-Management Company Pvt. Limited

(ii) Oman India Joint Investment Fund- Trustee Company Pvt. Limited

f. SBI has invested the Right issue in its subsidiary, SBI Global Factors Ltd. and after right issue SBI's stake has gone up to 86.82%.

g. The name of SBI Custodial Services Private Limited, a subsidiary of SBI has been changed to SBI-SG Global Securities Services Private Limited w.e.f. 5th April 2010.

1.3 एसबीआई होम फाइनैंस लि., जो एसबीआई की एक सहयोगी है, की समापन याचिका दिनांक 23 सितंबर 2008 को कोलकाता उच्च न्यायालय में दायर की गई थी। माननीय न्यायालय ने कंपनी के समापन हेतु निर्देश देते हुए 31 मार्च 2009 को एक आदेश पारित किया है।

1.4 बैंक ऑफ भूटान लि., जो एसबीआई का सहयोगी है, पैरेंट बैंक से भिन्न लेखा वर्ष (ग्रेगेरियन कैलेंडर वर्ष) का अनुपालन करता है। तदनुसार, इस सहयोगी के वित्तीय विवरण 31 दिसंबर 2010 की स्थिति के अनुसार तैयार किए गए हैं।

2. शेयर पूंजी :

2.1 वर्ष के दौरान एसबीआई की प्राधिकृत शेयर पूंजी ₹ 1,000 करोड़ से बढ़कर ₹ 5,000 करोड़ हो गई जो प्रति ₹ 10 के पाँच सौ करोड़ पूर्ण प्रदत्त शेयरों में विभाजित है।

2.2 वर्ष के दौरान एसबीआई ने एसबीआई राइट्स इश्यू 2008 के अंतर्गत रोककर रखे गए 85,856 शेयरों में से प्रति शेयर ₹ 10 नकद और ₹ 1,580/- के प्रीमियम के साथ कुल ₹ 27,68,190/- के 1741 ईक्विटी शेयर आबंटित किए। प्राप्त हुए ₹ 27,68,190/- के कुल अंशदान में से, ₹ 17,410/- शेयर पूंजी खाते और ₹ 27,50,780/- शेयर प्रीमियम खाते में अंतरित किए गए। इसके अतिरिक्त, प्रति ₹ 10/- के 1,14,606 शेयर पूर्ववर्ती स्टेट बैंक ऑफ इंदौर के भारतीय स्टेट बैंक में विलय होने के बाद इसके शेयर धारकों को आबंटित किए गए और ₹ 11,46,060/- शेयर पूंजी खाते में अंतरित किए गए।

2.3 एसबीआई ने राइट्स इश्यू के एक भाग के रूप में जारी प्रति ₹ 10/- के 84,115 (पिछले वर्ष 85,856) ईक्विटी शेयरों का आबंटन रोककर रखा है, क्योंकि इनके हक विवाद या न्यायिक प्रक्रियाएँ चल रही हैं।

3. कर्मचारी - हितलाभ:

3.1.1 नियत हितलाभ योजनाएँ

निम्नतालिका में लेखा मानक-15 (संशोधित 2005) की अपेक्षानुसार नियत हितलाभ पेंशन योजना और ग्रेच्युटी योजना की स्थिति प्रदर्शित की गई है:

विवरण	पेंशन योजनाएँ		ग्रेच्युटी	
	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
नियत हितलाभ - दायित्व के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन				
1 अप्रैल 2010 को प्रारंभिक नियत हितलाभ दायित्व	27015.65	24008.71	5253.54	5068.06
वर्तमान सेवा लागत	1216.08	1087.38	280.78	225.74
ब्याज लागत	2281.45	1922.46	406.54	399.12
पिछली सेवा लागत (परिशोधित)	1241.58	निरंक	757.88	निरंक
पिछली सेवा लागत (आरक्षित निधि में निर्धारित किए गए निहित हित लाभ)	7927.41	निरंक	निरंक	निरंक
पिछली सेवा लागत (निहित हित लाभ)	2224.44	निरंक	783.14	निरंक
बीमांकिक हानियां (लाभ)	1887.15	1537.30	826.28	(134.19)
प्रदत्त हितलाभ	(1184.08)	(1540.20)	(650.88)	(305.19)
बैंक द्वारा प्रत्यक्ष भुगतान	(780.67)	निरंक	निरंक	निरंक
31 मार्च 2011 को अंतिम नियत हितलाभ दायित्व	**41829.01**	**27015.65**	**7657.28**	**5253.54**

1.3 The winding up petition of SBI Home Finance Ltd., an associate of SBI, was filed with the Kolkata High Court on 23rd September 2008. The Hon'ble Court has passed an order on 31st March 2009 giving direction for winding up of the company.

1.4 Bank of Bhutan Ltd., an associate of SBI follows accounting year (Gregorian Calendar Year) different from that of the parent. Accordingly, the financial statements of the associate are made as of 31st December 2010.

2. Share capital:

2.1 During the year, the authorised share capital of SBI is increased from ₹ 1,000 crores to ₹ 5,000 crores divided into five hundred crores fully paid up shares of ₹ 10/- each.

2.2 During the year, SBI has allotted 1,741 equity shares of ₹ 10/- each for cash at a premium of ₹ 1,580/- per equity share aggregating to ₹ 27,68,190/- out of 85,856 shares kept in abeyance under Right Issue – 2008. Out of the total subscription of ₹ 27,68,190/- received, ₹ 17,410/- was transferred to Share Capital Account and ₹ 27,50,780/- to Share Premium Account. Further, 1,14,606 shares of ₹ 10/- each were allotted to the share holders of erstwhile State Bank of Indore upon its merger with State Bank of India and ₹ 11,46,060/- was transferred to Share Capital Account.

2.3 SBI has kept in abeyance the allotment of 84,115 (Previous Year 85,856) Equity Shares of ₹ 10/- each issued as a part of Rights Issue, since they are subject to title disputes or are subjudice.

3. Employee Benefits

3.1.1 Defined Benefit Plans

The following table sets out the status of the defined benefit Pension Plan and Gratuity Plan as required under AS 15 (Revised 2005).

Particulars	Pension Plans		Gratuity	
	CY	PY	CY	PY
Change in the present value of the defined benefit obligation				
Opening defined benefit obligation at 1st April 2010	27015.65	24008.71	5253.54	5068.06
Current Service Cost	1216.08	1087.38	280.78	225.74
Interest Cost	2281.45	1922.46	406.54	399.12
Past Service Cost (Amortised)	1241.58	Nil	757.88	Nil
Past Service Cost (Vested Benefit recognised in Reserves)	7927.41	Nil	Nil	Nil
Past Service Cost (Vested Benefit)	2224.44	Nil	783.14	Nil
Actuarial losses (gains)	1887.15	1537.30	826.28	(134.19)
Benefits paid	(1184.08)	(1540.20)	(650.88)	(305.19)
Direct Payment by Bank	(780.67)	Nil	Nil	Nil
Closing defined benefit obligation at 31st March 2011	**41829.01**	**27015.65**	**7657.28**	**5253.54**

विवरण	पेंशन योजनाएँ		ग्रेच्युटी	
	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
योजना आस्तियों में परिवर्तन				
1 अप्रैल 2010 को योजना आस्तियों का आरंभिक उचित मूल्य	19347.13	17366.99	5126.77	4880.36
योजना आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	1552.50	1415.60	417.25	383.87
नियोजक का अंशदान	1815.59	1650.48	508.69	130.28
सदस्यों द्वारा अंशदान	599.25	निरंक	निरंक	निरंक
प्रदत्त हितलाभ	(1184.08)	(1540.20)	(650.80)	(305.19)
बीमांकिक लाभ / (हानि)	759.67	454.26	26.05	37.45
31 मार्च 2011 को योजना आस्तियों के उचित मूल्य का इतिशेष	**22890.06**	**19347.13**	**5427.96**	**5126.77**
दायित्व के वर्तमान मूल्य तथा योजना आस्तियों के उचित मूल्य का समाधान				
31 मार्च 2011 को निधिक दायित्व का वर्तमान मूल्य	41829.01	27015.65	7657.28	5253.54
31 मार्च 2011 को योजना आस्तियों का उचित मूल्य	22890.06	19347.13	5427.96	5126.77
कमी/ (अधिशेष)	18938.95	7668.52	2229.32	126.77
लेखे मे नहीं ली गई विगत सेवा लागत इतिशेष	985.32	निरंक	628.78	निरंक
निवल देयता / (आस्ति)	**17953.63**	**7668.52**	**1600.54**	**126.77**
तुलनपत्र में ली गई राशि				
देयताएँ	41829.01	27015.65	7657.28	5253.54
आस्तियाँ	22890.06	19347.13	5427.96	5126.77
तुलनपत्र में शामिल निवल देयता / (आस्ति)	18938.95	7668.52	2229.32	126.77
शामिल नहीं की गई पिछली सेवा लागत (निहित) अंतिम	985.32	निरंक	628.78	निरंक
निवल देयता / आस्ति	**17953.63**	**7668.52**	**1600.54**	**126.77**
लाभ और हानि खाते में शामिल निवल लागत				
वर्तमान सेवा लागत	1216.08	1087.38	280.78	225.74
ब्याज लागत	2281.46	1922.46	406.54	399.12
योजना -आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	(1552.50)	(1415.60)	(417.25)	(383.87)
शामिल की गई पिछली सेवा लागत (परिशोधित)	381.00	निरंक	236.94	निरंक
शामिल की गई पिछली सेवा लागत (निहित हितलाभ)	193.75	निरंक	675.22	निरंक
तिमाही के दौरान शामिल निवल बीमांकिक हानियाँ (लाभ)	1127.47	1083.04	800.23	(171.64)
नियत हितलाभ योजनाओं की कुल लागत अनुसूची 16 'कर्मचारियों को भुगतान और उनके लिए प्रावधान' में शामिल की गई है.	**3647.26**	**2677.28**	**1982.46**	**69.35**
योजना आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ और वास्तविक प्रतिलाभ का समाधान				
योजना आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	1552.50	1415.60	417.25	383.87

Particulars	Pension Plans		Gratuity	
	CY	PY	CY	PY
Change in Plan Assets				
Opening fair value of plan assets at 1st April 2010	19347.13	17366.99	5126.77	4880.36
Expected Return on Plan assets	1552.50	1415.60	417.25	383.87
Contributions by employer	1815.59	1650.48	508.69	130.28
Contribution from members	599.25	Nil	Nil	Nil
Benefits Paid	(1184.08)	(1540.20)	(650.80)	(305.19)
Actuarial Gains / (Losses)	759.67	454.26	26.05	37.45
Closing fair value of plan assets at 31st March 2011	**22890.06**	**19347.13**	**5427.96**	**5126.77**
Reconciliation of present value of the obligation and fair value of the plan assets				
Present Value of Funded obligation at 31st March 2011	41829.01	27015.65	7657.28	5253.54
Fair Value of Plan assets at 31st March 2011	22890.06	19347.13	5427.96	5126.77
Deficit/(Surplus)	18938.95	7668.52	2229.32	126.77
Unrecognised Past Service Cost (Vested) Closing Balance	985.32	Nil	628.78	Nil
Net Liability/(Asset)	**17953.63**	**7668.52**	**1600.54**	**126.77**
Amount Recognised in the Balance Sheet				
Liabilities	41829.01	27015.65	7657.28	5253.54
Assets	22890.06	19347.13	5427.96	5126.77
Net Liability / (Asset) recognised in Balance Sheet	18938.95	7668.52	2229.32	126.77
Unrecognised Past Service Cost (Vested) Closing Balance	985.32	Nil	628.78	Nil
Net Liability/ (Asset)	**17953.63**	**7668.52**	**1600.54**	**126.77**
Net Cost recognised in the profit and loss account				
Current Service Cost	1216.08	1087.38	280.78	225.74
Interest Cost	2281.46	1922.46	406.54	399.12
Expected return on plan assets	(1552.50)	(1415.60)	(417.25)	(383.87)
Past Service Cost (Amortised) Recognised	381.00	Nil	236.94	Nil
Past Service Cost (Vested Benefits) Recognised	193.75	Nil	675.22	Nil
Net actuarial losses (Gain) recognised during the year	1127.47	1083.04	800.23	(171.64)
Total costs of defined benefit plans included in Schedule 16 "Payments to and provisions for employees"	**3647.26**	**2677.28**	**1982.46**	**69.35**
Reconciliation of expected return and actual return on Plan Assets				
Expected Return on Plan Assets	1552.50	1415.60	417.25	383.87

विवरण	पेंशन योजनाएँ		ग्रेच्युटी	
	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
योजना आस्तियों पर बीमांकिक लाभ / (हानि)	759.67	454.26	26.05	37.45
योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिलाभ	**2312.17**	**1869.86**	**443.30**	**421.32**
